दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, मंगलवार, 6 मई 2025 शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 26 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

भारत से एक और जंग के लिए मरे जा रहे पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति पर सटीक बैठता है, मिर्जा गालिब का यह शेर - इस सादगी पर कौन न मर जाए ऐ गालिब, लड़ते हैं और हाथ में तलवार भी नहीं। भुख्खड़ पाकिस्तान ने पहले ही अपना गोला बारूद तक बेच खाया हैं। उसके बाद जो थोड़ा बहुत गोला बारूद बचा है। उससे वह भारत के साथ बमुश्किल चार दिन ही जंग लड़ पाएगा। ऊपर से पिछले दस दिनों से पाकिस्तान सीज फायर का उल्लंघन कर गोलीबारी करते हुए अपनी गोलियों का स्टॉक भी खत्म कर रहा है। विनाश काले विपरीत बुद्धि।

छत्तीसगढ़ में फैल रहा किंग 'कोबरा' का साम्राज्य, कोरबा के जंगल बने पसंदीदा ठिकाना

किंग कोबरा के आवास और आनुवंशिक अध्ययन की जिम्मेदारी नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी को मिली

ईश्वर चंद्रा

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के जंगलों में किंग कोबरा का साम्राज्य तेजी से विस्तार कर रहा है। वर्ष 2016 में पहली बार कुदमुरा वन परिक्षेत्र में देखे गए इस जहरीले सांप की मौजूदगी अब कोरबा के अन्य क्षेत्रों और पड़ोसी जिलों तक फैल रही है। वन विभाग ने किंग कोबरा के आवास और आनुवंशिक अध्ययन की जिम्मेदारी रायपुर की नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी को सौंपी है।

पांच साल के शोध में बड़ा खुलासा : पांच साल तक चले शोध के बाद सामने आया है कि किंग कोबरा का रहवास अब न केवल कुदमुरा और कोरबा में, बल्कि पसरखेत, बालको और लेमरू क्षेत्रों में भी पाया गया है। इसके अलावा, सरगुजा जिले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नोवा नेचर ने डीएनए टेस्ट की शासन से मांगी है अनुमति

इससे पता चलता है कि कोरबा की जैवविविधता कितनी अनोखी है और इसे सेहजकर रखने की जरूरत है। इनमें विलुप्त होते किंग कोबरा का कोरबा के जंगल में मिलना शोध का विषय है। यह दुनिया में पाए जाने वाले सांपों में सबसे अधिक विषैला होता है। वन विभाग ने इसकी जरूरत समझते हुए किंग कोबरा व अन्य सरीसृपों पर एक व्यापक अध्ययन किया जा रहा है। इसके लिए सरीसृप विशेषज्ञ वर्ष 2021 से शोध में जुटे हैं, जो स्थानीय विवरण और संरक्षण संबंधित समस्याओं पर अध्ययन कर डाटा जुटा रहे हैं। नोवा नेचर ने इसके डीएनए टेस्ट की अनुमति शासन से मांगी है। उद्देश्य यही है कि पता लगाया जा सके कि भारत के पश्चिमी तराई क्षेत्र में पाए जाने वाले किंग कोबरा से यहां पाए जाने वाला सांप कितना भिन्न है। शासन ने अभी इसकी अनुमति नहीं दी है। सर्पों के विविध प्रजाति के विषय में कोरबा जिले की बात करें, तो जशपुर के बाद इसे दूसरा नागलोक कहा जाता है। गांव में इस सांप को पहरचित्ती सांप के नाम से जाना जाता है।

गडकरी ने तेलंगाना में 3,900 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

हैदराबाद (वार्ता)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने तेलंगाना में सोमवार को 3,900 करोड़ रुपये की लागत वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री गडकरी ने कोमाराम भीम जिले के सिरपुर कागजनगर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए आदिलाबाद जिले के अद्वितीय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को स्वीकार किया तथा कहा कि इस क्षेत्र के लोग लंबे समय से भूमि और आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आदिलाबाद सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है तथा यहां रोजगार के अवसरों की सख्त आवश्यकता है।

जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतरा: उपराष्ट्रपति धनखड़

नयी दिल्ली (वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक संकट करार देते हुए कहा है कि स्वस्थ वन स्वस्थ जीवन का आधार हैं। श्री धनखड़ ने सोमवार को सिरसी के वानिकी महाविद्यालय में 'राष्ट्र निर्माण में वानिकी की भूमिका' विषय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि हमें अपने वनों की रक्षा करने और हर संभव तरीके से योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह एक वैश्विक खतरा है और स्थिति चिंताजनक रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा कि वन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि किसी देश के वन अच्छी स्थिति में हैं, तो उसके लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि कृषि हमारी जीवन रेखा है। लेकिन हमें वनों की आवश्यकता है क्योंकि वे जलवायु को नियंत्रित करते हैं, आपदाओं को कम करते हैं, और आजीविका का सहयोग करते हैं ।

केसी वेणुगोपाल पीएसी के अध्यक्ष नियुक्त

नयी दिल्ली (वार्ता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पीएसी का गठन गत 01 मई से प्रभावशील हुआ है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक श्री वेणुगोपाल अप्रैल-2026 तक अध्यक्ष बने रहेंगे। पीएसी सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित संसदीय समिति है, जिसका पुनर्गठन हर साल किया जाता है ताकि सरकारी व्यय के लिए संसद द्वारा अनुमोदित निधियों के विनियोजन का विवरण देने वाले खातों और स्वायत्त और अर्ध-स्वायत्त निकायों के खातों के रूप में संसद के समक्ष रखे गए ऐसे अन्य खातों की जांच की जा सके। समिति नागरिक, रक्षा, डाक, रेलवे और कराधान जैसे विभिन्न विषयों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्टों की भी जांच करती है।

सुशासन तिहार 2025 : सक्ती जिले के बंदोरा गांव में औचक उतरा सीएम का हेलीकॉप्टर

पीपल के नीचे 'लगी' विष्णु चौपाल

- सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आकस्मिक दौरा
- मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर लिमगांव की बजाय सीधे करिगांव के समीप बन्दोरा गांव में उतरा
- मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर खिले ग्रामीणों के चेहरे, हल्दी चावल का तिलक लगाकर महिलाओं ने किया स्वागत

खाट पर बैठकर ग्रामीणों से सीधा संवाद

करिगांव में पीपल के पेड़ के नीचे मुख्यमंत्री ने चौपाल लगाई और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री खाट पर बैठकर सहज वातावरण में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते रहे। ग्रामीणों और विशेषकर महिलाओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत कमल का फूल भेंट कर किया। मुख्यमंत्री ने सभी की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सक्ती जिले के करिगांव में अचानक पहुंचकर ग्रामवासियों को आश्चर्यचकित कर दिया। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर लिमगांव की बजाय सीधे बन्दोरा गांव में उतरा, जिससे प्रशासनिक अमला कुछ समय के लिए असमंजस में पड़ गया। प्रशासन पहले से ही लिमगांव में मुख्यमंत्री की अगवानी की तैयारी में जुटा था, परन्तु मुख्यमंत्री के करिगांव पहुंचने से पूरी व्यवस्थाएं तत्काल वहां स्थानांतरित करनी पड़ीं।

अंतिम व्यक्ति की बात सीधे शासन तक पहुंचे- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुशासन का अर्थ है सीधे जनता के बीच जाकर उनकी वास्तविक स्थिति को समझना और त्वरित समाधान देना। प्रशासनिक व्यवस्था तभी सफल मानी जाती है जब अंतिम व्यक्ति की बात सीधे शासन तक पहुंचे। सक्ती जिले के करिगांव की रहने वाली दिलेश्वरी उस वक्त हैरान रह गई, जब उसने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अपने आंखों के सामने खड़ा देखा। मुख्यमंत्री ने दिलेश्वरी से महतारी वंदन योजना के बारे में पूछा। दिलेश्वरी ने कहा यह योजना उनकी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए संबल का काम करती हैं।

हेलीकॉप्टर सक्ती जिले के बंदोरा गांव में उतरा- दरअसल सुशासन तिहार के दौरान अचानक ही मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सक्ती जिले के बंदोरा गांव में उतरा। यहां से मुख्यमंत्री पास के ही करिगांव पहुंचे और यहां पीपल के पेड़ के नीचे चौपाल लगाई। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने पास के ही पैठू तालाब से कमल का फूल देकर स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने मुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उड़ान भरने से पहले सीएम के हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के चलते वे आकस्मिक दौरे के लिए समय पर रवाना नहीं हो सके। इसके बाद सीएम के लिए दूसरा हेलीकॉप्टर मंगवाया गया, फिर कुछ देर बाद वे पुलिस परेड ग्राउंड से रवाना हुए। आकस्मिक दौरे पर रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम साय ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत अब तक 40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं की जमीनी जानकारी ली जाएगी। मंत्री, सांसद और विधायक भी समाधान शिविरों में जाएंगे। इसके साथ ही वे जिलों का औचक निरीक्षण कर समीक्षा बैठक भी लेंगे। इन औचक दौरों के माध्यम से प्रशासनिक तंत्र में कसावट लाने और सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

सरकार निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू कर 50 फीसदी की सीमा हटाए: कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू कर देश में आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोथिया तथा आदिवासी विभाग के अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार को निजी शिक्षण संस्थानों में कमजोर वर्गों के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल कर उन्हें आरक्षण देना चाहिए और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करनी चाहिए। डॉ जयहिंद ने कहा, ÷हमारे देश में जब मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री और अर्जुन सिंह जी शिक्षा मंत्री थे तब संविधान में

93वां संशोधन हुआ जिसमे एक अनुच्छेद 15(5) बना जिसके तहत दलितों, आदिवासियों तथा सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान हुआ।

उस समय सरकारी संस्थानों में ये आरक्षण लागू हो गया लेकिन निजी संस्थानों के लोग इसे कोर्ट में ले गए, जहां ये मामला चलता रहा है। इस अनुच्छेद में कहा गया कि राज्य को समाज के किसी भी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से वंचित वर्ग के साथ अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुको ने भी आरक्षण पर ये कहा है-

उन्होंने कहा, कांग्रेस चाहती है कि आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा खत्म होनी चाहिए- ये सामाजिक न्याय में सबसे बड़ी रुकावट है। जिस तरह से राहुल जी और कांग्रेस ने सरकार को जातिगत जनगणना कराने के लिए मजबूर किया उसी तरह हम आरक्षण से ये 50 प्रतिशत की सीमा भी हटवाएंगे। सरकार ने जनरल कास्ट को ईडब्ल्यूएस के नाम पर 10 प्रतिशत का आरक्षण दिया, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी मंजूरी दी। इससे ये साफहो गया है कि 50 प्रतिशत की सीमा को भी पार किया जा सकता है। अगर भाजपा सामान्य जाति के लिए ये कर सकती है, तो वंचितों-शोषितों के लिए क्यों नहीं कर सकती।

जापान ने पहलगाम हमले पर दिखाई एकजुटता, कहा भारत को पूर्ण समर्थन

नयी दिल्ली (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जापान ने पहलगाम हमले पर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उसे पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया है। सिंह ने भारत की यात्रा पर आये जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी सैन के साथ सोमवार यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह बात कही।

उन्होंने कहा कि बैठक में रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की गयी। दोनों देशों ने सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए परस्पर सहयोग पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा , नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी सैन से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोग और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश की आंतरिक, बाह्य सुरक्षा मसले पर केन्द्र के साथ हैं: ममता

कोलकाता (वार्ता)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दोहराया है कि आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के मुद्दे पर वह केंद्र सरकार के साथ हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह बात कही। वह स्थिति का जायजा लेने के लिए मुर्शिदाबाद के दौरे पर हैं। उन्होंने 11 और 12 अप्रैल को वक्फ विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रभावित लोगों से भी बात की। सुश्री बनर्जी बरहामपुर में रुककर एक प्रशासनिक बैठक करेंगी। वह लोगों से मिलने के लिए मंगलवार को धुलियान और सुती भी जायेंगी। उन्होंने कहा, हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि हमारी पार्टी (तृणमूल कांग्रेस) ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में प्रत्येक तीन मिनट में एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत

- 2023 में ही 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख से अधिक लोगों की जानें गई

शिमला(वार्ता)। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देश में प्रत्येक तीन मिनट में एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत के मामले सामने आते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में ही 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख से अधिक लोगों की जाने गई। मृतकों में 10,000 बच्चे, 35,000 पैदल यात्री और हज़ारों दोपहिया वाहन सवार शामिल थे। इन दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में लापरवाही, ओवरस्पीडिंग और सुरक्षा मानदंडों की घोर अवहेलना प्रमुख रूप में सामने आई। सबसे चिंताजनक बात यह रही है कि इनमें से 54,000 ने हेलमेट नहीं पहना था जबकि 16,000 लोगों ने सीटबेल्ट नहीं बाँधी थी।

गडकरी ने माना है-सड़क दुर्घटनाओं के पीछे मानवीय भूल एक प्राथमिक कारण

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी स्वीकार किया कि सड़क दुर्घटनाओं के पीछे मानवीय भूल एक प्राथमिक कारण है लेकिन दोषपूर्ण सड़क डिज़ाइन और खराब इंजीनियरिंग को भी इसके लिए ज़िम्मेदार ठहराना गलत नहीं है। वर्ष 2019 से अब तक मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर 13,795 से अधिक ब्लैक स्पॉट्स की पहचान की है फिर भी अब तक केवल 5,000 की ही मरम्मत की गई है जो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुनवाई... संवैधानिक वैधता को दी गई है चुनौती

वक्फ से जुड़े मामले 15 मई को सुनेंगे नए सीजेआई गवई

नई दिल्ली/वार्ता। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई 15 मई को न्यायमूर्ति बीआर गवई के समक्ष निर्धारित की है। बीआर गवई देश के अगले मुख्य न्यायधीश होंगे। ऐसे में याचिका अब उनके सामने ही रखी जाएगी। मौजूदा सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पिछली सुनवाई में अदालत ने कानून के दो मुख्य पहलुओं पर रोक लगा दी थी। 17 अप्रैल को सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार व जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ को केंद्र की ओर से आश्वासन दिया गया था कि वह 5 मई तक न तो वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करेगा, न ही केंद्रीय वक्फ परिषद व बोर्डो में कोई नियुक्ति करेगा। केंद्र ने उसे सुने बिना कानून पर रोक न लगाने का आग्रह भी किया था। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई की तारीख 5 मई तय की थी।



'अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता'

जैसे ही मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ सुनवाई के लिए बैठी तो सीजेआई ने कहा कि कुछ ऐसे पहलू हैं, जिन पर केंद्र ने विचार किया, लेकिन उन्हें स्पष्ट करने की आवश्यकता है। मैं इस अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता। इस मामले की सुनवाई उचित समय पर करनी होगी और यह मेरे समक्ष नहीं होगा।

'जवाबी हलफनामे पर बहुत गहराई से विचार नहीं किया'

सीजेआई ने कहा, 'हमने जवाबी हलफनामे पर बहुत गहराई से विचार नहीं किया है। हां, आपने पंजीकरण (वक्फसंपत्तियों के) के संबंध में कुछ बिंदु उठाए हैं और कुछ विवादित आंकड़े दिए हैं, जिन पर कुछ विचार करने की आवश्यकता होगी।' केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई की सेवानिवृत्ति का संकेत देते हुए कहा, 'हम आपसे (सीजेआई) से बात करना पसंद करते हैं, क्योंकि हर दलील का जवाब होता है, लेकिन हम आपको शर्मिंदा नहीं कर सकते, क्योंकि समय नहीं है। आपके सेवानिवृत्ति के बारे में याद दिलाना दुखद है। सीजेआई ने जवाब दिया, 'नहीं, नहीं, मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।

राजरंग

चलो संन्यासी बन जाएं...

जिंदगी में दुःखम-सुखम चलता रहता है..राजनीति भी जिंदगी का ही हिस्सा है..लेकिन कुछ अलग तरह का पेशा है..चूंकि यहां उठान-गिरान, पेच, खेल खूब चलते हैं, इसलिए यहां का दुःखम-सुखम कुछ अलग ही होता है..लेकिन राजनीतिक जिंदगी के उतार-चढ़ाव से कैडर आधारित पार्टियों के नेता बाकी पार्टियों की तुलना में कहीं ज्यादा दार्शनिक और बेपरवाह होते हैं..क्योंकि कैडर वाली पार्टियों की राजनीति सिद्धांतों पर कहीं ज्यादा टिकी होती है..लेकिन हाल के दिनों में एक पार्टी का अपने सिद्धांत से कुछ ज्यादा ही विचलन हो रहा है..इसलिए उस पार्टी के कई नेता खुद को असहज पा रहे हैं..हाल ही में राजदार से एक बड़े नेताजी की बात हुई..एकांत में हुई बातचीत के बाद नेताजी अपनी पार्टी के सैद्धांतिक विचलन से हताश दिखे..उमर उनकी कुछ ज्यादा नहीं है..लेकिन सिद्धांतों से बदलना और बदले रूख का बचाव करना उन्हें रास नहीं आ रहा है..अकेले में फफक पड़े..कि अब वे पार्टी छोड़ घर बैठ जाएंगे...हालांकि पता चला है कि उनकी मंशा पार्टी के कुछ आलाधिकारियों को पता चल चुकी है..लिहाजा उन्हें मनाने की कोशिश चल रही है...नेताजी के नाम का अंदाजा लगाते रहिए...

श्रेय लेने की होड़...

केंद्र सरकार जब भी अपने स्टैंड से उलट कोई फैसला लेती है..राहुल गांधी तपाक से मैदान में उतर आते हैं..श्रेय लेने के लिए..कि उनकी वजह से ऐसा हुआ..केंद्र सरकार ने जाति जनगणना का फैसला क्या लिया, राहुल गांधी मैदान में उतर आए..कि उनके दबाव में सरकार झुक गई..राहुल ही क्या, पूरी कांग्रेस इसका श्रेय ले रही है। लेकिन इसका श्रेय लेने की होड़ एक और दल के अंदरखाने में खूब लगी है..यह बात और है कि उसकी बात अब तक मीडिया में बाहर छनकर नहीं आई। जनता दल यू फिर एनडीए का घटक है..यानी मोदी की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल है..लेकिन कुछ साल पहले जब वह एनडीए से दूर आरजेडी के साथ गलबहियां किए हुए था, तभी नीतीश सरकार ने बिहार में जाति जनगणना कराई थी..नीतीश कुमार की पार्टी में इन दिनों यह बताने और जताने की होड़ लगी है कि उनकी ही वजह से मोदी जी मान गए और जाति जनगणना के लिए तैयार हो गए...इसमें आगे हैं केंद्र की सरकार में शामिल राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा...संजय झा जेडीयू में जाने से पहले दिल्ली में बीजेपी से विधायक रह चुके हैं, इसलिए उनका दावा ज्यादा मजबूत बन रहा है। जबकि ललन का दावा है कि कैबिनेट मंत्री होने के नाते वे मोदी जी को ऐसे सुझाव देते रहे हैं..श्रेय लेने के इस होड़ को नीतीश कुमार चौकन्नी निगाह से सिर्फ देख रहे हैं...अपनी ओर से उन्होंने अभी तक कुछ नहीं कहा है..

खतरनाक हो सकता है सुझाव

जाति जनगणना के फैसले के बाद सबसे ज्यादा परेशान बाम्हन और ठाकुर जातियों के राजनेता हैं..खासकर दोनों बड़ी पार्टियों के ऐसे नेता...इन दिनों शादियों का मौसम चल रहा है..शादी-विवाह ही ऐसे मौके हैं, जहां नेताओं को पार्टी लाइन की परवाह नहीं होती और अपने विरोधियों से भी मिल लेते हैं..एक विपक्षी नेता के घर शादी में कई पार्टियों के सवर्ण नेता मिले और जाति जनगणना के नफा-नुकसान पर चर्चा करने लगे। सबके अपने-अपने तर्क थे, लेकिन सभी सवर्ण नेता इस बात पर सहमत थे कि अब उनके लिए अपने सवर्ण वोटरों का सामना करना कठिन होगा...इस चुनौती से पार पाने के लिए एक नेता ने गजब का तर्क सुझा दिया...उनका कहना है कि जब भी उन्हें सवर्ण वर्ग के वोटर उलाहना दें तो तुरंत उनका जवाब दीजिए...जवाब ये कि नारायण मूर्ति बाम्हन हैं..लेकिन उन्होंने सरकारी नौकरी की बजाय इन्फोसिस की स्थापना की..माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्य नडेला भी पंडित हैं..उन्होंने सरकारी नौकरी की नहीं सोची..उन्हीं की तरह गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई भी रहे..फिर आप क्यों सोच रहे हो..सरकारी नौकरी ही जिंदगी थोड़े है..उद्योग लगाओ...जिन्हें सुझाव दिया गया..वे देश के उस इलाके से आते हैं, जहां कई बार लोग नेताओं से दो-दो हाथ भी कर लेते हैं..लिहाजा उन्होंने सुझाव सुन तो लिया..लेकिन इसे आजमाने से मुकर गए..

मुट्ठी की रेत माफिक कांग्रेसी थरूर

बीजेपी की कोशिश है..हर हाल में केरल में जीत दर्ज कराना..संघ के बड़े प्रभाव और कार्यकर्ताओं के बड़े नेटवर्क के बावजूद जातीय गणित और स्थानीय नेतृत्व की कमी से बीजेपी राज्य में उलझती रही है..जरूरत पड़ने पर पार्टी बड़े नेताओं को आयातित करने से भी परहेज नहीं करती..असम में हिमंत विस्वसर्मा इसके बड़े उदाहरण हैं..अब लगता है कि केरल में भी बीजेपी उसी राह पर चलने वाली है..लगता है कि उसकी निगाह कांग्रेसी सांसद शशि थरूर पर टिक गई है.हाल ही में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी तिरूअनंतपुरम् में थे..वहां मंच पर स्थानीय सांसद के नाते शशि थरूर भी थे..मंच पर जब पीएम पहुंचे तो उन्होंने हाथ जोड़कर सबका अभिवादन किया..लेकिन शशि थरूर की ओर हाथ बढ़ा दिया..पीएम और थरूर के हाथों के मेल को लेकर केरल की कांग्रेसी राजनीति में उबाल आ गया है..शशि थरूर और राहुल गांधी की अदावत की चर्चा कांग्रेसी गलियारे में खूब चटखारे लेकर होती है...अब इस हाथ मिलाने की भी चर्चा हो रही है..कांग्रेस नेता कहने लगे हैं कि लगता है कि राहुल के हाथ से थरूर फिसल रहे हैं, जैसे मुट्ठी बंधी रहती है और उसमें बंद रेत फिसल जाती है..केरल में अगले साल चुनाव है...तब तक इंतजार करना होगा...कि थरूर फिसलते हैं या नहीं...

आतंक के खिलाफ जंग में भारत के साथ रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने किया पीएम मोदी को फोन

नई दिल्ली। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस ने भारत का साथ देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही।

जायसवाल ने कहा, 'पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके मददगारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति पुतिन को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।'

पहलगाम में आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या की थी

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दहशतगर्दों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। जान गंवाने वालों में ज्यादातर पर्यटक थे। यह हमला 2019 के पुलवामा हमले के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। भारत ने इस हमले के बाद कड़े कदम उठाए हैं। इसमें 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने का एलान भी शामिल है। यह संधि दोनों देशों के बीच जल बंटवारे को लेकर बनी थी।

विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी की थी खास अपील

इससे पहले रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताई थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी जारी है। इस बीच रूसी विदेश मंत्री ने दोनों देशों से संयम बरतने और किसी भी तरह की बढ़त को रोकने की अपील की थी।

पाकिस्तान ने एक बार फिर की साइबर हमले की कोशिश

■ रक्षा संस्थानों को निशाना बनाने का किया दावा

नई दिल्ली। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान लगातार भारतीय संस्थानों को साइबर हमले का निशाना बना रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' नामक खाते ने दावा किया कि उसने भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) से जुड़ा संवेदनशील डाटा चुरा लिया है।

एवीएनएल की वेबसाइट पर दिखा पाकिस्तानी झंडा

सूत्रों के मुताबिक, यह दावा किया गया है कि हैकर्स ने रक्षा से जुड़े कर्मियों की निजी जानकारी और लॉगिन विवरण तक पहुंच बना ली है। इसके अलावा, इस समूह ने रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करने वाली सरकारी कंपनी आर्मर्ड व्हीकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एवीएनएल) की आधिकारिक वेबसाइट को हैक करने की कोशिश की। वेबसाइट पर पाकिस्तान झंडा और 'अल खालिद' टैंक की तस्वीर से दिखाई दी।

जांच में जुटीं साइबर सुरक्षा एजेंसियां

सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से एवीएनएल की वेबसाइट को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है, ताकि वेबसाइट की पूरी तरह से जांच की जा सके और यह पता लगाया जा सके कि कितना नुकसान हुआ है। इस बीच, साइबर सुरक्षा एजेंसियां और विशेषज्ञ लगातार इंटरनेट पर नजर रख रहे हैं, ताकि पाकिस्तान से जुड़े किसी और संभावित हमले को समय रहते पकड़ा जा सके और उससे निपटा जा सके। इस घटना के बाद, सरकार और एजेंसियां साइबर सुरक्षा को और मजबूत करने में जुटी हैं, ताकि आगे इस तरह के हमलों को रोका जा सके और देश के डिजिटल ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ा तनाव

पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। जिसमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई रणनीतिक कदम उठाए। इनमें पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सार्क वीजा में छूट रद्द करना, सिंधु जल समझौते को निलंबित करना, सभी श्रेणियों की डाक सेवाओं को प्रतिबंधित करना भी शामिल है।

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लगी भीषण आग

भोपाल। मध्य प्रदेश के उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर मंदिर के परिसर में भीषण आग लगने की घटना सामने आई। मंदिर के शंख द्वार के ऊपर सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुंआ लगभग एक किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रहा था, जिससे आस-पास के इलाके में हड़कंप मच गया।

आग लगने की जानकारी लगते ही महाकाल मंदिर समिति के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जानकारी मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए गए। आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि आग मंदिर के सीसीटीवी कंट्रोल रूम के ऊपर रखी बैटरी में लगी थी। आग के कारण कुछ देर के लिए दर्शन व्यवस्था रोक दी गई। जब आग पर काबू पा लिया गया, उसके बाद दर्शन फिर से शुरू हुए। आग से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है ना ही कोई हताहत हुआ है। घटना की जानकारी लगते ही कलेक्टर रोशन कुमार, एसपी प्रदीप शर्मा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक सहित नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि यह आग कंट्रोल रूम के ऊपर लगी है। यहां प्रदूषण बोर्ड का एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम लगा हुआ था, जलकर खाक हो गया है। यहां कई बैटरियां रखी थीं, जिनमें आग लगी है। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की 10 लोकशन पर एनआईए की छापेमारी

नई दिल्ली। कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श दल्ला से जुड़े 2024 के नीमराणा होटल फायरिंग हमले के पीछे की साजिश की गहराई से जांच की गई। ये जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (हृद्ब) ने की है। एनआईए की टीम ने शनिवार को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 10 स्थानों पर छापेमारी की है।

बरसाई गईं थीं 35 गोलियां

पिछले साल 8 सितंबर को होटल हाईवे किंग के परिसर के चारों ओर 35 गोलियां बरसाई गई थीं। लोगों को आतंकित करने और धमकाने के उद्देश्य से ऐसा किया किया गया था। बाद में दोनों हमलावरों की पहचान बांबिया गिरोह के सदस्यों के रूप में की गई, जिनका दल्ला के आतंकवादी-

गैंगस्टर नेटवर्क से संबंध था।

इन दहशतगर्दों ने प्रतिबंधित हथियारों का इस्तेमाल किया था और होटल के मालिक और मैनेजर को जबरन वसूली के लिए धमकाया भी था। मैनेजर को पहले भी अंतरराष्ट्रीय नंबरों से कई धमकी भरे कॉल आ चुके थे।

दिसंबर में मामले को अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने हिंसक आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगे आरोपियों और संदिग्धों के परिसरों में की गई तलाशी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी। एनआईए की जांच के अनुसार, ये आरोपी/संदिग्ध नामित आतंकवादी अर्श दल्ला और उसके सहयोगी दिनेश गांधी के इशारे पर वित्तीय सहायता प्रदान करने और हिंसा और आतंक के कृत्यों को अंजाम देने में शामिल थे।

एनआईए की जांच से पता चला कि दल्ला के सहयोगी प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के लिए धन जुटाने के लिए इस तरह के आतंकवादी और हिंसक कृत्यों के माध्यम से जबरन वसूली का सहारा ले रहे हैं। इन गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों द्वारा व्यवसायियों और अन्य टार्गेट की पहचान की गई थी, जो टार्गेट को बड़ी रकम का भुगतान करने के लिए धमकाते और मजबूर करते थे।

'मैं मुर्शिदाबाद पहले भी जा सकती थी लेकिन'

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में स्थिति स्थिर हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि दंगों पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से गृह मंत्रालय को दी गई रिपोर्ट के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

सोमवार दोपहर मुर्शिदाबाद के दो दिवसीय दौरे पर रवाना हुईं सीएम बनर्जी ने कहा कि वह पहले भी दौरा कर सकती थीं लेकिन उन्होंने स्थिति सामान्य होने तक इंतजार करना उचित समझा। मुर्शिदाबाद जाने के लिए हेलीकॉप्टर पर सवार होने से पहले ममता बनर्जी ने कहा, ''मुझे बोस की गृह मंत्रालय को दी गई रिपोर्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं है। राज्यपाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। हम ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।'' इस बीच, सीएम बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, ''हमारी पार्टी आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सरकार के साथ है।''मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं मुर्शिदाबाद पहले भी जा सकती थी लेकिन अगर वहां शांति और स्थिरता नहीं है तो हमें वहां जाकर व्यवधान नहीं डालना चाहिए। मुर्शिदाबाद में स्थिरता बहुत पहले ही लौट आयी है। आज मैं वहां जा रही हूं।'' मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि वह आज दिन में बरहामपुर में जिला समीक्षा बैठक करेंगी। सीएम बनर्जी ने कहा, ''कल मैं हिंसा प्रभावित धुलियान का दौरा करूंगी और उन लोगों को मुआवजा दूंगी जिनके घर और दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।''

टॉय राफेल पर नींबू-मिर्च लटका कर घिरे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हाल ही में एक खिलौना दिखाया था। इस खिलौने पर राफेल लिखा था, जिस पर उन्होंने नींबू-मिर्च लटकाई थी। उन्होंने इस टॉय राफेल को दिखाते हुए केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने पूछा था कि केंद्र सरकार बताए कि वह पाकिस्तान पर कार्रवाई कब कर रहे हैं। हालांकि टॉय राफेल दिखाने के मामले में चारों तरफ से घिरता देख अब अजय राय ने इस पर सफाई दी है। अजय राय ने कहा है कि "मैं बस उनकी (केंद्र सरकार) आंखें खोलना चाहता था और उन्हें दिखाना चाहता था कि देश की जनता आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई चाहती है।"

क्या बोले अजय राय

यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से जब टॉय राफेल विवाद से जुड़ा सवाल पूछा गया। वहीं अपने बयान पर यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा, "पहलगाम में हमारे लोगों को मारने वालों को जवाब देने का समय आ गया है। जब रक्षा मंत्री राफेल की डिलीवरी लेने गए तो उन्होंने राफेल पर नींबू-मिर्च लटका दी। मैं बस उनकी आंखें खोलना चाहता था और उन्हें दिखाना चाहता था कि देश की जनता आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई चाहती है। आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें समर्थन देने वालों का खात्मा होना चाहिए।"

मैं बस उनकी आंखें खोलना चाहता था और उन्हें दिखाना चाहता था कि देश की जनता आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई चाहती है

क्या है विवाद

बता दें कि कुछ दिन पहले ही अजय राय ने एक खिलौना दिखाया था, जिस पर राफेल लिखा था। उन्होंने खिलौने में नींबू-मिर्च भी लटकाई थी। वहीं इस टॉय राफेल को दिखाते हुए अजय राय ने कहा था, ÷देश में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं और इससे पूरा देश परेशान है। पहलगाम आतंकी हमले में हमारे नौजवानों की जान चली गई, लेकिन यह सरकार जो बहुत बातें करती है, कहती है कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। आज आप राफेल लेकर आए हैं लेकिन उसे नींबू-मिर्च बांधकर खड़ा किया हुआ है, वे आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ कब कार्रवाई करेंगे?÷

बीजेपी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

इसके अलावा बीजेपी नेता सुधांशु द्विवेदी ने कहा कि सीमा के उस पार से पाकिस्तान गोलीबारी कर रही है। वहीं देश की सीमा के अंदर कांग्रेस के नेता भी बयानों की गोलोबारी कर रहे हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी और अजय राय इस तरह के बयान दे रहे हैं जो पाकिस्तान के पक्ष लगते हैं। अजय राय नींबू-मिर्ची दिखाते हुए बयान देते हैं। कितने दुख की बात है कि यूपी में गंगा एक्सप्रेसवे पर राफेल विमान ने उड़ान भरी और वहीं बैठकर अजय राय इस तरह के बयान देते हैं।

शिवसेना ने दिया बयान

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के इस बयान पर शिवसेना नेता शाइना एनसी ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी और अजय राय मीडिया का ध्यान खींचने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। बालाकोट के दौरान भी उन्होंने सवाल उठाए थे। जब पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी, तभी वे चुप हो पाएंगे। जब तक वे खिलौनों से खेलते रहेंगे, हम अपना काम करते रहेंगे।'

उसना राईस मिल के प्रदूषित पानी से रतनपुर के तालाब हो रहे हैं नष्ट

तालाबों की नगरी रतनपुर में 50 से भी अधिक हैं निस्तारी तालाब, स्थानीय लोग ही बन गए स्वच्छता के दुश्मन

प्रदीप कुमार गुप्ता

बिलासपुर/रतनपुर/नवप्रदेश। धार्मिक नगरी रतनपुर को तालाबों की नगरी भी कहा जाता है और शासन द्वारा सरोवर को धरोहर बनाने अलग-अलग योजनाएं भी संचालित की जा रही है, लेकिन रतनपुर के स्थानीय उसना राईस मिल की प्रदूषित पानी तालाब में छोड़ी जा रही है, जिससे निस्तारी तालाब पूरी तरह से प्रदूषित हो गई है और अलग-अलग बीमारियां फैलने की संभावना है। जबकि पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उसना राईस मिलों को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की शर्तों के आधार पर ही एनओसी दी जाती है।

जिले में इस समय करीब 20 उसना राईस मिल संचालित हो रहे हैं, लेकिन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलरों द्वारा चालू नहीं किया जाता है। जिले के धार्मिक नगरी रतनपुर में 50 से भी अधिक तालाब हैं, जिन्हें स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर पंचायत रतनपुर द्वारा भी काफी खर्च किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय राईस मिल के गंदे पानी से तालाब काफी प्रदूषित हो रहा है। स्थानीय लोगों के शिकायतों पर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं राईस मिलों के भूसी जलाने से पार्टिकुलेट मैटर और सल्फर डाई आक्साइड उत्पन्न होते हैं जो ढेरों के माध्यम से पर्यावरण में छोड़े जाते हैं। इसके अलावा उत्पादन प्रक्रिया में पानी की खपत भी करती है और अपशिष्ट जल को नालियों और तालाबों में छोड़ दी जाती है। यह अपशिष्ट जल पर्यावरण को काफी अधिक प्रभावित करती है। नियमों के अनुसार प्रदूषित पानी को मिल की जमीन पर ही रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा चिमनी से निकलने वाले धुएं और पानी को फिल्टर करने के लिए ट्रीटमेंट प्लांट लगाना अनिवार्य होता है और यदि कोई मिल इन नियमों का पालन नहीं करता है तो 20 हजार से एक लाख रुपए तक का जुर्माने का प्रावधान है। पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा भी निरीक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही किया जाता है।

उसना राईस मिलों में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दिखावा

जिले में इस समय करीब 20 उसना राईस मिल संचालित हैं, जहां अलग-अलग वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगा हुआ है, लेकिन यह सिर्फ दिखावा ही है। ज्यादातर मिलर्स वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को चालू ही नहीं करते, जिससे गंदा पानी बाहर बहते रहता है। पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा एनओसी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के आधार पर ही दिया जाता है, लेकिन मिलर्स इसका पालन नहीं करते हैं। हालांकि जिले के कुछ उसना मिलें घाटे में चलने के कारण पिछले दिनों बंद हो गया। उसना मिलों के अपशिष्टों में कार्बनिक पदार्थ अधिक मात्रा में होते हैं, जिससे गंभीर पर्यावरण प्रदूषण होता है और स्वास्थ्य में प्रतिकूल असर पड़ता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी उसना राईस मिलों द्वारा फैलाई जा रही प्रदूषण पर संज्ञान लिया है। राईस मिल से निकलने वाले गंदे पानी व जहरीली धुएं से आसपास के लोगों को भी काफी परेशानी होती है।

न्यूज गैलरी

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के शुभारंभ पर क्विज-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 7 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक चलेगा, जिसमें आमजनों के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 7 मई को अरपा रिवर व्यू साइड में शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सुशासन तिहार और शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को शाम 6.30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मनोरंजक सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच शासकीय योजनाओं से संबंधित क्विज, प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा और जीतने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में लोकनर्तक दल की प्रस्तुति होगी, स्थानीय कलाकार नृत्य, गायन, कविता पाठ जैसी प्रतिभाओं की प्रस्तुति दे सकते हैं।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

गांव में राशन दुकान, सड़क निर्माण मुआवजा राशि दिलाने के मिले आवेदन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना और निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन भेजते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

साप्ताहिक जनदर्शन में आज तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत गमजू के सरपंच द्वारा राशन दुकान गांव में ही संचालित करवाने संबंधी आवेदन दिए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण राशन लेने आश्रित ग्राम नवागांव जाते है जो उनके गांव से 7 से 8 किलोमीटर की दूरी पर है। कलेक्टर ने आवेदन खाद्य नियंत्रक को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने कहा। रतनपुर के ग्राम मिलनाडीह निवासी प्रताप सिंह नेताम द्वारा एन एच 130 फोर लेन रोड निर्माण करते समय अधिग्रहित की गई मकान और जमीन की जांच टीम गठित कर मुआवजा राशि दिलवाने कलेक्टर को आवेदन दिया। इस मामले को एसडीएम कोटा देखेंगे। इमलीपारा के व्यवसायियों द्वारा जी प्लस 1 कॉम्प्लेक्स इमलीपारा में दुकानों के पुनर्वास और आबंटन कराने संबंधी आवेदन दिए गए। कलेक्टर ने आवेदन नगर निगम कमिश्नर को भेजा। बिल्हा विकासखंड के ग्राम आमापारा निवासी अन्नू बाई विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन दिए। इस मामले को जिला पंचायत सीईओ देखेंगे। तखतपुर विकासखंड के ग्राम अमसेना में सामुदायिक भवन को अन्यत्र स्थान पर निर्माण करवाने संबंधी आवेदन दिए गए।

पीएम आवास की तीसरी किश्त दिलाने आवेदन

तखतपुर विकासखंड के ग्राम राजपुर निवासी शांति बाई, दुर्गा बाई खांडे और पिंकी बंजारे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त की राशि आबंटित करवाने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिया। ग्राम सेमरताल निवासी व्यसनारायण धीवर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिया। उन्होंने बताया कि सूची में कई दफा नाम आ चुके है लेकिन अब तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इस मामले को जिला पंचायत सीईओ देखेंगे।

मौसम बदलते ही सर्दी, जुकाम के बढ़े मरीज, ओपीडी में 1640 मरीज पहुंचे

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स चिकित्सालय में आज भारी भीड़ देखने को मिली। बीते दो दिनों से मौसम में आए बदलाव के कारण जुकाम, बुखार, खांसी और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

आज ओपीडी में कुल 1640 मरीजों ने पंजीयन कराया, जबकि 135 मरीजों को भर्ती किया गया। चिकित्सालय के अधिष्ठाता डॉ. रमनेश मूर्ति और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लाखन सिंह ने अस्पताल के समस्त वार्डों और ओपीडी का निरीक्षण किया। सुबह से ही पंजीयन काउंटर पर भीड़ बढ़ती देख, चिकित्सा अधीक्षक ने अन्य विभागों के कर्मचारियों की सहायता से पंजीयन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए आभा ऐप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराने की व्यवस्था करवाई। इस व्यवस्था से मरीजों को समय रहते चिकित्सकों से परामर्श लेने, एक्स-रे कराने और ब्लड जांच जैसे कार्यों में सुविधा प्राप्त हुई।

संपत्ति विवाद में भाजपा नेता ने छोटे भाई से की मारपीट

- **परिवार की महिलाओं से की गाली-गलौज और बदसलूकी थाने में की शिकायत**

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता नवीन मसीह पर गुंडागर्दी, मारपीट और दहशत फैलाने का आरोप लगा है। आरोप है कि नवीन ने जमीन विवाद को लेकर अपने ही सगे भाई राकेश मसीह, उनकी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट और बदसलूकी की। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना को लेकर तारबाहर थाने वीडियो के साथ शिकायत की गई है, जिस पर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। मामला पारिवारिक जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। नवीन मसीह और राकेश मसीह सगे भाई हैं। दोनों एक ही मोहल्ले में रहते हैं। दोनों के बीच लंबे समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। जानकारी के अनुसार, राकेश अपना मकान बनवा रहा था, जिसे लेकर नवीन ने आपत्ति जताई। इसी बीच रविवार को यह विवाद हिंसक रूप ले लिया, जब नवीन मसीह अपने साथियों के साथ राकेश मसीह के घर में घुस गया और वहां मौजूद राकेश मसीह उसके परिवार की महिलाओं और बच्चों के साथ गाली-गलौज और हाथापाई करने लगा। इसी उसने परिवार को जान से मार डालने की भी धमकी दी। इस पूरी घटना का वीडियो मोबाइल से रिकॉर्ड हो गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि महिलाएं जान बचाने के लिए चीख रही हैं और बच्चे डरे हुए हैं।

स्थानीय लोगों का फूटा गुस्सा

तारबाहर मोहल्ले के लोगों ने आरोप लगाया है कि नवीन मसीह वर्षों से मोहल्ले में आतंक मचाए हुए है। वह भाजपा नेता होने का धौंस दिखाकर गरीबों और कमजोर वर्ग के लोगों को डराता-धमकाता है। मोहल्लेवासियों के मुताबिक, वह जबरन वसूली, नशाखोरी और महिलाओं से दुर्व्यवहार करता है। स्थानीय रहवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस और प्रशासन पर राजनीतिक दबाव के चलते कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। एक मोहल्लेवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हम कई बार पुलिस में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन हर बार हमें ही थाने में घंटों बैठाकर रखा जाता है। पुलिस राजनीतिक दबाव के चलते उसपर कार्रवाई करने से बचते नजर आते हैं। आरोपी खुलेआम घूमते रहता है। इस मामले में जब तारबाहर थाना प्रभारी कृष्ण चंद्र सिदार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो चुकी है और वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। उनका कहना है कि सभी पहलुओं की जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आज गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोंभ एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब और उत्तर पश्चिम राजस्थान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पूर्वी राजस्थान से उत्तर बांग्लादेश तक मध्य प्रदेश, दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश और झारखंड होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक मराठवाड़ा, तेलंगाना, उत्तर अंदरूनी कर्नाटक होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 6 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ होते ही तापमान में बढ़ोतरी और तेज गर्मी से लोग बेहाल रहेंगे। 10 मई के बाद गर्मी और तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन, तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे विधायक उमेश और देवेंद्र यादव

- **अव्यवस्थाओं के बीच हुई प्रेसवार्ता**

बिलासपुर/नवप्रदेश। 8 मई को कांग्रेस बिलासपुर में एक दिवसीय संविधान बचाओ सम्मेलन करने जा रही है, इसकी शुरुआत प्रदेश स्तरीय बिलासपुर से ही होगी। इस कार्यक्रम की अगुवाई कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट करेंगे। कांग्रेस नेता एवं संविधान बचाओ प्रभारी उमेश पटेल ने प्रेस कांफ्रेंस कर कार्यक्रम की जानकारी दी लेकिन भारी अव्यवस्था के बीच प्रेसवार्ता कराई गई कांग्रेस भवन में हाल में पहले से ही भारी भीड़ लगी थी जिसके बाद पत्रकारों ने कांफ्रेंस करने मना कर दिया। जिसके बाद आनन फानन में जिलाध्यक्ष विजय केसरवानी ने छोटे से हाल में व्यवस्था बनाने की बात कही लेकिन कई पत्रकार कांफ्रेंस शुरू होने के पहले ही चले गए। पूर्व मंत्री और विधायक उमेश पटेल ने कहा कि इसका उद्देश्य देश में संविधान बचाना और जनता को संविधान के प्रति जागरूक करना है। राज्य स्तरीय संविधान बचाओ सम्मेलन बिलासपुर में हो रहा है जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और हमारे प्रदेश के प्रभारी सचिन पायलट उसमें स्वयं उपस्थित होंगे और प्रदेश के सभी नेतागण भी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की तैयारी की एक बैठक रखी गई। संविधान बचाओ सम्मेलन जो है जिस तरह से पूरे देश में जो हमारी संस्थाएं स्वतंत्र संस्थाएं उनको चित्र हाईजैक किया जा रहा है। जिस तरह से उनको अपने मुताबिक काम किया जा रहा है और जिस तरह से आरक्षण के विरुद्ध कार्रवाई होती जा रही है।



सुविचार

आशा और विश्वास कभी गलत नहीं होते। यह तो हम पर निर्भर करता है कि हम किस से आशा करते हैं और किस पर विश्वास करते हैं। - अज्ञात

भारतीय सेना पर भरोसे करे देश

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से पूरा देश एक स्वर में मांग कर रहा है कि पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए भारत उसके खिलाफ बड़ी सैन्य कार्यवाही करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को भरोसा दिया है कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी कार्यवाही जरूर करेगा। इसके लिए उन्होंने भारतीय सेना को पहले ही खुली छूट दे दी है। पीएम मोदी ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर भारत के तीनों सेना प्रमुखों के साथ एक बार फिर बैठक की है और पाकिस्तान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्यवाही को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया है। इधर, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा है कि देश जो चाहता है पाकिस्तान के खिलाफ वह कार्यवाही जरूर होगी। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से पूरे देश में आतंकवाद के जनक पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा देखा जा रहा है। देश की सभी विपक्षी पार्टियों ने भी सरकार की हर कार्यवाही का समर्थन किया है। और वे भी लगातार यह मांग कर रहे हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ जल्द से जल्द और कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। विपक्षी पार्टियों सहित सभी देशवासियों को अपनी सरकार और भारतीय सेना पर भरोसा रखना चाहिए। वह आतंकवाद की जड़ पर कड़ा प्रहार निश्चित रूप से करेगी। किन्तु इसके लिए उचित अवसर की प्रतीक्षा की जा रही है। जाहिर है कि भारत और पाकिस्तान के बीच पांचवीं जंग की संभावना बलवती हो गई है। पाकिस्तान ने तो सीमा पार से जंग की तैयारी भी शुरू कर दी है। पिछले दस दिनों से संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए वह लगातार गोलीबारी कर रहा है। जिसका भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे ही रही है। किन्तु भारत इस बार पाकिस्तान के खिलाफ बहुत बड़ी सैन्य कार्यवाही करने की योजना बना चुका है और इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। भारत यदि चाहता तो पहलगाम की घटना के तत्काल बाद पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्यवाही कर सकता था लेकिन भारत ने ऐसा नहीं किया है तो इसके पीछे भी कोई न कोई कारण जरूर है। दरअसल, पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ है। उसके पीछे भले ही पाकिस्तान का हाथ हैं लेकिन इसका असली मास्टर माइंड चीन है। चीन-भारत की बढ़ती ताकत से न सिर्फ चिंतित है बल्कि वह भारत को जंग में उलझाने की साजिश भी रचता रहा है। इसके लिए उसने पहले तो बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल बनवाया। ताकि भारत बांग्लादेश पर हमला कर दे और जंग में उलझ जाए। किन्तु चीन की इस चाल में नहीं फंसा तो अब उसने पाकिस्तान के कंधे का इस्तेमाल कर भारत पर निशाना साधा है। चीन को यह भरोसा था कि पहलगाम की आतंकी घटना के बाद भारत गुस्से में आकर पाकिस्तान के खिलाफ तत्काल जंग छेड़ देगा। ऐसे में भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा। चीन यह भी उम्मीद कर रहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच जंग की स्थिति निर्मित होने पर भारत के मुसलमान भी अपनी सरकार के खिलाफ हो जाएंगे। ऐसे में भारत के भीतर गृह युद्ध की भी संभावना बढ़ जाएगी। किन्तु भारतीय मुसलमानों ने भारत के प्रति अपनी निष्ठा दिखाई और सभी ने न सिर्फ पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की बल्कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग भी की। इससे चीन की यह चाल भी विफल रही। इस आतंकी हमले के पीछे उद्देश्य को समझ चुका था। इसलिए उसने पाकिस्तान के खिलाफ तत्काल बड़ी सैन्य कार्यवाही नहीं की। किन्तु पाकिस्तान चीन के मकड़ जाल में फंस चुका है और अभी भी वह चीन के हाथों की कठपुतली बना हुआ है। वैसे भी पाकिस्तान के पास खोने के लिए कुछ भी बाकी नहीं है लेकिन भारत पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्यवाही सोच समझकर करना चाहता है। जंग की स्थिति में भारत पाकिस्तान पर बहुत भारी पड़ेगा और पांचवीं बार भी उसे शिकस्त देगा। लेकिन भारत चाहता है कि इस जंग में उसे कम से कम नुकसान हो और पाकिस्तान मिट्टी में मिल जाए। भारत पर पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्यवाही जल्द से जल्द करने का दबाव बनाने वाले विपक्षी दलों को यह नहीं भूलना चाहिए कि इजराइल ने फिलिस्तीन के आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करने में एक माह से भी अधिक का समय लिया था। उसने पूरी तैयारी की और फिर उसने गाजापट्टी का नामोंनिशान मिटाकर रख दिया। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका ने भी उसके यहां हुए 26/11 आतंकी हमले के एक साल बाद इसका बदला लिया था। इसलिए भारत भी उपयुक्त समय आने पर इसका बदला लेगा और वह ऐसा होगा कि पाकिस्तान की सात पुश्तें उसे याद रखेंगी। कहते हैं न कि गर्म खाने से मुंह और हाथ दोनों के जलने का खतरा होता है इसलिए ठंडा करके ही खाना चाहिए। भारत वही कर रहा है ऐसा भी नहीं है कि पहलगाम की घटना के बाद भारत खामोश बैठा हुआ है वह पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कार्यवाही लगातार कर रहा है और कड़े फैसले लेकर पाकिस्तान को आर्थिक रूप से कंगाल बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है। यही नहीं बल्कि पाकिस्तान को दुनिया से अलग-थलग करने की उसकी कोशिशें भी रंग जा रही हैं। पाकिस्तान और भारत के बीच जंग होने की स्थिति में आज अमेरिका और रूस तथा इजराइल सहित अधिकांश देश भारत का साथ देने के लिए तैयार हैं। जो देश तटस्थ रहना चाहते हैं और भारत व पाकिस्तान के बीच जंग की संभावना को टालने के लिए मध्यस्थता की पेशकश कर रहे हैं। उसे भी भारत टका सा जवाब दे रहा है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोपीए देशों को दो टूक शब्दो में कह दिया है कि वे भारत को सलाह न दें। इसी से स्पष्ट हे कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्यवाही जरूर करेगा, देश को इसकी प्रतिक्षा करनी चाहिए।

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

कुछ-कुछ बनाम बहुत कुछ

विजय कुमार गुप्ता

खुद कमाया धन या, बापजी की कमाई है,
विरासत में हुनर, मुश्किल ही जानिए।
कुछ कुछ ही जानते, गंभीर हो बात
जब सियासत के लोग की, थाह नहीं पाइए।
मानते हैं कुछ-कुछ, भाग्य से बहुत कुछ,
सब कुछ की दौड़ से, राह नेक पाइए।
संवाद भी जब करे, विवाद में सब कुछ,
विरासत के पैर से, जमीन ही नापिए।

क्रमशः

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:49, सूर्यास्त : 06:58, चन्द्रोदय : 12:31, चन्द्रास्त : 26:06, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : मघा, योग : ध्रुव, प्रथम करण : बव (07:35 तक), द्वितीय करण : बालव (20:01 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : सिंह (14:01 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:47 से 12:41, अमृत काल : 12:21 से 14:01, रवियोग : 14:01 से 29:30, विजय मुहूर्त : 14:28 से 15:22, गोधूलि मुहूर्त : 18:56 से 19:17, सायाह्न सन्ध्या : 18:57 से 20:00, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:34, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 10:33 से 12:14, दुर्मुहूर्त : 12:41 से 13:34, होमाहुति : शुक्र, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 14:01 से), शिववास : श्मशान में (07:35 से गौरी के साथ)।

राजीव खंडेलवाल

इस घटना ने इस सवाल को फिर से ज्वलंत कर दिया है कि क्या जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा अभी तक न दिए जाना जैसा कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष भी केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया था, जो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है, कहीं एक गंभीर भूल तो नहीं ? क्योंकि यदि राज्य शासन का पुलिस प्रशासन होता, तो निश्चित रूप से 2000 से ज्यादा सैलानियों की भीड़ के लिए कुछ न कुछ पुलिस व्यवस्था तो अवश्य होती जो सामान समानता सामान्यतया तक कोई भी राज्य सरकार करती है, जिससे इस घटना पर कुछ न कुछ प्रतिरोध अवश्य पैदा होता। कहीं अनुच्छेद 370 जिसे एक अस्थायी उपबंध के तहत संविधान में रखा गया था, वह आज भी "पूर्ण रूप" से समाप्त नहीं हुआ है। ठीक इसी प्रकार जम्मू-कश्मीर राज्य को पुनः पूर्ण दर्जे दर्जा दिए जाने का मामला क्या यह अस्थायी व्यवस्था कही स्थायी भाव तो नहीं लेने लगेगी?

उमर की 'नीति व 'भाव' को आत्मसात करने की जरूरत

जघन्य, कायरतापूर्ण पहलगाम आतंकवादी घटना में एक विदेशी नागरिक सहित 26 निर्दोष भारतीय नागरिक शहीद हुए। घटना के पश्चात 'पीएमओ' द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एक स्वर में जो एकजुटता का दृढ़ता से प्रदर्शन किया गया उसने न केवल पाकिस्तान को हिला दिया, बल्कि देश में नागरिकों के बीच 'पाकिस्तान को कड़ा सबक मिलने वाला एक उत्साहवर्द्धक' अच्छा संदेश गया। फलतः आम नागरिक भी दुगने उत्साह से आवश्यकतानुसार देश के लिए अपनी एक आहुति देने के कर्तव्य के प्रति सजग हो गए। लेकिन दुर्भाग्यवश उक्त एकजुटता के प्रदर्शन के तुरंत पश्चात सत्ता और विपक्ष के विभिन्न नेताओं ने अपने बयानों से जो 'रायता फैलाया' इन अज्ञानियों ने राजनीति-खेल खेलने के चलते 'रस में विष घोलने' की जो कोशिश की, उससे उक्त आयी जरूरी एकता में कई दरारें पैदा कर दी। उससे 'मोगाम्बो खुश हुआ' होना स्वाभाविक ही था। बावजूद इसके देश की अवाम मजबूती के साथ एकजुट होकर खड़ी है।

अनुच्छेद 370 हटने के बाद 'कश्मीरियत' भावना का देश के साथ जुड़ाव : इसमें कोई शक नहीं है, पिछले कुछ समय से खासकर अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से पिछले 5 सालों से कश्मीर में हृदय को शीतलता देने वाली शांति आई है। इसके ही सुखद परिणाम दिख रहें है कि वहां फिर से पर्यटन उद्योग 'बूम' हो रहा है। इसी के चलते कश्मीर में अलगाववादी भावनाएं जो पहले ज्यादा प्रबल थी, अब बहुत कमजोर पड़ गई हैं। पहली बार कश्मीरियों ने आतंकवादियों का खुलकर विरोध किया है और हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई के नारे लगे हैं। जबकि इससे पहले तो कश्मीर का हाल यह था कि 'जुल्म भी होते रहे, होती रही फरियाद भी, बागबां भी खुश रहे और खुश रहे सैय्याद भी'। इस स्थिति ने जम्मू-कश्मीर को भारत के अन्य राज्यों के समकक्ष खड़ा कर दिया, जिसकी प्रार्थना, भावना हर हिन्दुस्तानी दिल में है। निश्चित रूप से भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी आई इस शांति के लिए अपनी कश्मीर नीति को श्रेय देकर जरूर अपनी पीठ थपथापा सकते हैं। आंकड़ों की दृष्टि से आतंकवादी 'घटनाओं' अथवा 'शहीदों' दोनों ही मामलों में यूपीए सरकार के कार्यकाल की तुलना में निश्चित रूप से आंकड़ों में कमी आई है, जो शांति की प्रगति की ओर संकेत करती है। यही नहीं। कश्मीर में जिस तरह से कश्मीरियत पहली बार हिंदुस्तान के दिल व आत्मा में 'मर्ज' (मिलती) हुई दिखाई दी, जो अटल बिहारी वाजपेयी के 'कश्मीरियत- जम्हूरियत- इंसानियत' के सपने को साकार करती हुई एक सुखद, अप्रत्याशित, आश्चर्यजनक स्थिति है। परन्तु जैसा कि कहा जाता है कि 'मोर के खूबसूरत पंख ही उसकी मौत का कारण बनते हैं'। इस सुखद शांतिपूर्ण भाईचारा की स्थिति को पलटने के लिए ही पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों द्वारा उक्त पहलगाम की घटना को अंजाम दिया गया। इसे समस्त राजनीति करने

वाले भारतीयों को समझ लेना चाहिए, कि ऐसी आतंकवादी वारदातों का मुंहतोड़ और 'फैसलाकुन' जवाब देने के लिए आपसी मतभेदों से ऊपर उठना ही होगा। हालांकि इन आतंकियों की हैसियत भी हमें पता है- 'न ख़ंजर उठेगा न तलवार इनसे, ये बाजू हमारे आजमाए हुए हैं'।

उमर अब्दुल्ला का अद्भुत गैर राजनैतिक, भावनात्मक दिल को छू देने वाला भाषण : ऐसी स्थिति में केंद्र प्रशासित राज्य जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जिनके पिता फारूक अब्दुल्ला और दादा शेख अब्दुल्ला भी प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, द्वारा राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर, राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत जो भावनात्मक व रचनात्मक भाषण दिया, वह न केवल काबिले तारीफ है, बल्कि आज के राजनीतिक वातावरण में जहां हर कार्य को राजनीति की 'गिद्ध दृष्टि' से देखे जाने की परिपाटी, नियम सा बन गया है। वहां ऐसे भाषण की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। खासकर उन पुरानी परिस्थितियों को देखते हुए जब अब्दुल्ला परिवार के तीनों व्यक्ति के मुख्यमंत्री रहते हुए या न रहते हुए पूर्व में उनके जो भी बयान आते थे, उनमें कश्मीरियत और भारतीयता अलग-अलग झलकती थी। कहा भी है न कि 'बाज के बच्चे मुंडेरों पर नहीं उड़ा करते'। पहली बार उक्त भाषण से तथा स्थानीय कश्मीरियों के पहलगाम की घटना के प्रति खुले असंतोष व विरोध की प्रतिक्रिया से कश्मीरियत भारतीयता में समावेश हो गई है, जिसे बनाये रखने की जिम्मेदारी हर भारतीय के साथ समस्त राजनैतिक पार्टियों की है। केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण जम्मू कश्मीर की पुलिस व्यवस्था से लेकर अन्य समस्त सुरक्षा बल सब केंद्रीय सरकार के अधीन हैं। हालांकि यह सच है कि 'कज़ा के आगे किसी की औकात नहीं'।

मतलब कश्मीर की आंतरिक सुरक्षा हो या बाह्य, उसकी पूरी जिम्मेदारी भारत सरकार के गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय की है। इस कारण से पहलगाम घटना की पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर आती है। बावजूद इसके विधानसभा में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आधार पर कि मुख्यमंत्री होने की हैसियत से 'मैंने इन लोगों को दावत दी थी', अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार कर बड़प्पन का परिचय दिया। उन्होंने कहा मेरे प्रदेश में देश के विभिन्न अंचलों से आए नागरिक जो शहीद हुए हैं, उन्हें मैं सुरक्षा देने में विफल रहा हूं।

मेरे पास माफी मांगने के अल्फाज भी नहीं थे। मैं इस मौके का इस्तेमाल 'स्टेट हूड' की मांग के लिए नहीं करूंगा। सुरक्षा व्यवस्था अपने अधीन न होते हुए भी खुद घटना की जिम्मेदारी लेना एक ओर तो उमर की 'दरियादिली' को दर्शाता है, तो 'कथित रूप से' सुरक्षा देने में विफलता उनकी 'बेचारगी' भी दिखाती है। याद कीजिए 26/11 की मुंबई की आतंकवादी घटना के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने सदन में न केवल माफी मांगी थी, बल्कि केंद्रीय गृहमंत्री व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तक के इस्तीफे हो गये थे। वैसे ही जिम्मेदारी स्वीकार करने की आवश्यकता आज के नेतृत्व की तब और ज्यादा हो जाती है, जब जम्मू कश्मीर एक केंद्र प्रशासित राज्य है। मुख्यमंत्री के उक्त बयान पर सोने पर सुहागन, तब हो जाता है, जब नौसेना के अधिकारी शहीद विनय नरवल की विधवा ने मात्र 6 दिन बाद 1 मई को उनके जन्मदिवस के अवसर पर यह कहा कि हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के विरुद्ध भावनाएं भड़काएं। हम सिर्फ शांति और न्याय चाहते हैं। शहीद की विधवा का उक्त कथन तथाकथित देश के मेनस्ट्रीम कहे जाने वाले मीडिया के लिए एक तमाचा है, जो दिन रात पहलगाम की घटना को लेकर हिंदू-मुस्लिम कर पाकिस्तानी एजेंडे का खिलौना बन रहे थे। मुख्यमंत्री के बयान पर अपने को हिंदी सम्राट कहे जाने वाले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सबको आश्चर्यचकित कर देने वाला देते एक तड़का तब लगा देते हैं, जब वे मुस्लिम शहीद सैयद शाहिद आदिल हुसैन शाह के परिवार को मकान बनाने की घोषणा के साथ 5 लाख रुपए अनुकंपा राशि देते हैं ।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1632 में 6 मई के दिन शाहजी को हराने के लिए मुगल बादशाह शाहजहां और आदिलशाह के बीच एक संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे।1739 में आज ही के दिन चिमाजिअप्पा के नेतृत्व में, मराठों ने वसई अभियान पर विजय प्राप्त की और उत्तरी कोंकण को। मराठा साम्राज्य में लाया। 1840 में आझ ही के दिन दुनिया की पहली गोंद लगी डाक टिकट 'पेनी ब्लैक' का ग्रेट ब्रिटेन में इस्तेमाल हुआ था। 1857 में आज ही के दिन ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल नेटिव इंफैंटरी की 34वीं रेजिमेंट को भंग किया। रेजिमेंट के सिपाही मंगल पांडेय ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया था। 1910 में आज के ही दिन जॉर्ज पंचम, पिता एडवर्ड सप्तम की मृत्यु के बाद ब्रिटेन के सम्राट बने थे।1997 में 6 मई को ही बैंक ऑफ इंग्लैंड को स्वायत्तता दी गई थी। 1999 में आज ही के दिन महाराष्ट्र राज्य के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय लिया गया था। 2001 में आज ही के दिन पोप जॉन पॉल द्वितीय ने सीरिया में मस्जिद का दौरा किया था और वह किसी मस्जिद में जाने वाले पहले पोप थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चूल्हा मिट्टी का

चूल्हा मिट्टी का मिट्टी तालाब की तालाब ठाकुर का। भूख रोटी की रोटी बाजरे की बाजरा खेत का खेत ठाकुर का । बैल ठाकुर का हल ठाकुर का हल की मूठ पर हथेली अपनी फ़सल ठाकुर की। कुआँ ठाकुर का पानी ठाकुर का खेत-खलिहान ठाकुर के गली-मुहल्ले ठाकुर के।।

- कमलकांत डोंगरे

जातिगत जनगणना

जातिगत जनगणना का शुरू से विरोध में रहे हम, पर जबतक मोदीजी व पार्टी विरोध में थी तबतक वह सही था पर अब सरकार ने स्वयं यह कराने की घोषणा की तो विरोध देशद्रोह होने लगा।

- गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

खास पाती

बहुत तकलीफ होती है जब

बहुत तकलीफ होती है जब कोई अपना चोट देता हैनहीं समझता है हमें इंसान , भावनाओं को हमारी खिलौना समझता है हँसी हमारी बर्दाश्त नहीं होती है उन्हेंरुलाने के हमें बहाने ढूंढ़ता है !हमारी अच्छाई को बताता है चालाकी नीचा दिखाने के बहाने ढूंढता है! खामोश रहते है हम ये सोचकर कि वो हमारे अपने है मगरहमारी खामोशी को भी वो आजमाने लगते है खामोशी तोड़कर जब हम उन्हें आईना दिखाने लगते है तब वही अपने आइने से घबराने लगते है !! - **रूबी प्रसाद**

घाव जो तुमने दिये हैं वो तुम्हे क्या याद

घाव जो तुमने दिये हैं वो तुम्हे क्या याद हैं आंसुओं को पी रहे हम आज तक बरबाद हैं साजिशें कर यूं मिटाया है हमें सब खो दिया, आँख में वीरानियां हैं और चुप फरियाद हैं आग तुमने जो लगाई वो अभी तक जल रही, बस धुआँ है बेबसी का,और गम,अवसाद हैं कुछ बताया भी नहीं क्या दोष था क्यों दी सजा, क्यों दिलो में नफ़रतें ये इस कदर आबाद हैं जिन्दगी को मौत देकर मातमी धुन सुन रहे, घर,गली,कूचे तुम्हारे क्या बचे आबाद हैं खून बहता देखकर खुश हो रहे हो क्यों भला, खून पर उनके,दिशायें सब दुखी नाशाद हैं - **शालिनी शर्मा**

कुछ आत्माएं जो सदियों आपकी

कुछ आत्माएँ जो सदियों आपकी पोस्ट पर न आई हों, आपकी रचनाधर्मिता से जिनका कोई सरोकार न हो, उन अदृश्य महान आत्माओं के दर्शन करने हों तो मोदी जी के फेवर में कुछ लिख दो, पक्का वो ऐसे आएँगी, जैसे किसी पहुंचे हुए ओझा ने उनको शीशी में भरने के लिए झाड़ा दिया हो - **आशा पांडेय ओझा**

मेरे दिल में उतर गया कोई, मेरी

मेरे दिल में उतर गया कोई, मेरी बर्बादी पे हंसा कोई। मज़हबी नारे फिर गरजने लगे, मुल्क में जंग चाहता कोई। रिश्तों का सूर्य बादलों से घिरा, गो उजालों को काटता कोई। ग़ैरों से थोड़ी दूरी वाजिब है, अपनों की मांग मानता कोई। अब छतों पे परिंदे दिखते नहीं, तेज आवाज से डरा कोई। अपनी बीमार माँ की सेवा करो, रुपियों पैसों से भी बड़ा कोई। नौकरी से भली किसानी है, धरती को अपना मानता कोई। - **संजय दानी**

मोदी सरकार ने जाति जनगणना

मोदी सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला लिया है. कांग्रेस भले ही इसे राहुल गांधी की जीत मानकर खुश हो ले, लेकिन ये वास्तव में सुशासन बाबू की जीत है. और वो अब कहीं नहीं जाएंगे इस बात की गारंटी है. आप लोगों को याद दिला दूं कि इसके पहले मोदी सरकार ने 2018 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए पहले ज्यादा सख्त एससी-एसटी एक्ट लागू किया था. तब एनडीए में शामिल दलित नेताओं का सरकार पर ऐसा करने दबाव था। - **अनिल पांडेय**

मत कर सजदा हर जगह से आसमान

मत कर सजदा हर जगह से आसमान की मत झुक तू हर किसी दरबार में मत कर पूजा तू हर एक पत्थर की एक जरा आंखें बद कर देख जरा मन की नजरों से कैसे पहचानेगा तू कौन भगवान कौन शैतान है कब झुकना तेरी पूजा होगी कब सजदा करते करते तू बन जाएगा पाप का गुलाम मत कर सजदा हर जगह से आसमान की। - **प्रीति श्रीवास्तव**

QUIZ TIME

1) बेतवा नदी का प्राचीन नाम क्या था?

2) किस देश ने अंतरिक्ष में कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है?

3) स्वतन्त्रता आंदोलन में निवाड़ी जिले की थौना-लुहारी गोलीकाण्ड की घटना कब घटित हुई थी?

4) 42वें संवैधानिक संशोधान अधिनियम (1976) द्वारा संशोधित किया गया है, जिसमें कौन-सा शब्द जोड़ा गया है?

5) शाजी एन. करूण का हाल ही में निधन हो गया। वह किससे संबंधित थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) वेत्रवती (2) चीन (3) 1939 (4) समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता (5) फिल्म निर्देशक और छायाकार

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन अशांति से भरा रहेगा। दिन के आरंभ में ही किसी परिजन अथवा आस-पड़ोसी से कलह होने की संभावना है।

वृषः आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी दिन के आरंभिक भाग में किसी महत्त्वपूर्ण व्यक्ति से भेंट की योजना बनाएंगे लेकिन इससे उतना लाभ नही होगा।

मिथुनः आज के दिन आप भाग-दौड़ की जिंदगी से बचने का प्रयास करेंगे लेकिन किसी ना किसी कारण से आज ज्यादा ही करनी पड़ेगी।

कर्कः आज दिन भर चंचलता मन पर हावी रहेगी बच्चों जैसी बातें कर हास्य के पात्र बनेंगे लेकिन आज का दिन कार्य व्यवसाय से शुभ फल दिलाएगा।

सिंहः आज के दिन आप परस्पर सम्बंधो को लेकर चिंतित रहेंगे।

कन्याः आज का दिन आशाजनक लाभ दिलाएगा किसी पुराने कार्य के पूर्ण होने पर उत्साह से भरे रहेंगे। स्वभाव भी परोपकारी रहने से किसी के कार्य को मना नही करेंगे।

तुलाः आज आप जिस भी कार्यो को करेंगे विशेषकर सरकार संबंधित उनके आरंभ में उलझने ज्यादा बढ़ेंगी लेकिन हतोत्साहित ना हो प्रयास करने में कसर ना रखें।

वृश्चिकः आज आपका मन धार्मिक भावो से भरा रहेगा लेकिन अन्य आवश्यक कार्य रहने से ज्यादा समय नही दे पाएंगे।

धनुः आज दोपहर तक सेहत संबंधित समस्याओं के कारण मन खराब रहेगा। उत्साह की कमी के कारण लाभ-हानि की परवाह नही करेंगे।

मकरः आज का दिन कार्यसफलता देने वाला है। जिस भी कार्य को करें दृढ़ निश्चय के साथ करें विजय अवश्य मिलेगी।

कुंभः आज का दिन वृद्धिकारक रहेगा। आज प्रातः काल से ही मन मे धन प्राप्ति की तिकड़म लगी रहेगी।

मीनः आज के दिन आप अपनी बुद्धि बल से ही सफलता पा सकते है। लेकिन आपकी मानसिकता बैठे बिठाये लाभ पाने की रहेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुँचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 038 का हल

संक्षिप्त खबरें

पारिवारिक मिलन समारोह में हास-परिहास में भारी पड़ीं महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के क्षत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में मिडिल स्कूल ग्रुप (1977) के पारिवारिक मिलन समारोह में शामिल हुए लोगों ने खूबधूम- मस्ती के साथ विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। इस मौके पर हाल ही में अपनी-अपनी सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए शौकत इकबाल, सुबोध अग्रवाल और रविंद्र ठेंगड़ी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अवतार सिंह ने पत्नी गजेंदर कौर का जन्मदिन मित्र समूह के साथ धूमधाम से मनाया। ग्रुप के मुखिया भागचंद झाबक ने बताया कि बुक क्रिकेट में महिलाओं का उत्साह देखने के लायक रहा। रविंद्र और रचना ठेंगड़ी के माध्यम से खेले गए इस रोमाचंक मैच में महिलाओं की टीम ने पुरुषों पर 26 रनों की शानदार जीत हासिल की। महिलाओं ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 150 रन बनाए। 151 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुरुषों की टीम का पहला विकेट शून्य पर और शुरुआती तीन विकेट महज 11 रन पर गिर गए। फिर एक के बाद एक विकेट गिरते गए और पूरी टीम 125 रनों पर सिमट गई। मैच के स्कोरर सुबोध अग्रवाल रहे।

शिवाजी, अहिल्या बाई, सावरकर को पाठ्यक्रम में शामिल करने डॉ. रमन ने की पहल, आभार : काले

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि हमने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से क्षत्रपति शिवाजी महाराज, पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या बाई और स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की थी। हमारे मांग पत्र को महत्व देते हुए स्पीकर ने संबंधित विभाग को अपनी ओर से अनुशंसा का पत्र भेजते हुए इस पर तत्काल प्रक्रिया शुरू करने कहा है। इसके लिए महाराष्ट्र मंडल डॉ. रमन सिंह का आभारी है। शंकर नगर स्थित विधानसभाध्यक्ष आवास पर वीर सावरकर की जीवनी पर लिखी पुस्तक का विमोचन स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सावरकर को समझना है, तो ज़िन्दगी में एक बार अंडमान में जरूर जाएं और अपने जीवन को धन्य करें। आजकल के नेता दो माह जेल में रहते हैं और 15 माह न्यूज में रहते हैं। वहीं सावरकर जैसे देशभक्त आज भी राष्ट्र प्रेम की ज्योत जगा रहे हैं। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि स्वातंर्त्य वीर सावरकर ने राष्ट्र प्रेम समाज जागरूकता के लिए राजनीति में सुधार के लिए 1904 में अभिनव भारत की स्थापना की थी। उन्होंने इसके माध्यम से युवाओं में राष्ट्र प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाई थी। वर्तमान में भी भारत के उज्वल भविष्य के लिए युवाओं के साथ विनायक दामोदर सावरकर के विचारों को प्रसारित करने के लिए 'अभिनव भारत' स्थापित करना चाहिए इसलिए 15 फरवरी को महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित महापौर व पार्षदों के सम्मान समारोह में हमने मंच पर डॉ. रमन के समक्ष महापौर मीनल चौबे से रायपुर के व्यस्ततम क्षेत्र वाले चौराहे पर वीर सावरकर की प्रतिमा लगाने की मांग कर चुके हैं। हमें उम्मीद है कि नगर निगम हमारी मांग के अनुरूप वीर सावरकर की प्रतिमा लगाने के लिए यथोचित स्थान चयनित कर आगे की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाएगा।

छग सिक्ख समाज का आतंक के खिलाफ कड़े निर्णय के प्रति प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए सख्त कदमों का समर्थन किया है। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो कड़े निर्णय लिए जा रहे हैं वह समय की आवश्यकता है

समर्थन का कारण: - आतंकवाद के खिलाफकड़ा रुख है। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कड़े रुख की सराहना की है। सिंघोत्रा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में प्रधानमंत्री का नेतृत्व देश के लिए महत्वपूर्ण है।

ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान जारी

रायपुर/नवप्रदेश। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ रायपुर पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इस शनिवार देर रात, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर 09 शराबी वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सभी चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें कोर्ट प्रस्तुत किया गया, वहीं उनके लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया भी परिवहन कार्यालय भेजी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में की गई। शहर के श्रीराम मंदिर, फुण्डहर चौक और एयरपोर्ट टर्निंग (नवा रायपुर) में रात 11 बजे से 2 बजे तक बैरिकेडिंग कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। रायपुर पुलिस के अनुसार, ड्रंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालक यातायात व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है और यह न केवल उनकी अपनी बल्कि दूसरों की जान के लिए भी जोखिम भरा होता है। पिछले तीन महीनों में 349 से अधिक शराबी चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा चुकी है, जिनमें से अधिकतर मामलों में न्यायालय द्वारा 10,000 का जुर्माना लगाया गया है और वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई है।

डॉ. कुजुर के स्थानांतरण से मनेन्द्रगढ़वासियों में रोष

रायपुर/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीबीएस में कार्यरत डॉ. सीबीएस कुजुर के स्थानांतरण से स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। नागरिकों ने शिकायत की है कि अस्पताल में काफी साफ-सफाई और उत्कृष्ट थी। नेताओं ने आरोप लगाया कि उनका स्थानांतरण दुर्भावनावश चांपा-जांजगीर कर दिया गया है।

अरुण साव ने दोदिवसीय 'नगर सुराज संगम' कार्यशाला का किया शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों को किया संबोधित

सफाई में इंदौर मॉडल को अपनाने पर दिया जोर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राजधानी रायपुर के होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में 'नगर सुराज संगम' कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय कार्यशाला प्रदेश के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ आगामी 5 वर्षों की शहरी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित की गई है।

कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान अरुण साव ने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा, इंदौर अगर सफाई में आगे हो सकता है, तो छत्तीसगढ़ के नगर निगम भी आगे बढ़ सकते हैं। बस जरूरत है संकल्प और समर्पण की।÷ उन्होंने 14 नगर निगमों को ÷छत्तीसगढ़ के 14 रत्न÷ बताते हुए विश्वास जताया कि अगले पांच वर्षों में ये शहर देश-विदेश में पहचान बनाएंगे।

योजनाओं की सफलता के लिए जनता से जुड़ाव आवश्यक: अरुण साव - अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि ÷बड़े भवन बनाना ही विकास नहीं, बल्कि योजनाओं की उपयोगिता तब सिद्ध होती है जब वे जनता की वास्तविक जरूरतों पर आधारित हों। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को याद दिलाया कि जनता ने उन्हें भरोसे और उम्मीद के साथ चुना है, इसलिए उनकी जिम्मेदारी है कि वे शहर की हर गली, व्यक्ति और समस्या से जुड़ें।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर सुराज का उद्देश्य योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित रखना नहीं है, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारना है। उन्होंने प्रातः भ्रमण, मोहल्लों में संवाद और नागरिकों से जुड़कर योजनाएं तैयार करने की सलाह दी।

जल संकट और पर्यावरण संरक्षण पर चिंता- अरुण साव ने जल संकट और पर्यावरण संरक्षण को लेकर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि जल स्तर का गिरना गंभीर विषय है और वर्षा जल संचयन योजनाओं में जनभागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने पुराने कुओं और पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन की बात कही और बताया कि प्रत्येक मोहल्ले में जल टैंक व सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे ताकि हर घर तक नलजल की सुविधा पहुंचे।

उन्होंने शहरी मानसून तैयारियों, जलभराव से निपटने की रणनीति, और पीएम आवास योजना को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि गरीबों को घर देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अब उस शहर को कुछ लौटाने का समय है- अरुण साव ने जनप्रतिनिधियों कहा, यह जिम्मेदारी सिर्फ पद की नहीं, बल्कि जनविश्वास की है। जनता ने परखा है, जांचा है, तब आप पर भरोसा किया है।÷ उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यों से ऐसी मिसाल बनाएं जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखें। उन्होंने कहा, महापौर या सभापति बनना मंजिल नहीं, यह तो सिर्फ एक पड़ाव है। आपके फैसले आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेंगे।

जवाबदेही और सेवा भावना की आवश्यकता

डिप्टी सीएम ने जनप्रतिनिधियों को आह्वान किया कि वे नगर निगमों को जवाबदेह बनाएं और आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने सुझाव दिया कि नागरिक जुड़ाव अभियान चलाया जाए, ताकि हर व्यक्ति से सीधा संवाद स्थापित हो सके। उन्होंने कहा, जब जनता उम्मीद भरी निगाहों से देख रही हो, तब सेवा और संकल्प के साथ जवाबदेही निभाना आवश्यक है।

सुशासन तिहार : राजधानी में कल लगेगा समाधान शिविर

- 15 हजार से अधिक आवेदन मिले, शिकायतें कम मांग ज्यादा
- 5 अपर आयुक्त करेंगे 10 वार्डों की समस्याओ का समाधान

सुशासन तिहार 2025

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार का तीसरा चरण आज से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सक्ती जिले के करिगांव का औचक निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। राजधानी में पहले चरण का समाधान शिविर 7 मई से शुरू हो जाएगा। पहला शिविर शहीद स्मारक में लगाया जाएगा।

प्रदेश में सोमवार से सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विभिन्न जिलों का औचक निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। आज सबेरे सक्ती जिले के करिगांव में पहुंचे। यहां पर उन्होंने पीपल पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। राजधानी में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत समाधान शिविर का आयोजन 7 मई से किया जाएगा। नगर निगम के आयुक्त के निर्देशानुसार 5 अपर आयुक्त कृष्णा खटिक, विनोद पांडेय, राजेन्द्र गुप्ता, एवं बी.के.बामरा को 10 वार्डों की समस्या सुनने का दायित्व सौंपा गया है। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार राजधानी में शिकायत कम मांग ज्यादा आई है। इसे दो भागों में बांटा गया है, शिकायत के तहत साफ-सफाई, नाला का निर्माण नहीं होना एवं विद्युत सहित अन्य समस्याएं हैं, जबकि मांग के सड़क, नाली, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, गरीबी रेखा में नाम जुड़वाना प्रमुख है। नगर निगम के पास करीब 15 हजार से अधिक शिकायतें आई है। अब इनका निराकरण करने के लिए समाधान शिविर लगाया जाएगा। पहला शिविर 7 मई को शहीद स्मारक में होगा, जिसमें जोन क्रमांक 2 की समस्याएं सुनी जाएगी। जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाले मुकुटनगर, ठाकुर प्यारेलाल वार्ड, माधवराव सप्रे एवं खूबचंद बघेल वार्ड, प्रोफेसर कॉलोनी, डी.डी. नगर की समस्याओं के लिए 10 मई को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात वार्ड अनुसार शिविर लगाया जाएगा। अधिकारी अपने स्तर पर समस्या का समाधान करेंगे। अधिकारियों के अनुसार शासन को कई मांग जिसे नगर निगम नहीं कर सकता है, उसे भेजना होगा।

राजेश्वरी पटेल बनीं जोन क्रमांक 8 की प्रभारी

नगर निगम में जोन कमिश्नर की नियुक्ति को लेकर राजनीति चल रही है। जोन कमिश्नर पार्षदों दबाव में काम करना नहीं चाहते हैं। इसलिए सीनियर सीएमओ जोन कमिश्नर नहीं बनना चाहते। जोन क्रमांक 8 में बाम्बरा के स्थान अब जोन क्रमांक की प्रभारी राजेश्वरी पटेल को प्रभार सौंपा गया है। वहीं जोन क्रमांक 7 में राकेश शर्मा और जोन क्रमांक 5 में सागर क्षीरसागर नायक एवं विवेकानंद दुबे को जोन क्रमांक 10 का प्रभार सौंपा गया है।

राजधानी में पेयजल समस्या को देखते हुए पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत के निर्देश पर पेयजल समस्या निराकरण के लिए एक कमेटी बनाई गई है।

भीषण गर्मी में ट्रेनों के घंटों लेट और रद्द होने से यात्री परेशान

- बॉम्बे हावड़ा रेल लाइन में तीसरी लाईन का चल रहा काम

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर से होकर गुजरने वाली कई लंबी दूरी की गाड़ियों के रद्द होने और घंटो लेट होने के कारण यात्रियों को कॉफी परेशानी हो रही है। लंबी दूरी गाड़ी समरसता एक्सप्रेस 10 घंटे देरी से चल रही है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ के पास तथा झारसुगड़ा के बीच तीसरी लाईन के निर्माण का कार्य चल रही है। इसलिए मुम्बई हावड़ा मार्ग की सभी गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रही हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार आज विभिन्न गाड़ियों के रद्द होने से यात्रियों को कॉफी परेशानियां हुई है। दक्षिण भारत, बिहार तथा गुजरात एवं बिलासपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को अपना आरक्षण रद्द कराना पड़ा, जिसके कारण यात्री गर्मी में हलाकान होते रहे।

रेलवे सूत्रों के अनुसार ये गाड़ियां आज रद्द रहेंगी, जिनके नाम क्रमशः रायगढ़ हजरत निजामुद्दीन, गोंदिया रायगढ़ गोंदिया एक्सप्रेस, बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत, बिलासपुर एर्नाकुलम एक्सप्रेस, जसीडीह-वास्कोडिगामा एक्सप्रेस और सूरत-मानदाटाउन एक्सप्रेस 5 मई को रद्द रहेगी।

सुशासन तिहार पर कांग्रेस का तंज

पीसीसी चीफ बैज बोले- गांव से लेकर शहर तक सरकार फेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसढ़ में सुशासन तिहार को लेकर कांग्रेस ने साय सरकार पर तंज कसा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सुशासन तिहार को सरकार का टाइम पास बताया। उन्होंने कहा, डेढ़ साल में चालीस लाख आवेदन को सरकार के फेलियर को बताता है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार के सुशासन की पोल खोल दी है। पीसीसी चीफ बैज ने कहा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सरकार को चिट्ठी लिखकर सुशासन की पोल खोल रहे। सुशासन तिहार में इतना आवेदन आना मतलब सरकार ग्रामीण से शहर तक फेल है. किसी आवेदन का निराकरण नहीं होगा. गर्मी में सरकार सिर्फ़ टाइम पास कर रही है।

बता दें कि मेकाहारा के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में लंबे समय से बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी की सेवाएं बंद होने की वजह से लंबे समय से मरीजों का हाल मीडिया से बयां किया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर इन सेवाओं को तत्काल बहाल करने की मांग की थी।

ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कैट का राष्ट्रव्यापी आंदोलन : अमर पारवानी

- व्यापारी ई-कॉमर्स कंपनियों के विरुद्ध तीव्र आंदोलन के मूड में

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू , प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), जो देशभर के 9 करोड़ से अधिक छोटे व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, ने 16 से 18 मई 2025 तक नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश के वृंदावन में एक निर्णायक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की घोषणा की है। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। इसका उद्देश्य विदेशी निवेशित अमेज़न, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, ज़ेप्टो और अन्य प्रमुख ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक और अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाना और उसे सक्रिय करना है।

ये लगाए मुख्य आरोप

एफडीआई का दुरुपयोग :- कैट का आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास के बजाय घाटे की भरपाई और चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से गहरे छूट देने के लिए किया है, जो FDI मानदंडों का उल्लंघन है।

नियामक उल्लंघन : ये प्लेटफ़ॉर्म प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 का उल्लंघन करते हुए विशेष समझौतों में प्रवेश कर रहे हैं, मूल्य निर्धारण में हेरफेर कर रहे हैं, और उपभोक्ताओं से महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहे हैं, जिससे बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता विकल्प सीमित हो रहे हैं।

******

विचार संगोष्ठी

एक राष्ट्र एक चुनाव पर रायपुर पश्चिम में राष्ट्रीय विचार मंच द्वारा विचार संगोष्ठी का हुआ आयोजन

एक राष्ट्र एक चुनाव से जनता के हित में समय और व्यय दोनों की होगी बचत : मूणत

- राष्ट्रीय विचार मंच ने किया एक राष्ट्र एक चुनाव पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विचार मंच ने रायपुर पश्चिम विधानसभा अंतर्गत एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विधि और संविधान के विशेषज्ञों के अलावा मुख्य वक्ता के रूप में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय , रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत , रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे राष्ट्रीय विचार मंच के संयोजक और भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित रायपुर के अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही सांसद पाण्डेय सहित मनचासीन सभी अतिथियों ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपने विचार उपस्थित जनमानस के समक्ष अपने उद्बोधन के माध्यम से रखे उद्बोधन की शुरुआत होने के पूर्व सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन और उसके पश्चात वंदे मातरम गान संपन्न हुआ।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में आयोजित विचार संगोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्ध जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र में एक चुनाव हो इसकी कल्पना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में एक देश एक चुनाव करवाने का प्रयास कर रहे हैं, एक राष्ट्र एक चुनाव क्यों आवश्यक है इससे देश और देश की जनता को क्या लाभ हानि होगी को लेकर राष्ट्रीय विचार मंच जनता के बीच जा रहा है जिससे चुनाव के प्रति जन मन में रहने वाली त्रुटियों और भावों को दूर कर उसका निदान कर एक राष्ट्र एक चुनाव जो देश हित में लाभकारी है को लागू करने अपना समर्थन देना है।

हर वर्ष किसी न किसी प्रकार के चुनाव जनता के बीच होते रहते हैं जिसको लेकर विभिन्न शासकीय कर्मचारियों को जिम्मेदारियों के लिए लगाना विभिन्न तैयारियां करना साथ ही समय और धन व्यय करना यह राष्ट्र विकास में बाधक होता है और इसलिए इसे राष्ट्र विचार बनाना आवश्यक है। मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभारी हूं कि निकाय चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक राष्ट्र एक चुनाव के हव्य में पहली आहुति देने का कार्य किया और नगर पालिका और पंचायत चुनाव एक साथ करवा कर अपनी आहुति दी ।

एक राष्ट्र एक चुनाव भारत के चुनाव सुधार में क्रांतिकारी कदम साबित होगा : संतोष पाण्डेय

राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर चर्चा करने हम सभी उपस्थित है जिसकी मुख्य भूमिका पूर्णतः आप सभी को स्पष्ट है इसके लाभ सीधी तौर भारत के आम जनमानस, चुनाव आयोग, भारत सरकार और सरकारी खजाने को होगा । उन्होंने पहलगाम में हुई आतंकी घटना का भी जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत के जन गण का मन आहत है पहलगाम की घटना में देश भर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा मै उन सभी को आप सभी के माध्यम से नमन करता हूं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं ।

सुशासन तिहार के तृतीय चरण का शिविर विधायक के गृहग्राम में आयोजित

- सुशासन तिहार में फुलेश्वरी जैन को मिला जॉब कार्ड खुश होकर सीएम विधायक का जताया आभार
- क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें अफसर : आशा नेताम

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश भर में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। जिसके माध्यम से जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण भी किए जा रहे हैं। सोमवार को कांकेर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम के पैतृक गृह ग्राम बेवरती में सुशासन तिहार के तृतीय चरण के तहत समाधान

शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुशासन तिहार के तृतीय चरण के मुख्य अतिथि कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम मौजूद रहे।इस दौरान समाधान शिविरों में ग्रामीणों का तात्कालिक समाधान हो रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कांकेर की ग्राम पंचायत बेवरती में प्रथम जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पहुंची श्रीमती फुलेश्वरी जैन ने बताया कि उन्हें शिविर स्थल में तत्काल मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर वितरित किया गया। मौके पर ही मनरेगा जॉब कार्ड पाकर गद्गद् श्रीमती जैन ने कहा कि उम्मीद से जल्दी उन्हें जॉब कार्ड मिल गया।उन्होंने बताया कि जॉब कार्ड के अभाव में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था।अब जॉब कार्ड बन जाने से ये सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी।

इस अवसर पर फुलेश्वरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम का आभार जताते हुए कहा कि सुशासन तिहार ने सचमुच उनके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है।विधायक आशाराम नेताम ने सुशासन तिहार के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याओं से अवगत होकर अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस मौके मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा पूर्व जनपद अध्यक्ष सहित कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एसडीएम जनपद अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिले में समाधान शिविरों का हुआ आगाज

- बालूद, छिंदनार, मैलावाड़ा, टेटम ग्रामीणों की उमड़ी भीड़
- बालूद ग्राम पंचायत में विधायक का ग्रामीणों से शासन की योजनाओं में शत प्रतिशत भागीदारी करने का किया गया आह्वान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार राज्य में जनता की समस्याओं को समयबद्ध निराकरण करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गति लाने तथा जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी अभियान सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविरों का आज जिले में विधिवत आगाज हो गया। जिले

के दंतेवाड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बालूद, मैलावाड़ा, गीदम अंतर्गत छिंदनार, और कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत टेटम में समाधान शिविरों की शुरुआत हुई। इन समाधान शिविरों में पूर्व में आवेदकों से प्राप्त उनके आवेदनों की स्थिति, उसके समाधान की जानकारी के साथ-साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं के तहत उन्हें लाभान्वित भी किया जा रहा है।

बालूद समाधान शिविर में विधायक ने जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

ग्राम पंचायत बालूद में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रहा है। उन्होंने समाधान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान हो रहा है, जिससे आने वाले समय में जिला समस्याओं से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है।

ग्राम टेटम में कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीण हुए उत्साहित

सोमवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत टेटम में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित हुए। जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर कलेक्टर दुदावत ने ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा कि फ्रआपने जिन समस्याओं और मांगों को लेकर आवेदन किया था, उनका समाधान सुनिश्चित करने के लिए ही पूरा जिला प्रशासन आपके गांव आया है। शासन की योजनाओं का लाभ आपको समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही सुशासन तिहार में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के क्रम में स्वीकृत किया जाएगा और राज्य शासन स्तर वाले प्रकरणों को भेज कर निराकृत किए जाएगें। जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने इस मौके पर सभी स्वीकृत आवासों को शीघ्र अतिशीघ्र प्रारम्भ करने व पूर्ण करने का आग्रह सभी आवास हितग्राहियों से किया।

अटामी ने कहा कि समाधान शिविर जैसे आयोजन उन ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जो किसी कारणवश जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते। शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की मांग, शिकायत और समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों में भाग लेकर विभागीय योजनाओं की जानकारी लें और उनका भरपूर लाभ उठाएं। विधायक ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि बोरवेल के अत्यधिक उपयोग से जल स्तर में गिरावट आई है, ऐसे में ग्राम पंचायतों के माध्यम से खेतों में परंपरागत कुएं खोदने का प्रस्ताव आना चाहिए। यह न केवल जल संरक्षण की दिशा में अहम कदम होगा, बल्कि सतत कृषि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। समाधान शिविर में ग्रामीणों की सहभागिता उत्साहजनक रही और बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं को रखा। अधिकांश मामलों का तत्काल निपटारा कर शेष समस्याओं को निर्धारित समय-सीमा में हल करने का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। इसके साथ ही विधायक ने शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। आज बालूद समाधान शिविर अन्तर्गत बालूद ग्राम पंचायत के अलावा चितालूर , टेकनार, बालपेट, पोन्दुम, जारम, और मटेनार के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। यहा पूर्व में प्राप्त आवेदनों के अलावा ऐग्रीस्टॉक पंजीयन के तहत 04, आधार पंजीयन के तहत 17, पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने के 09, प्रकरण, वोटर कार्ड अपडेट के तहत 03 इस प्रकार कुल 27 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही जिला परिवहन विभाग द्वारा शिविर में लर्निंग लाइसेंस भी जारी किए गए।

घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला, आरोपी हिरासत में

कांकेर/नवप्रदेश। ज़मीन विवाद को लेकर कांकेर कोतवाली पुलिस अंतर्गत आने वाले पंडरीपानी के आरोपी संजय पांडे 55 वर्ष ने घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला करते हुए अश्लील गाली गलौच कर दंबगई करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 4 मई 2025 को प्रार्थी मुकेश दुबे पिता स्व. तिलक दुबे उम्र 54 वर्ष ग्राम पंडरीपानी कांकेर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 04 मई 25 को लगभग 04.25 बजे मेरे घर के पीछे रहने वाला संजय पांडे पिता गया प्रसाद पांडे मेरे घर का गेट खोलकर घर के अंदर आया और घर के अंदर आकर मां बहन की अश्लील गाली-गलौच करते हुये मेरी पत्नि कामिनी दुबे को अपने हाथ मे रखे डंडे से मारपीट करने लगा उस समय में दूसरे कमरे में सोया था। शोर गुल की आवाज सुनकर मैं उठा और बीच बचाव करने लगा। संजय पांडे ने मुझे भी गाली गलौच करते हुए आज तुझे भी जान से मार दूंगा, बोलकर घर के अंदर से भाग गया जाते समय मेरी टीवीएस आई क्यू इलेक्ट्रिक वाहन को डंडे से मारकर तोड़फोड़ किया है। संजय पांडे के द्वारा मारपीट करने से मेरी पत्नि के हाथ, कमर एंव सिर में गंभीर चोट आया है कि रिपोर्ट पर आरोपी कृत्य धारा 117, 115(2), 351(5) 324(4) 117(2) का घटित होना पाये जाने से गिरफ्तारी का कारण बताकर संजय पांडे को 05मई 2025 के 12.10. बजे को गिरफ्तार किया गया।

तेन्दूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण पर संग्राहकों को मिलेगा न्याय, चैतराम अटामी ने जताया सरकार का आभार

- चरणदास महंत का आरोप निराधार,भाजपा कर रही है आदिवासियों के हित में काम - चैतराम अटामी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सुकमा जिला में तेन्दुपत्ता संग्राहकों के राशि वितरण में हुए घोटाले और कार्रवाई को लेकर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने साय सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्री अटामी ने बयान देते हुए बताया कि कांग्रेस शासन में किये गए घोटालों पर नकेल कसने कार्रवाई करने का काम साय सरकार में हो रहा है। उन्होंने बताया कि सुकमा जिला में तेन्दुपत्ता संग्राहकों को दो साल की बोनस राशि में प्रबंधकों ने केवल एक साल का ही भुगतान किया। वो भी आधा-अधूरा। वनमंडल सुकमा के कोंटा, किस्टाराम और गोलापल्ली वन परिक्षेत्र में कई फर्जी संग्राहकों के नाम पर भुगतान दर्शाया गया। भाजपा सरकार द्वारा जांच कराये जाने पर जांच के दौरान मामला उजागर हुआ। कई ऐसे संग्राहकों को भी राशि दी गई है, जिनकी मौत सालों पहले हो चुकी है। चैतराम अटामी ने बताया सुकमा वनमंडल

के तहत तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2021 में 15 समिति और वर्ष 2022 में 10 समितियों में कुल 65471902 रुपए की राशि बोनस के रूप में मिली थी। इसे सुकमा वनमंडल के करीब 66 हजार संग्राहकों को भुगतान किया जाना था। इस राशि को बीते अप्रैल में ही समिति प्रबंधकों ने आहरण कर लिया और 8 महीने तक इसका भुगतान संग्राहकों को नहीं किया। नक्सलवाद और संवेदनशीलता का हवाला देकर अफसरों ने 36278881 की राशि का वितरण नगद करने विशेष अनुमति ली।

वितरण में गड़बड़ी करने वाले 11 संचालक मंडल भंग किये जाने पर मंत्री केदार कश्यप का जताया आभार :

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि आदिवासियों के लिए तेंदूपत्ता हरा सोना है। उनके आर्थिक सुधार का महत्वपूर्ण कड़ी है। मामले को लेकर उन्होंने वनमंत्री केदार कश्यप जी से चर्चा की और घोटाले के संबध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिला यूनियन सुकमा के अंतर्गत कुछ प्राथमिक लघुवनोपज समितियों द्वारा कुछ संग्राहकों को नगद वितरण किया जा चुका है एवं 11 समितियों में कुछ संग्राहकों को वितरण नहीं किया गया है। इसके कारण वनमण्डलाधिकारी को सरकार द्वारा निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा जांच किया जा रहा है,जिसमें वनमंडलाधिकारी सुकमा पर आपराधिक मामले दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी की गई ।

सुकमा जिला भाजपा की मांग पर जिन 11 समितियों में नगद प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण नहीं किया गया है उन समस्त 11 समितियों के प्रबंधकों को काय से पृथक कर दिया गया है, उन 11 समितियों के संचालक मंडल को भंग कर दिया गया है। समितियों के नोडल अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है । इस कार्रवाई के लिये उन्होंने मंत्री केदार कश्यप जी का आभार जताया उन्होंने वनमंत्री से निवेदन किया है कि 11 समितियों के कितने संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक की राशि प्राप्त नहीं हुई है, उसका छानबीन/परीक्षण किया जाये और स्थिति स्पष्ट होने के उपरांत उचित कार्रवाई करें।

पांच दिवसीय पर्वतारोहण शिविर के लिए 20 स्कॉउट गाइड रवाना

- स्काउट गाइड के छात्र छात्राए पर्वतारोहण, ट्रैकिंग (साहसिक गतिविधि) में ले रहे भाग

कांकेर/नवप्रदेश। भारत स्कॉउटस गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के दिशा निर्देश में स्कूल विभाग के अनुदान से राष्ट्रीय साहसिक संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ के स्कॉउट्स गाइड्स शालेय विद्यार्थियों के लिए पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन विशेष पांच दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में चयनित स्काउट गाइड्स भाग लेने रवाना हुए। वाजिद खान जिला संगठन आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि 06 मई से आयोजित होने वाले इस शिविर में विभिन्न साहसिक क्रियाकलापों में रोप वॉकिंग ट्रैकिंग, पर्वतारोहण, रॉक क्लाइंबिंग स्काई साइकलिंग घुड़सवारी, तीरंदाजी राइफल शूटिंग पैरास्काइंग नवकायन जैसी साहसिक गतिविधियों के साथ-साथ पचमढ़ी के विहंगम दृश्य पांडवगुफा, बॉयसन म्यूजियम, चंपक झील, गुप्तेश्वर महादेव बड़ा महादेव मंदिर, ईको पॉइंट, हांडी खोल विविध पुरातात्विक पौराणिक महत्व के स्थान का भ्रमण की गतिविधियां भी शामिल होंगे।स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें कांकेर जिले के विभिन्न विद्यालयों के स्कॉउट गाइड शालेय विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। अशोक पटेल जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में समस्त कांकेर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लारगांव मरकाटोला, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारभाट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालाबेड़ा अंतागढ़, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के कुल 19 विद्यार्थी के साथ-साथ दल प्रभारी ममता नेताम (दल प्रभारी) सम्मिलित हो रहे हैं।

अपहरण कर नाबालिग से बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- शादी का झांसा देकर लूट ली नाबालिग की अस्मत

कांकेर/नवप्रदेश। तीन महीने पहले नाबालिग के परिजनों ने चारामा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि नाबालिग लड़की घर से बिना बताए कही चली गई है। आसपास नाबालिग की सहेलियों से पूछताछ करने पर पता नहीं चलने से समाज के लोगों से पूछने पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर जाने की बात बताई गई जिसके बाद चारामा पुलिस विवेचना में जुट गई।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 फ़रवरी 25 को प्रार्थी थाना चारामा आकर लिखित आवेदन पेष कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग पुत्री 23फ़रवरी 25 को घर में बिना बताए कही चली गयी है। जिसका उसके सहेली एवं आस पास घरों में तथा रिश्तेदारों सगा समाज में पता किये कोई पता नही चला मेरी नाबालिक पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर 25 फरवरी को गुम इंसान क्रमांक 07/2025 एवं अपराध क्रमांक 31/2025 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर जांच पता तलाश में लिया गया।

मामला नाबालिग बालिका संबंधी होने एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उमनि.एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आईके ऐलिसेला के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर पीड़ित अपहृता एवं आरोपी का पता तलाश किया गया। मामले में विवेचना के दौरान 2 मई 2025 को सूचना प्राप्त होने पर नया बस स्टैंड कांकेर सार्वजनिक स्थान से परिजनों व मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष बरामद कर साथ थाना चारामा लाकर परिजनों के समक्ष पीड़िता का महिला विवेचना अधिकारी द्वारा पूछताछ कर कथन लिया गया। जिसने अपने कथन में 23 फ़रवरी को रात्रि में घर में बिना बताए निकलकर कांकेर गई। कांकेर में राजा पारा मंदिर के पास बैठी थी रात्रि करीबन एक बजे एक लडका मेरे पास आया और मुझसे मेरा नाम पता पूछा तो मैं उसको बतायी। रात होने एवं किराया रूम नही मिलने से विकास विष्वकर्मा मुझे अपने मामा के घर लेकर गया और मैं तुमसे प्यार करता हूं और शादी करूंगा बोलकर नाबालिग जानते हुए शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया है। प्रकरण में धारा 64,64(ड),65(1) बीएनएस.4,6 पॉक्सों एक्ट जोड़ा गया है।

प्रथम पेज का षेष

छत्तीसगढ़ में फैल रहा किंग कोबरा...

की सीमा पर भी इनके कुनबे की मौजूदगी दर्ज की गई है, जिससे इसके अन्य जिलों में विस्तार की संभावना बढ़ गई है।

कोरबा के जंगलः किंग कोबरा और उड़न गिलहरी का घर

कोरबा के घने जंगल न केवल किंग कोबरा के लिए पसंदीदा ठिकाना बन रहे हैं, बल्कि यहां उड़न गिलहरी जैसे दुर्लभ प्राणियों का भी बसेरा है। यह क्षेत्र जैव-विविधता का एक अनूठा केंद्र बनता जा रहा है, जो वन्यजीव संरक्षण और शोध के लिए महत्वपूर्ण है।

वन विभाग की पहल

वन विभाग ने किंग कोबरा के बढ़ते दायरे को समझने और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की योजना बनाई है। नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के साथ मिलकर विभाग इस प्रजाति के व्यवहार, आवास और आनुवंशिक विविधता पर गहन अध्ययन कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह शोध न केवल किंग कोबरा के संरक्षण में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय समुदायों को जागरूक करने में भी सहायक होगा।

कोरबा के जंगलों में हैं दुर्लभ वन्यजीव

किंग कोबरा समेत ऐसे अनेक दुर्लभ जीव हैं, जिनके लिए कोरबा का जंगल वर्षों से पसंदीदा ठिकाना रहा है। उड़न गिलहरी, खूबसूरत तितलियां, कबरबिज्जू, उद्बिलाव व पैंगोलीन जैसे कई छुपे हुए जीव हैं, जिन्होंने समय-समय पर अपनी झलक दिखाई है।

ऐसे सैंपल लिया जाएगा

कोरबा उप वनमण्डल अधिकारी आशीष खेलवार ने बताया कि जांच के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रायपुर से अनुमति के लिए पत्र लिखा गया है। इसके बाद डीएनएन के लिए सैंपल लिया जाएगा। मृत सांप के जीवाश्म, केंचुल व मल भी संग्रहित किए जाएंगे।

इनमें से कोई भी एक सैंपल मिलने से डीएनए जांच संभव है। जांच के लिए सैंपल कोशिकीय एवं आण्विक जीवविज्ञान केंद्र (सीसीएमवी) हैदराबाद व वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया देहरादून की फोरेंसिक लैब में भेजा जाएगा।

पीपल पेड़ के नीचे लगी...

की आरती की और हल्दी चावल का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पीपल पेड़ के नीचे ही खाट पर बैठकर ग्रामीणों से बातचीत की।

सरकार निजी शिक्षण संस्थानों ...

की प्रगति के लिए समायोजन से संबंधित कुछ विशिष्ट प्रावधानों को स्थापित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा, जनवरी 2014 में ये तय किया गया कि सरकार निजी शैक्षणिक संस्थानों में दलितों, आदिवासियों और सामाजिक व शैक्षणिक रुप से पिछड़े वर्गों को आरक्षण दे सकती है। फिर देश में आम चुनाव हुए और एक नई सरकार अस्तित्व में आई। पिछले 11 वर्षों से संविधान में ये प्रावधान है कि निजी संस्थानों में दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को आरक्षण दिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए एक विधि निर्माण की जरूरत है। पर अफसोस है कि मोदी सरकार ने आजतक वो विधि निर्माण नहीं किया है, जिसके कारण समाज के वंचित-शोषित वर्ग को आज भी शिक्षा का लाभ नहीं मिल रहा है।

जापान ने पहलगाम हमले पर...

संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। नाकातानी सैन ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की।

देश की आंतरिक, बाह्य ...

आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार के साथ है। हम यहां फूट डालो और राज करो की नीति नहीं अपना रहे हैं। बनर्जी ने कहा, मैं मुर्शिदाबाद पहले भी जा सकती थी, लेकिन अगर वहां शांति और स्थिरता नहीं है, तो हमें वहां जाकर अशांति नहीं फैलानी चाहिए। आज मैं वहां जा रही हूं, क्योंकि वहां अब स्थिरता है। मैं बरहामपुर पहुंचकर समीक्षा बैठक करूंगी। कल मैं धुलियान जाऊंगी और जिन लोगों के घर और दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन्हें जरूरी मुआवजा प्रदान करूंगी।

गडकरी ने माना है-सड़क दुर्घटनाओं...

समस्या के पैमाने को देखते हुए अपर्याप्त प्रतिक्रिया है।

आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर गीतम तिवारी ने चेतावनी दी है कि 'मानकों के अनुसार नहीं बनाए गए सुरक्षा उपकरण सुरक्षा उपाय नहीं बल्कि वे मौत का जाल हैं। गौरतलब है कि भारत में 35 करोड़ पंजीकृत वाहनों और 66 लाख किलोमीटर के करीब सड़कों का जाल है जो एक जटिल यातायात मिश्रण का सामना करता है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

पताः - पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कमरा क्र. 18, कलेक्टोरेट के सामने, Phone No 07752-250593, Email ID-eebil-phe-cg@gov.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 05/निविदा प्रकोष्ठ/का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025-26 बिलासपुर दिनांक 01.05.2025

मुहरबंद निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र अ प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में ई-पंजीयन प्रणाली की डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 21.05.2025 सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 23.05.2025 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट के माध्यम से) - 27.05.2025 सायं 5.30 बजे तक
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय - 27.05.2025 अपरान्ह 4:00 बजे के पश्चात

विकासखण्ड कोटा के शासकीय उद्यान रोपणी-करगीकला में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत (डिपाजिट मद)प्राप्त राशि से नवीन पाईप लाईन विस्तार कार्य।

(1) 90mm dia 6kg/cm2 -1170Mtr. (2) 20 mm dia G.I. Pipe-150Mtr. (3) 80 mm dia G.I. Pipe-80Mtr.

कार्य की अनुमानित लागत :- रु. 6.13 लाख, धरोहर राशि :-रु. 4600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य :-रु. 750/- कार्य पूर्ण करने की अवधीः- 03 माह वर्षा ऋतु सहित

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी जैसे-पात्रता की शर्तें, मापदण्ड, प्राक्कलन इत्यादि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में दिनांक 20.05.2025 तक देखे जा कसते है।

जी-252600652/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

हटरी बाजार में तोड़े गए अतिक्रमण

दुर्ग। नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रविवार को तीसरे दिन भी जारी रखी। हटरी बाजार की दुकानों के ऊपर टिन शेड, अनाज लाइन, पटवा लाइन, चंडी मंदिर क्षेत्र, प्रेस परिसर के आसपास किये गए अतिक्रमण को हटाया गया। नयापारा चौक पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। बाहर सामान निकाल कर व्यवसाय करने वालों के सामान जब्त करने की कार्यवाही की गई। रोड पर सामान फैलाकर व्यवसाय करने वालों को लगातार चेतावनी दे रही है।

सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

भिलाई। छावनी थाने के सामने फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार अयूब खान (65 साल) की मौत हो गई। अयूब खान अपनी नातिन जिया को उसके घर छोड़ने कोहका जा रहे थे। उनकी नातिन जिया खान (17 साल) की हालत गंभीर है। भिलाई तीन आदर्श नगर निवासी अय्यूब खान रिटायर्ड बीएसपी कर्मचारी हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। दोनों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने अयूब खान को मृत घोषित कर दिया। जिया की हालत गंभीर होने के कारण उसे अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है।

मंगलसूत्र छीनकर भागा युवक

भिलाई। टाउनशिप में एक बुजुर्ग महिला के गले से मंगलसूत्र छीनकर युवक भाग निकला। मंगलसूत्र की कीमत करीब डेढ़ लाख आंकी गई है। सेक्टर-8 ब्लॉक 1 क्वार्टर नं. 1/ निवासी पवन कुमार ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सुबह 6 बजे उनकी 70 साल की बुजुर्ग मां विमला सिंह उठी और वाकर लेकर टहलने निकल गईं। टहलने के बाद वो पूजा के लिये स्ट्रीट में लगे कनेर के फूल तोड़ रही थी। इसी दौरान कान में सोने की बाली पहने हुए युवक बाइक से आया। विमला सिंह के गले से मंगलसूत्र को छीनकर भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

वृद्धाश्रम खोलने 25 लाख की ठगी

भिलाई। वृद्धा आश्रम खोलने के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को नेवई थाना पुलिस ने आंध्र प्रदेश में गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मनेन्द्र साहू ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी एम प्रकाश कुमार निवासी गिद्दलूरी जिला प्रकाशम आन्ध्रप्रदेश द्वारा वृद्धा आश्रम और एनजीओ खोलने के लिये 25 करोड़ रुपये मिलने का झांसा दिया गया। आरोपी ने एनजीओ व वृद्धा आश्रम खोलने के लिये प्रोसिंग शुल्क व रजिस्ट्रेशन के नाम पर 25 लाख रुपए अलग-अलग किस्तों में लेकर ठगी की। इस मामले में थाना प्रभारी नेवई के नेतृत्व में आरोपी एम प्रकाश को पकड़ने टीम गठित कर आन्ध्रप्रदेश रवाना किया गया। उसे थाना लेकर आने पर उसने अपराध घटित करना स्वीकार कर लिया। उसके द्वारा रकम खर्च होने की जानकारी दी गई है। आरोपी एम प्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

सुशासन तिहार के पहले चरण में 1,19,650 आवेदन : 13198 का समाधान बाकी

जिले के नगरीय निकायों और जनपद पंचायत में समाधान शिविरों का आयोजन शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में सुशासन तिहार के पहले चरण में कुल 119650 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से एक लाख 6 हजार 452 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। 13198 आवेदनों का समाधान करना शेष है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 5 मई से कुल 73 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शिविरों की तारीख और स्थान पोर्टल पर भी उपलब्ध कराई गई है। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे। जिन आवेदनों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि पहले चरण में 1,15,489 मांग और 4161 शिकायतें थी। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया गया और संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजा गया। इन आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने की कार्यवाही की गई है। मांगों से संबंधित 103,555 (98.17 प्रतिशत) व शिकायतों से संबंधित 2897 (69.62 प्रतिशत) आवेदन निराकृत कर लिये गए हैं। कुल 106452 (88.97 प्रतिशत) आवेदनों का निराकरण हो चुका है।

कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान काफी मांगे पीएम आवास योजना व उज्जवला योजना से सम्बन्धित हैं। इसके बारे में राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से अतिरिक्त लक्ष्य के लिए आग्रह किया जा रहा है।

लक्ष्य प्राप्त होने पर आवेदकों की मांगों का पात्रतानुसार निराकरण हो जायेगा। इसी अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ऐसे परिवार जिनका नाम आवास की किसी भी सूची में शामिल नहीं है, ऐसे परिवारों को आवास प्लस 2.0 सर्वे के माध्यम से कुल 88480 हितग्राहियों का नाम जोड़ा जा चुका है। मोर दुआर साय सरकार महा अभियान के तहत जिले में सहायता प्राप्त सर्वे 48053 और स्वयं द्वारा 4756 कुल 52809 हितग्राहियों का नाम जोड़ा गया है। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बीके दुबे, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त एसके अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर लता उर्वशा और सिल्ली थॉमस, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता उपस्थित थे।

आज समाधान शिविर यहां

जिले में सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरा चरण 5 मई से शुरू होगा। 30 मई तक नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या समाधान शिविरों में आवेदकों को समाधान की जानकारी दी जाएगी। कुल 73 स्थानों पर समाधान शिविर लगाए जाएंगे। नगरीय क्षेत्रों में 52 और ग्रामीण क्षेत्रों में 21 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदन पर विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे। जिन नए आवेदनों का स्थल पर ही समाधान संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी। 5 मई को नगर निगम दुर्ग में वार्ड 7 तिलक उ. मा. वि. शिक्षक नगर, नगर निगम रिसाली में वार्ड 39 जगदम्बा चौक पुरैना, नगर पालिका परिषद जामुल में तरूण सांस्कृतिक भवन वार्ड 3, नगर पंचायत उतई में कार्यालय नगर पंचायत उतई और नगर पंचायत धमधा में डॉ. अम्बेडकर भवन धमधा में शिविर आयोजित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जपं शासकीय उमा शाला अण्डा, जनपद पंचायत धमधा में शा उ मा शाला लिटिया में शिविर लगाया जाएगा।

समाधान शिविर में विभागों की जानकारी प्रदर्शित होगी

समाधान शिविर में टीबी कार्यक्रम, फसल चक्र परिवर्तन, बीज उत्पादन, सुपोषण, सिकल सेल, टीकाकरण, माहवारी प्रबंधन इत्यादि की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। समाधान शिविरों में विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभागीय अधिकारी देंगे। हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र भी उपलब्ध कराएंगे। नगरीय निकायों के शिविरों में भी यही व्यवस्था रहेगी।

सीएम सहित मंत्री गण व वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे

तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आम जनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे। योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान प्रेसवार्ता को भी संबोधित करेंगे। विभिन्न संगठनों और नागरिकों से भेंट भी करेंगे।

हटाए जाएंगे नहरों से अतिक्रमण : संडे मार्केट पर होगी कार्रवाई

एक सवाल के जवाब में कलेक्टर ने कहा कि एसीसी जामुल से कुरुद गांव को जोड़ने वाले बम्हनी माइनर (नहर) सहित जिले की कई अन्य नहरों की जमीन पर किये गए अतिक्रमण हटाए जाएंगे। जल्द ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जाएगा और यहां हो रहे अतिक्रमण को हटाकर नई योजना पर काम किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में पार्किंग स्थल का निर्माण जरूरी है। जिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के पास अपनी पार्किंग नहीं है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सड़क पर पार्किंग को रोका जाएगा। संडे मार्केट में सड़क पर दुकान न लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

तीन माह से बीज पैकिंग मजदूरों को नहीं मिली थी मजदूरी : कलेक्टर की पहल से हुआ भुगतान

- बीज प्रक्रिया केंद्र के मजदूरों ने शुरू किया बीज पैकिंग का काम
- 48 समितियों में 8742.60 क्विंटल बीज भण्डारण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बीज प्रक्रिया केंद्र के मजदूरों को तीन माह से मजदूरी न मिलने से बीज पैकिंग का काम ठप पड़ा था। कलेक्टर की पहल से छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रबंध संचालक ने बीज प्रक्रिया केंद्र रूआबांधा दुर्ग के अंतर्गत बीज उत्पादक कृषकों के 4919.02 क्विंटल बीजों की अग्रिम राशि 1.58 करोड़ रुपए आंबटित कर दिये। इससे मजदूरों को मजदूरी का भुगतान हो गया। राशि आवंटन और मजदूरी भुगतान से खुश मजदूरों ने बीज प्रक्रिया केंद्र रूआबांधा में पैकिंग का काम शुरू कर दिया।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 26 अप्रैल को उप-संचालक कृषि संदीप भोई के साथ रूआबांधा स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र का निरीक्षण किया था। बीज प्रबंधक एसके बेहरा ने केंद्र की प्रमुख चार समस्याओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इसके बाद रबी 2024-25 के कुल 207 बीज उत्पादक कृषकों का 19 अप्रैल 2025 तक केकुल 4919.02 क्विंटल बीजों की अग्रिम राशि 1.58 करोड़ रुपए का आबंटन जारी किया गया।

बीज प्रबंधक एस के बेहरा ने बताया कि जिले की 87 समितियों में से 48 समितियों में 8742.60 क्विंटल बीज भण्डारण किया गया है। यह जिले की कुल मांग का लगभग 31 प्रतिशत हैं।

मंचादुर, पाहरा, गोढ़ी, लिटिया, सांकरा, जांमगांव (एम) और घुघवा आदि समितियों में बीज भंडारण के लिये परिवहन किया जा रहा हैं। आगामी दिनों में जिले की सभी समितियों में बुवाई के पहले बीज का भंडारण कर लिया जाएगा।

सेक्टर-6 कम्युनिटी हॉल में हुआ ईद मिलन का आयोजन

अल मदद के सेवा कार्यों की सराहना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मुस्लिम महिलाओं के गैर सरकारी संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी ने ईद मिलन का आयोजन सेक्टर-6 जामा मस्जिद के कम्युनिटी हॉल में किया। इस मौके पर कश्मीर पहलगाम हमले की भर्त्सना करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। आयोजन में मुख्य रूप से शामिल बीएसपी के जनरल मैनेजर मुश्ताक अहमद पारे, सुरैया एस कादर, एडवोकेट शान सरमद सिद्दीकी, डॉ. गज़ाला सिद्दीकी, डॉ. यासमीन, रौनक जमाल, बैतुलमाल कमेटी, बीबी फातिमा जहरा कमेटी, अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार और डॉ. अमरीन सहित सभी विशिष्ट अतिथियों ने अल मदद सोसायटी की समाजसेवा के क्षेत्र में की जा रही पहल की तारीफ की। अतिथियों ने भविष्य में भी 'अल मदद' सोसासटी से जुड़े रहने और हरसंभव मदद करने का ऐलान किया। सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली ने बताया कि इस्पात नगरी भिलाई की मुस्लिम महिलाओं का यह पहला गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) है जो मेडिकल, बिजनेस हेल्प, शिक्षा, पर्यावरण और गरीबी उन्मूलन सहित बहुउद्देशीय कार्य कर रहा है। आयोजन में संगठन की सचिव कौसर खान, शाहीन खान, शबाना सिद्दीकी, नाहिदा खान, लीना तज़मीन, कैसर इकबाल का योगदान रहा।

ओए ने उत्कृष्ट योगदान के लिए बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। अप्रैल 2025 में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रगति भवन, सिविक सेंटर, भिलाई में आयोजित समारोह में सेफी चेयरमेन व आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वय तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव द्वय संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे। सम्मान समारोह में शशि चंदू, जीएम (ओएनएम), शही राम जाखड़, डीजीएम (एच आर), विष्णुकांत साहू, एजीएम (एफएंडए), केएसएएन मूर्ति, एजीएम (ईएमडी), शकील अहमद खान, एजीएम बीआरएम, वसंत कुमार आरपी, सीनियर मैनेजर एचआर रामचंद्र अडिल, सीनियर मैनेजर (आरईडी) का सम्मान किया गया।

पौधे और सम्मान राशि प्रदान कर किया सम्मानित

आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह में उपस्थित अधिकारियों और उनके जीवन संगिनियों को पौधे व सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने सेवा काल के अविस्मरणीय पलों को साझा किया। उन्होंने ओए द्वारा किए गये प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग बनाए रखने की अपील की।

उत्कृष्ट सेवा कार्यों का हो रहा सम्मान - बंछोर

समारोह के प्रारंभ में सेफी चेयरमेन व ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा कि बीएसपी ने जो उपलब्धियां हासिल की है, उन उपलब्धियों को हासिल करने में कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। सेवानिवृत्त अधिकारीगण अपने-अपने कार्यक्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञ रहे हैं। अपने वरिष्ठ अधिकारियों के सानिध्य में रहकर उनके अनुभवों व मार्गदर्शन का लाभ लेना चाहिए। भविष्य में भी वे अपनी सेवाएं समाज व प्रदेश के विकास में निरंतर देते रहेंगें।

समारोह के अंत में ओए के महासचिव परविन्दर सिंह ने सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का वर्णन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य व सुखद स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि राकेश सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में ओए जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, अभिषेक कोचर, अमित सिन्हा उपस्थित थे।

जिला संघ ने निकाली स्कॉउट गाइड साइकिल रैली

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी शिक्षा विभाग जिला संघ भिलाई की ओर से स्काउट गाइड की हीरक जयंती के अवसर पर साइकिल रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने साइकिल से सवारी करते हुए पर्यावरण, सुरक्षा व संरक्षण और वृक्षारोपण का संदेश दिया। रैली में बड़ी संख्या में विभाग के अधिकारी, शिक्षक व पालक सम्मिलित हुए। भिलाई संघ के आयोजन में प्रमुख रूप से सरिता शाक्य जिला सचिव, डीओसी गाइड कीर्तिलता देशमुख डीओसी स्काउट सत्यनारायण साहू, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा डीटीसी वंदना सोनवाने डीटीसी, मीनाक्षी अय्यर, रजनी रजक अविनाश चंद्र शील, वरिष्ठ व्याख्याता, डीके साहू और श्रवण कुमार साहू ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

समता सुरक्षा सेना ने किया डॉ. उदय धाबर्डे का सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट में पदोन्नति के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ बनाए जाने पर डॉ. उदय कुमार धाबर्डे का सम्मान किया गया। समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ की टीम ने तालपुरी भिलाई स्थित उनके निवास पहुंच कर डॉ धाबर्डे का सम्मान किया गया। समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरविन्द चौधरी ने कहा कि अस्पताल की बर्न यूनिट का प्रभारी होने के साथ-साथ डॉ. धाबर्डे अपने तमाम कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज के लिए भी समय निकालते है। समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर के साथ अनेकों समाजहित के कार्य और सेवा निरन्तर करते हैं। डॉ. उदय का सम्मान करने पहुंची समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ की टीम ने जमकर आतिशबाजी की और पटाखे फोड़े। केक काटकर और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर डॉक्टर धाबर्डे दंपति को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनिल जोग, विजय बोरकर, अजय शेंडे, विकास सापेकर, शैलेश चाहंदे, आनंद भावे, योगेंद्र चौरे, कौशिक पंचभाई, आशीष ऊके, सीके डोंगरे, बीआर कठाने, सार्थक गजभिये, प्रमोद वासनिक, आकाश रामटेके, प्रबुद्ध गणवीर, अजित वैध, संकेश राहुलकर, सुनील श्याम कुवर, अविनाश अड़काने, सेवकराम बांगरे, कुम्भराज खांडेकर, डॉ. वेदिता जोग, राया बागड़े, पूनम शेंडे, बबिता भौतिक, रेखा भौतिक, रत्नमाला भौतिक, रसिया सहारे, सचिता चौधरी, जयमाला नंदेश्वर, पुष्पा बडोले, काजल नंदेश्वर और अस्तित्व चौधरी सहित बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी लोग उपस्थित थे।

बीएसपी-सीएसआर के अंतर्गत रावघाट के 30 युवाओं को दिया गया ड्राइविंग प्रशिक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बीएसपी के रावघाट खदान एरिया में सीएसआर पहल के अंतर्गत रावघाट क्षेत्र के युवाओं को 21 दिवसीय लाइट मोटर वेहिकल ड्राइविंग वाहन चालन का प्रशिक्षण दिया गया। नया रायपुर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च में दिया गया।

कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार और मुख्य महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट के मार्गदर्शन में अंजरेल, परलभाट, सुपगांव और खोडग़ांव के 30 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः आवासीय था। युवाओं को आधुनिक ड्राइविंग तकनीक, ट्रैफिक नियमों, सड़क सुरक्षा और व्यवहारिक ड्राइविंग कौशल का प्रशिक्षण दिया गया।

समापन समारोह में सहायक महाप्रबंधक (रावघाट खदान) अमित कुमार मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अजय यदु, मोरध्वज और प्रदीप कोठारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

गौरतलब है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सीएसआर से पूर्व में भी भिलाई और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने अलग-अलग बैचों में 1 माह की अवधि तक निःशुल्क लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जा चुका है। भिलाई में 5 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जा चुके हैं। 100 से भी अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

प्रतियोगिता.. 113 खिलाड़ियों के बीच शह और मात का मुकाबला

जिलास्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप प्रारंभ हो गई है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचार्य निधि शर्मा व समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह के विशेष अतिथि समाजसेवी सुधीर अग्रवाल व अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ रौनक जमाल, अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन एवं प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में प्रारंभ प्रतियोगिता में सभी विशिष्ट अतिथियों ने शतरंज की चाल चलकर चैंपियनशिप का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि निधि शर्मा ने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने की अपील की। समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने शतरंज को एकाग्रता और बौद्धिक विकास का खेल बताते हुए आयोजन के लिए जिला शतरंज संघ दुर्ग की सराहना की। विशेष अतिथि डॉ रौनक जमाल व समाजसेवी सुधीर अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभा उभरकर सामने आती है। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत संघ के सचिव तुलसी सोनी, रॉकी देवांगन, शेख लतीफ, अनिल शर्मा, दिनेश जैन, एसके भगत, चंदन विश्वकर्मा, विक्रम सिंह, जयंत दास सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। चैंपियनशिप में जिले के 113 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में चयनित होने वाले दो बालक और दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। राज्य चैंपियनशिन 15 मई से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला शतरंज संघ दुर्ग के सचिव तुलसी सोनी और आभार प्रदर्शन दिनेश जैन ने किया।

दुर्ग जिला मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप : पांचवें चक्र का परिणाम

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन व प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में आयोजित मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में पांचवें चक्र के बाद परिणाम घोषित कर दिये गए हैं। जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से आयोजित चैंपियनशिप में अंडर 7 बालक वर्ग में पारस यादव ने 5 अंक हासिल किये। इसी प्रकार अव्यव बिचपुरिया 4 अंक, बालिका वर्ग में श्रेष्ठा भारद्वाज 3 अंक, शांभवी सिंह 2 अंक, अंडर 9 बालक वर्ग में सर्वेश लिलहरे 4.5 अंक, आकांक्षित साहू 4.5 अंक, बालिका वर्ग में मयूरिका मान्या 4 अंक, शांभवी शर्मा 3 अंक, अंडर 11 बालक वर्ग में शिल्प कुमार घोड़ेसवार 5 अंक, वी विराट अय्यर 4 अंक, बालिका वर्ग में मानस्वी शर्मा 3 अंक, शानविका उदवाला 2.5 अंक, अंडर 13 बालक वर्ग में अलंकृत माहेश्वरी 4 अंक, अभिनव सिंह राजपूत 4 अंक, बालिका वर्ग में परिधि लिलहरे 5 अंक, काशवी जैन 3.5 अंक हासिल किये। प्रतियोगिता का आयोजन कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल में किया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत व सचिव तुलसी सोनी ने दी है। स्पर्धा के चीफ आर्बिटर आई ए अलंकार भिवगड़े डिप्टी चीफ आर्बिटर एफ ए रॉकी देवांगन के अलावा सहायक के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा, चंदन विश्वकर्मा, आशुतोष चावरे, शेख लतीफ विक्रम सिंह शामिल है।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (CIVIL) CIRCLE-II
2x500 MW,ABVTPS CSPGCL MARWA-TENDUBHATHA, DISTT. JANJGIR-CHAMPA

No. 005-7400/SEC-II/ABVTPS/Tender/ 242 — Marwa dt. 02.05.2025

TENDER EXTENSION NOTICE

This office notice inviting tender vide No. 005-7400/SEC-II/ABVTPS/Tender/189 Marwa dt. 11.04.2025, the last date of application purchase of tender form & due date of submission/ opening is hereby extended as given under:

Sl. No.	Tender Specification No.	Name of work	Old Date of tender opening	Date of application for purchase of tender form	New date of Tender Submission/ Opening
1.	SEC-II/ABVTPS/ 2025/T-14	Deployment of one No. Diesel jeep for day to day use of Executive Engineer (Civil) Dn.-III at 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa	02.05.2025	14.05.2025	16.05.2025

(All other terms and condition of above NIT will remain unchanged)

SAVE ELECTRICITY S-43734/1

Superintending Engineer (Civil) Circle-II
2X500 MW ABVTPS MarwaDistt.- Janjgir-Champa

बेमौसम बारिश का कहर : धान व सब्जी की फसलों पर संकट, कुरुद के किसान हताश

कुरुद/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में बेमौसम बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने कुरुद तहसील और आसपास के गांवों में सब्जी, फल, फूल और धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाकर किसानों के सामने अभूतपूर्व संकट खड़ा कर दिया है। नारी, सिरसिदा, चारभाटा, गुदगुदा, परखंदा, गाड़ाडीह राखी चरमुड़िया मंदरौद, भुसरेंगा, बगौद, चाटोद और उमरदा जैसे गांवों के अन्नदाता मौसम की बेरुखी से सहमे हुए हैं। इस प्राकृतिक आपदा ने न केवल फसलों को तबाह किया, बल्कि सैकड़ों परिवारों की आजीविका और स्थानीय बाजार पर गहरा असर डाला है। सब्जियों और फलों की कीमतों में संभावित उछाल से आम लोगों की रसोई भी प्रभावित होने की आशंका है।सब्जी उत्पादन पर भारी मार, पॉली हाउस तबाह।

कुरुद क्षेत्र में सब्जी उत्पादन सैकड़ों लोगों के लिए रोजगार का प्रमुख स्रोत रहा है, लेकिन लगातार बारिश और आंधी-तूफान ने टमाटर, भिंडी, बैंगन और पपीते जैसी फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। क्षेत्र के युवा और प्रेरणादायक सब्जी उत्पादक हर्ष चंद्राकर ने बताया, आंधी-तूफान ने मेरा पॉली हाउस पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिससे लगभग 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ। इसके अलावा, 14 एकड़ में लगाए गए पपीते की फसल ओलावृष्टि की चपेट में आकर बर्बाद हो गई।"किसानों का कहना है कि यदि यही हाल रहा, तो सब्जियों की आपूर्ति में कमी से दाम आसमान छू सकते हैं, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की रसोई पर पड़ेगा। फल और फूल उत्पादन पर कहर

मौसमी फलों, खासकर आम और पपीते, पर बेमौसम बारिश ने भारी प्रहार किया है। तेज हवाओं और बारिश के कारण पेड़ों से कच्चे और पके फल जमीन पर गिर रहे हैं। स्थानीय किसानों ने दुखी मन से कहा, ÷इस बार पके आम का स्वाद शायद सिर्फसपनों में ही मिले।

फूल उत्पादन भी इस आपदा से अछूता नहीं रहा। गेंदा और गुलाब जैसी फसलों को बारिश और ओलावृष्टि ने भारी नुकसान पहुंचाया, जिससे फूल उत्पादकों की आय पर गहरा असर पड़ा है।धान की फसल पर दोहरी मार, उपज प्रभावित ग्रीष्मकालीन और खरीफ धान की खेती पर निर्भर हजारों किसान मौसम की मार से जूझ रहे हैं। दो दिन पहले हुई ओलावृष्टि ने खड़ी धान की बालियों को झाड़ दिया, जबकि बारिश और आंधी ने कटाई व मिंजाई को प्रभावित किया। किसान नरेंद्र, गुलाब हीरामन साहू केदार साहू और त्रिभुवन ने बताया, पककर तैयार धान की फसल बारिश और ओलों से बर्बाद हो गई। इससे हमें भारी आर्थिक नुकसान होगा। सुबह तेज धूप और शाम को अचानक बारिश ने फसल को और नुकसान पहुंचाया, जिससे उपज की गुणवत्ता और मात्रा दोनों प्रभावित हुई हैं। मौसम की अनिश्चितता ने बढ़ाई परेशानी।

पिछले सप्ताह से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सुबह तेज धूप, दोपहर में रुक-रुक कर बारिश और शाम को आंधी-तूफान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सप्ताह भर पहले मौसम में आए बदलाव ने खरीफ फसलों, विशेष रूप से धान और सब्जियों, को पहले ही नुकसान पहुंचाया था, और अब ओलावृष्टि ने किसानों की बची-खुची उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया।किसानों की मांग और भविष्य की चुनौतियां।

किसानों ने सरकार से तत्काल राहत पैकेज, फसल बीमा के तहत मुआवजा, और पॉली हाउस जैसे ढांचों के नुकसान की भरपाई की मांग की है। हर्ष चंद्राकर ने जोर देकर कहा, ÷हमें न केवल आर्थिक सहायता चाहिए, बल्कि ऐसी नीतियां भी चाहिए जो हमें भविष्य में ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से बचा सकें। यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो सब्जी, फल, फूल और अनाज की आपूर्ति में कमी से बाजार में कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा।आगे की राह।

न्यूज गैलरी

9 मई को मनाई जाएगी महाराणा प्रताप की जयंती

महासमुंद/नवप्रदेश। राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद की एक आवश्यक बैठक रविवार को सामाजिक भवन में रखा गया, जिसमें 9 मई को स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। उस दिन शाम 5 बजे सामाजिक भवन में महाराणा प्रताप जी की पूजा अर्चना कर उनके जीवन पर गोष्ठी आयोजित किया जाएगा। साथ ही समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। उक्त जानकारी समाज के संरक्षक भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने दी है। बैठक में समाज के अध्यक्ष उदयपाल सिंह भदौरिया, संपत सिंह गौतम, गुमान सिंह ठाकुर, परमेश्वर ऊर्फ पप्पू ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह ठाकुर, विजय सिंह वर्मा, अंकुश ठाकुर, उतरा ठाकुर, आशा ठाकुर, राजश्री ठाकुर, श्याम कुमारी राजपूत, कुमारी रुचि ठाकुर सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

टाइगर रिज़र्व में वित्तीय अनियमितता का आरोप

कोरिया /नवप्रदेश। गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व में जारी वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस नेता डॉ. विनय शंकर सिंह ने भाजपा सरकार और टाइगर रिज़र्व के संचालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि स्टॉपडेमो के निर्माण से पहले ही राशि आहरित कर ली गई, और जेम पोर्टल से सामग्री खरीदी गई – लेकिन बड़ा सवाल यह है कि सामग्री किसने खरीदी, किसने लगाई, और क्या वही सामग्री उपयोग की गई जिसकी खरीद दर्शाई गई। डॉ. सिंह ने कहा, टाइगर रिज़र्व के संचालक की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है। उन्हें सब कुछ पता है, लेकिन सवालों से बचा जा रहा है। उन्होंने इस मामले को उजागर करने के लिए मीडिया समूह को धन्यवाद भी दिया। इस मामले में राज्य सरकार द्वारा वन विभाग की तत्कालीन सचिव ऋचा शर्मा को हटाए जाने पर भी उन्होंने नाराज़गी जताई। डॉ. सिंह ने कहा, ऋचा शर्मा ने ही इस मामले की जांच के निर्देश दिए थे और अचानकमार से जांच टीम भेजी गई थी। लेकिन रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं हुई है। इसके बावजूद संचालक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि वह कार्यालय का मुखिया है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, टाइगर रिज़र्व में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है। और जब कोई अधिकारी इस पर कार्रवाई की सोचता है, तो उसे ही पद से हटा दिया जाता है। इससे साफ है कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है।

सहकार भारती के जिला प्रमुख बने नरेंद्र सोनी

खैरागढ़/नवप्रदेश। सहकार भारती का जिला स्तरीय बैठक खैरागढ़ में संपन्न हुआ। जिसमें सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चंद्रवंशी, आर एस एस के जिला विभाग कार्यवाह राजेश ताम्रकार, जिला प्रभारी कमलेश देवांगन सहित किसान,अधिवक्ता, राजनीति क्षेत्र से जुड़े सदस्य कर्मचारी वर्ग के सदस्य सम्मिलित रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चंद्रवंशी ने सहकारिता के संबंध विस्तार से चर्चा कर संगठन विस्तार करते सर्वसम्मति से नरेंद्र सोनी को सहकार भारती का जिला प्रमुख नियुक्त किया। इसके साथ सहप्रमुख योगेन्द्र कर्महे, हेमू साहू कुम्ही फिरतु वर्मा खमतराई, विकासखंड प्रमुख सुभाष सिंह राजपूत , सहप्रमुख जितेंद्र राव, अभिषेक गुप्ता को मनोनीत किया गया।

केदार कश्यप रविवार को पाटेश्वर धाम से वापसी के दौरान डौंडीलोहारा पहुंचे

डौंडीलोहारा पहुंचे मंत्री केदार कश्यप भाजपाईयों ने किया जोशीला स्वागत

■ मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास में हुआ उनका विशेष अभिनंदन

बालोद/ डौंडीलोहारा । छत्तीसगढ़ के वन, जल संसाधन, जलवायु परिवर्तन, कौशल विकास और संसदीय कार्य के मंत्री केदार कश्यप रविवार को पाटेश्वर धाम से वापसी के दौरान डौंडीलोहारा पहुंचे। जहां पर काली मंदिर के पास भाजपाईयों ने उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख की अगुवाई में आतिशबाजी, फूलमाला के साथ मंत्री का स्वागत अभिनंदन किया गया। इसके बाद नगर में ही पैदल नारेबाजी करते मंत्री केदार कश्यप के साथ भाजपाई भाजपा मंडल डौंडीलोहारा की अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास पहुंचे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने मंत्री का तिलक वंदन अभिनंदन किया। सामूहिक रूप से मंत्री श्री कश्यप को राज गीत लिखा हुआ एक फोटो प्रेम भेंट किया गया।

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख और मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के कार्यों की मंत्री ने की सराहना

इस मुलाकात और स्वागत सम्मान के दौरान मंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए भाजपा बालोद जिला के अध्यक्ष चेमन देशमुख और डौंडीलोहारा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में लगातार मिली चुनावी जीत को लेकर उन्होंने काफी सराहना की और इसी तरह आगे भी कार्य करते हुए आगामी चुनाव में भाजपा को बढ़त दिलाने और तीनों सीट पर भाजपा के विधायक बनाने को लेकर भी चर्चा हुई। लगातार भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख और लोहारा भाजपा मंडल की पहली महिला अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में नगर पंचायत से लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में आए हैं।

ग्रामीणों ने रखी अपनी विभिन्न समस्याएं, जल्द निराकरण का मिला मंत्री से आश्वासन

मंत्री से मुलाकात के दौरान डौंडीलोहारा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से लोग भी अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। लगभग 300 की संख्या में आए जनप्रतिनिधियों, सरपंचों और ग्रामीणों ने मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। इस दौरान खास तौर से गुरामी से आए हुए ग्रामीणों ने डैम से पानी निस्तारी की समस्या रखी तो वही रेंगाडबरी के ग्रामीणों ने सोसायटी से संबंधित समस्या रखी। मंत्री ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग को उनके आवेदन पर निराकरण के लिए मार्किंग किया। साथ ही आश्वस्त किया कि जो भी समस्याएं उनके हैं, उन्हें जल्द सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। इस प्रवास के दौरान मंत्री ने मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास स्थान पहुंचकर स्वल्पाहार भी ग्रहण किया।

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में समर कैम्प का शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों के लिए समर कैम्प आयोजन करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में 5 मई से 16 मई तक चलने वाले समर कैम्प का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य अमी रूफस एवं स्टॉफ पालक की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं उनके समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रमोद कुमार कन्नौजे, विकास यादव, दिव्येश वाणी उपस्थित थे। प्राचार्य अमी रूफस ने बच्चों को संबोंधित करते हुए कहा कि समर कैम्प का भरपूर लाभ उठाईये। यहां आपको बहुंत कुछ सीखने को मिलेगा। समर कैम्प का समय सुबह 7.30 बजे से 9.30 बजे तक रखा गया है, जिससे गर्मी में विद्यार्थियों को असुविधा न हो। समर कैम्प में विद्यार्थियों को प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां कराई जावेगी जिससे बच्चे बोर न हों। इसमें स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम के छात्र भी भाग ले रहें। समर कैम्प में विद्यार्थियों को जो गतिविधियां कराई जावेगी उसमें मुख्य रूप से योगा, म्यूजिक एण्ड डांस, खेल एवं गेम्स, आर्ट एवं क्राफ्ट, वैदिग गणित, ऑरगेमी, क्ले आर्ट, सुडोकू, पर्सनॉलिटी डवलपमेंट, आदि गतिविधियां कराई जावेगी। समर कैम्प में संस्था के शिक्षक नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, अंशुमाला बारिक, रौनक अग्रवाल, अंजू चंद्राकर, ध्रुति श्रीवास्तव, पूर्णिमा चंद्राकर, प्रेम यादव, अंजली कहार के द्वारा समर कैम्प का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा जैन ने किया एवं आभार प्रदर्शन मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने की। समर कैम्प में संस्था के प्रकाश साहू, मोहन कन्नौजे, झम्मन साहू, दुर्गा मानिकपुरी, माहेश्वरी पटेल का भरपूर सहयोग रहा है।

सुरेंद्र कौशिक का मंडल दौरा धमधा मंडल में ली बैठक

धमधा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष नियुक्ति के पश्चात प्रथम संगठन प्रवास के तहत मंडलों का दौरा कार्यक्रम तय किया गया है। प्रथम दिवस पर धमधा मंडल में बैठक संपन्न हुआ। आयोजित बैठक में संगठनआत्मक विषय पर समीक्षा करते हुए संगठन विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सत्ता संगठन पर समन्वय के लिए जोर दिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया की पंच से लेकर पार्लियामेंट तक हमारी जीत होने पर हमारा दायित्व बढ़ गया है तो लोगों के लिए जनहित के लिए सदैव तत्पर रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव पंच निष्ठा के आधार पर कार्य करती है। जिसके चलते राष्ट्रवादी सोच और विचारधारा प्रत्येक कार्यकर्ताओं के मन मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़कर रखती है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पंच से लेकर पार्लियामेंट तक का सफर आप सभी के सहयोग और मेहनत से प्राप्त किया है आप सभी ने दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले चुनाव में नगर निगम दुर्ग दो नगर पालिका दो नगर पंचायत जिला पंचायत अध्यक्ष निर्विरोध तीन जनपद में अध्यक्ष पद पर हमारे प्रत्याशी निर्वाचित हैं और यह आप सभी के समर्थन से ही प्राप्त हुआ है पार्टी का जब घोषणा पत्र जारी किया गया था। उसमें राम मंदिर का निर्माण अनुच्छेद 370 ट्रिपल तलाक जैसे महत्वपूर्ण घोषणा को हमने पूर्ण किया। वर्तमान में वक्फ बोर्ड पर विधेयक पारित कर दिया गया। धमधा मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल रहा है इस विधानसभा क्षेत्र में आप कार्यकर्ताओं की मेहनत से विधानसभा क्षेत्र में जीत हासिल किया पार्टी के विचारधारा से प्रेरित पंच और सरपंच जीते होगे हम सभी को सत्ता और संगठन पर समन्वय बना कर संगठन और मजबूत बनाना है। आयोजित दौरा कार्यक्रम में जिला संगठन से मंत्री आशीष निमजे कार्यालय मंत्री मनोज सोनी मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया संयोजक रजनीश श्रीवास्तव सहसंयोजक नारायण दत्त तिवारी विनय महोबिया नितेश साहू साजन जोसेफ सुनील अग्रवाल टेकन सिंह अरुण सिंह रितेश शर्मा उपस्थित रहे, साथ धमधा मंडल से नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल जी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमल लाल यादव, कार्यक्रम प्रभारी रोहित राजपूत, और बड़ी संख्या में पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शासकीय रोपणियों में फलों की नीलामी के लिए निविदा आमंत्रित

बलरामपुर। सहायक संचालक उद्यान श्री कमलेश साहू ने जानकारी दी है कि विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय उद्यान ओबरी, भगवतपुर, नटवरनगर एवं कैलाशपुर में पेड़ों पर लगे आम, लीची, नाशपाति के फल की नीलामी की जानी है। जिसके अंतर्गत उद्यान ओबरी में आम के फल के निलामी के लिए निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07 मई 2025 दोपहर 01 बजे तक निर्धारित की गई है।

30 लाख की लागत से होने वाले अटल परिसर निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

खैरागढ़। शहर में अटल परिसर निर्माण की छह माह से अटकी कार्यवाही अब शुरू होगी। सोमवार को सिविललाइन में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिलापंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। इस दौरान नपाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर,सभापतिगण देवीन कोठले, रूपेन्द्र रजक, मोनिका रजक,कीर्ति वर्मा, जिला महिला मोर्चाध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, विकेश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, तीरथ चंदेल शैलेन्द्र वर्मा, रामाधार रजक, प्रकाश सिंह, कमलेश कोठले, आलोक श्रीवास, जितेन्द्र राजपूत विनय देवांगन सहित पार्षदगण और नपा के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शहर मे अटल परिसर का निर्माण छह माह से स्थल चयन के चलते अटका पड़ा था । स्थल चयन होने के बाद इसकी प्रक्रिया नगरपालिका ने प्रारंभ कराई। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भूमिपूजन किया गया अब इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

आम और महुआ की छांव में लगा कोरिया के बंजारीडांड ग्राम में समाधान शिविर

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बंजारीडांड में पहला 'समाधान शिविर' का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर की अनोखी बात यह रही कि इसका आयोजन गांव के पुराने आम और महुआ पेड़ों की ठंडी छांव में किया गया, जिसने आयोजन को एक पारंपरिक और आत्मीय स्वरूप प्रदान किया।

समाधान शिविर में कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक , जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंचगण उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जहाँ अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

'समाधान तिहार' के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजारीडांड सहित पटमा, गनेशपुर, जिलीबान्ध, गढ़तर, गोविंदपुर, सोंस, करवा, तामडांड और कदमबहरा से प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी भी साझा की गई। ग्रामीणों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों के आवेदनों पर की गई कार्यवाही के बारे में हितग्राहियों, आवेदकों को इस बारे में जानकारी दी गई। बता दें कि प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया है। शिविर स्थल पर अधिकारियों- कर्मचारियों को गुड़-चना-मुर्रा वितरण किया गया, शीतल पेयजल व्यवस्था भी की गई है।समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने इस पहल की सफलता को दर्शाया। यह शिविर शासन की 'संवाद से समाधान तक' की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बना।

साइबर सुरक्षा | **मिशन साइबर के तहत पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

साइबर सेल पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग को गुजरात से किया गिरफ्तार

■ भारत देश की विभिन्न राज्यों के लोगों से करीब 10 करोड़ रूपये की गई है ठगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी रूपेश साहू संचालक च्वाईस सेंटर स्टेशन रोड निवासी लखोली राजनांदगांव ने थाना सिटी कोतवाली राजनांगदगांव में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके बैंक ऑफबड़ोदा स्थित बैंक खाता में 22 दिसंबर 2024 को राजनांदगांव निवासी आशुतोष शर्मा के द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक कही से ठगी गई रकम कुल 90000/- रुपये को मंगाने से प्रार्थी का उक्त बैंक खाता फ्रीज हो गया है। प्रार्थी की सूचना पर आरोपी आशुतोष शर्मा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 33/25 धारा 318(4) बीएनएस, 66(सी) आई.टी. एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। वर्तमान में बढ़ रहे सायबर अपराधों में म्यूल बैंक एकाउण्ट के उपयोग को देखते हुए कड़ी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह एवं प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतातलाश करने हेतु टीम गठित किया गया। पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम आरोपी आशुतोष शर्मा से कड़ाई से पूछताछ की गई। आशुतोष शर्मा के मेमोरण्डम के आधार पर मामले में 03 आरोपी 1-श्रेणिक कुमार सांघवी पिता नरेश भाई सांघवी उम्र 24 साल, निवासी 204/सी राजारतन अपार्टमेंट कोसाम्बा रोड बिहाइन्ड श्रॉफ चाल वलसाड, जलाराम पुलिस चौकी जिला वलसाड गुजरात को वलसाड गुजरात से एवं अन्य आरोपी 2- शुभम तिवारी पिता अवधेश तिवारी उम्र 26 वर्ष निवासी रामनगर, जेल रोड़ वार्ड नं. 21 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को डोंगरगढ़ से 3-दीपक नरेडी पिता गणेश नरेड़ी, उम्र 27 साल, निवासी ग्राम बसंतपुर, पुलिस चौकी मोहारा, थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.), 4-रोहित महेश कुमार वीरवानी पिता महेश कुमार सजनमल वीरवानी उम्र 32 वर्ष, निवासी - फ्लैट नंबर ए-2/201 कोकाने चौक मिरचंदानी पॉम्स राहाटानी हवैली सौदागर पुणे महाराष्ट्र हाल- जोगेश्वरी वेस्ट पटेल स्टेट रोड लोधा युनिका बिल्डिंग 20 वां मंजिल मकान नं 2006 वेस्ट अंधेरी मुंबई (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध पृथक से धारा 319, 317 (4), 112, 61 बीएनएस व धारा 66 (सी) आई.टी.एक्ट जोडी गई है।

जिला कार्यालय भवन निर्माण की तैयारी शुरू, हटेगा बांसागार और लकड़ी कूप

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला कार्यालय निर्माण प्रक्रिया शुरू होने के चलते 30 साल पहले नक्सलियों के आगजनी का शिकार हुआ। वन विभाग का चंगुर्दा डिपो फिर से गुलजार होगा। गातापार जंगल इलाके मे चंगूर्दा स्थित वनविभाग का बांस कूप डिपो नक्सलियों द्वारा आगजनी किए जाने के बाद शहर के पिपरिया मे अस्थाई रूप से शिफ्ट किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था के चलते इसका संचालन पिपरिया में ही लगातार जारी था। जहां वन विभाग के बांसों और विभिन्न प्रकार की लकड़ियों का बड़ा स्टॉक रखा जा रहा है। अब इसे वापस चंगुर्दा में ही शिप्ट किए जाने की तैयारी प्रशासन ने तेज कर दी है। शहर के पिपरिया स्थित अस्थाई बांसागार और कूप डिपों की जगह को जिला प्रशासन ने जिला कार्यालय के नवीन भवन के लिए चयनित किया है। इसके लिए टेंडर सहित सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जल्द ही जिला कार्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना है। इसके चलते यहां संचालित बांसागार और कूप डिपो को जल्द से जल्द हटाने की कार्यवाही में जुटे प्रशासनिक अधिकारियों में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, एसडीएम टंकेश्वर साहू डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे ने चंगुर्दा पहुंच पुराने डिपो स्थल का जायजा लिया।

न्यूज गैलरी

सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले के खिलाफ कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। इस अभियान के तहत 26 दुकानदारों पर जुर्माना लगाते हुए कुल 06 हजार 200 रुपये की वसूली की गई। दुकानदारों को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने और अतिक्रमण से बचने की सख्त हिदायत भी दी गई। शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मुंगेली प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में शनिवार को राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने पड़ाव चौक से पंडरिया रोड तक अभियान चलाकर अतिक्रमण करने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। इस अभियान के तहत 26 दुकानदारों पर जुर्माना लगाते हुए कुल 06 हजार 200 रुपये की वसूली की गई। दुकानदारों को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने और अतिक्रमण से बचने की सख्त हिदायत भी दी गई। अधिकारियों ने समझाइश देते हुए चेताया कि भविष्य में नियमों के उल्लंघन पर और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मुंगेली एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल, एसडीओपी मयंक तिवारी, तहसीलदार कुणाल पांडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में तीन खिलाड़ियों का चयन

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर सेतगंगा से विश्वविद्यालय की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं क्रीड़ा प्रभारी अपनीत तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि आल इंडिया सॉफ्टबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 4-8 मई के मध्य विक्रमा सीम्हापुरी विश्वविद्यालय, नैलोर, आंध्रप्रदेश में होगा। जिसके अंतर्गत अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में फास्टरपुर महाविद्यालय से छात्र खिलाड़ी बाबूलाल चंद्राकर, भोजराज और तालवीट का चयन हुआ है जो कि अत्यंत हर्ष एवं गौरव की बात है। प्राचार्य डॉ. केके मिश्रा ने कहा कि छात्रों के चयन होने पर महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित है। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. अमित सिंह, दिलीप देवांगन, योगेंद्र साहू, ज्योति डहरिया, संजय बिंझवार, डॉ. जेपी सोनवानी, दीपिका जायसवाल, शिवाली त्रिपाठी, देवानंद देवांगन, लता चंद्रवंशी, सावित्री पाण्डेय, ऋतुराज देवांगन समस्त स्टाफ ने खुशी जाहिर करते हुए चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार में अचानक पहुंचे सक्ती जिले के ग्राम करिगांव

अपने बीच अचानक सीएम विष्णुदेव साय को पाकर लोग खुशी से झूम उठे

सक्ती/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत अचानक सक्ती जिले के ग्राम करिगांव पहुंचे। उन्होंने गांव में पीपल के पेड़ के नीचे खाट पर बैठकर चौपाल लगाई और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली और उनकी समस्याएं, मांगें तथा शिकायतें सुनीं। चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने नोनी मैया दाई मंदिर के सौंदर्यीकरण की घोषणा की। साथ ही ग्रामीणों की शिकायत पर पटवारी को सप्ताह में एक दिन गांव में बैठकर राजस्व मामलों का निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने नया ग्राम पंचायत भवन निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण में पूरी सरकार गांव में है। मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी मेरे साथ हैं। हम गांव-गांव जाकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, पीडीएस और आयुष्मान भारत योजना जैसे

कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी की स्थिति में ग्रामीणों को आर्थिक संकट से बचाने के लिए 5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा आयुष्मान कार्ड से दी जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने गांव में आंगनबाड़ी और स्कूल के संचालन के बारे में जानकारी ली और बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। साथ ही उन्होंने गिरते भूजल स्तर पर चिंता जताते हुए कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों की ओर ध्यान देने की सलाह दी। गांव में तालाब के किनारे की जमीन को लेकर आई शिकायत पर मुख्यमंत्री श्री साय ने तत्काल कलेक्टर को नापजोख करने और समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से कई आवेदन भी प्राप्त किए।मुख्यमंत्री श्री साय के साथ मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के अचानक गांव पहुंचने से ग्रामीणों में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर सरपंच कंचन मधुकर सहित बड़ी संख्या ने ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सुशासन तिहार में समाधान शिविर के आयोजन के संबंध में जानकारी दी

अब तक 1 लाख 18 हजार से अधिक आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 01 लाख 29 हजार 587 आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें 01 लाख 27 हजार 261 मांगों एवं 02 हजार 326 शिकायतों से संबंधित हैं। कुल प्राप्त आवेदनों में से 01 लाख 18 हजार से अधिक आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा चुका है।

राज्य में आवेदनों के निराकरण में जिले का 8वां रैंक है। उन्होने बताया कि शेष आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण जारी है। साथ ही कॉल सेंटर के माध्यम से आवेदकों से सम्पर्क कर आवेदन के निराकरण के संबंध में फीडबैक भी लिया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री

विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप प्रशासन की यह पहल आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं की पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत 05 मई से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 26 समाधान शिविर एवं 07 मई से नगरीय निकायों में 09 समाधान शिविर सहित कुल 35 समाधान शिविर आयोजित होंगे। शिविर में आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण और स्थिति की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में कम्प्यूटर सिस्टम सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की भी व्यवस्था की जाएगी, जिसके माध्यम से मौके पर ही आवेदन की निराकरण की स्थिति की जांच की जाएगी। यदि आवेदक निराकरण से संतुष्ट न हो, तो पुनः आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में नागरिकों से हितग्राहीमूलक योजनाओं के लिए आवेदन भी लिए जाएंगे। समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो आवेदकों को उनके आवेदन की प्रगति की जानकारी देंगे और योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होकर आम जनता से संवाद करेंगे तथा विकास कार्यों व योजनाओं का औचक निरीक्षण कर जमीनी हकीकत की जानकारी लेंगे एवं विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विकास योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करेंगे। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि सभी समाधान शिविरों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है एवं बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी और विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

31 मई तक जिले के ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 35 समाधान शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत 31 मई तक जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 35 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 26 समाधान शिविर ग्राम पंचायतों में एवं 09 शिविर नगरीय निकायों में आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों में 05 मई को ग्राम दौना के शासकीय माध्यमिक स्कूल, 6 मई को मंदिर परिसर सेतगंगा, 7 मई को स्कूल मैदान राम्हेपुर एन., 8 मई को खेल मैदान अमोरा, 9 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर भालापुर, 10 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान डिंडौरी, 13 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान बदरा ब, 13 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान खपरीकला, 14 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा, 15 मई को सिद्ध मुनिबाबा मेला मैदान सेमरसल, 16 मई को मेला स्थल पथरगढ़ी, 17 मई को हाइस्कूल परिसर पण्डरभट्ठा, 19 मई को शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल मैदान बिजराकछार, 20 मई को खेल मैदान हथनीकला, 21 मई को धान खरीदी केन्द्र के पास कंतेली और शासकीय हाइस्कूल मैदान कोयलारी, 22 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान गोड़खाम्ही, 23 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान पड़ियाईन, 24 मई को चारभाठा और शासकीय हाइस्कूल मैदान बैगाकापा, 26 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान मनोहरपुर, 27 मई को क्रिकेट खेल मैदान सल्फा, 28 मई को कृषि कॉलेज के सामने चातरखार, 29 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान चेचानडीह, 30 मई को स्कूल परिसर के पास थाना के पास छतौना और 31 मई को ग्राम लालाकापा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकाय अंतर्गत 07 मई को नगर पंचायत पथरिया के सतनाम भवन में और 17 मई को मंगल भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह नगरीय निकायों में 08 मई को नगर पालिका परिषद मुंगेली के सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन और 27 मई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम, 09 मई को नगर पालिका परिषद लोरमी के मानस मंच के पास आंगनबाड़ी भवन व 23 मई को आंगनबाड़ी भवन राशन दुकान के पास राम्हेपुर, 14 मई को नगर पंचायत सरगांव के मंडी के पास सांस्कृतिक भवन, 19 मई को नगर पंचायत बरेला के प्राथमिक स्कूल बरेला, 15 मई को नपं जरहागांव के कार्यालय भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

नपा, राजस्व और पुलिस विभाग की टीम ने अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मुंगेली प्रशासन जुटी हुई है। सड़क मार्गों पर कई लोगों द्वारा दुकान लगाकर अतिक्रमण किया गया है जिससे आमजनों को आवागमन में समस्या हो रही है। नगर पालिका, राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका की टीम ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए मसीही कब्रिस्तान और रेस्ट हाऊस के आसपास को अतिक्रमण मुक्त किया। सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन में बताया गया था कि मुख्य सड़क मार्गों पर कई लोगों द्वारा दुकान लगाकर अतिक्रमण किया गया है जिससे आमजनों को आवागमन में समस्या हो रही है। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए नगर पालिका की टीम ने तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता प्रवीण कुमार साहू एवं सुरेश देवांगन और पुलिस बल की मौजूदगी में मसीही कब्रिस्तान के दोनों ओर और रेस्ट हाऊस के सामने चर्च के पास से मटन दुकान, पान ठेला व चाय दुकान को हटाते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया गया। नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जवाहर वार्ड, विनोबा भावे एवं तिलकवार्ड में आसपास को अतिक्रमण मुक्त किया। सड़क मार्गों पर कई लोगों द्वारा दुकान लगाकर अतिक्रमण किया गया है, जिससे आमजनों को आवागमन में समस्या हो रही है। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए नगर पालिका की टीम ने तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की।

मंगलवार को जनदर्शन अस्थायी रूप से स्थगित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 05 मई से 31 मई तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवधि में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सकें। सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए जिला कलेक्टोरेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। यह स्थगन 31 मई 2025 तक प्रभावशील रहेगा। सुशासन तिहार समापन के पश्चात जनदर्शन कार्यक्रम पूर्ववत प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।

11 बस संचालकों पर जिला परिवहन विभाग ने की चालानी कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर में निर्धारित बस स्टॉपेज को नजर अंदाज कर अन्यत्र बस रोकने वाले 11 बस संचालकों पर जिला परिवहन विभाग द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। इस अभियान में कुल 8,700 रुपये जुर्माना वसूला गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए व यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखने हुए जिला परिवहन अधिकारी को बस स्टॉपेज चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शहर में चार स्थानों मुंगेली-बिलासपुर मार्ग दाऊपारा चौक सुखनंदन हॉस्पिटल के सामने, मुंगेली-पंडरिया मार्ग पड़ाव चौक जिला ग्रंथालय के सामने, लोरमी तिराहा और

लोरमी-बिलासपुर मार्ग पड़ाव चौक को बस स्टॉपेज चिन्हांकित कर कलेक्टर के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया है, जिसे भविष्य में बस स्थानक बनाया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर ने बताया कि नियमों के विरुद्ध संचालक तय स्टॉपेज के बजाय अनाधिकृत स्थानों पर बसें रोक रहे थे, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए 11 बस संचालकों पर कार्रवाई की गई। साथ ही, सभी बस संचालकों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में केवल चिन्हित स्थानों पर ही बसें रोकी जाएं और यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया जाएं।

मंडप के नाम पर साल पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, वन विभाग बेखबर

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर वनपरिक्षेत्र के जंगलों में इन दिनों साल पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई होने से जंगल के सुंदरता संघनता हरियाली को ग्रहण लगता जा रहा है। वन खंडों में हो रहे पेड़ों के अवैध कटाई से वन विभाग बेखबर है। दरअसल विवाह का सीजन होने कारण तैयार होने वाले साल पेड़ों को वास्ते मंडप बनाने के ग्रामीणो द्वारा काट कर ले जाया जा रहा है। लिहाजा जगलातो में होने वाले अवैध कटाई की सुध लेने की फुर्सत वन विभाग को नहीं है। विवाहोत्सव में मंडप बनाने के नाम पर असंख्य मूक पेड़ों की बलि चढ़ा दी जा रही है। प्रत्येक वर्ष महुआ

बीनने के दौरान वनखंडो में लगने वाली आग के वजह से साल महुआ सीधा साजा धवरा जैसे विभिन्न प्रजाति के तैयार होने वाले बेहिसाब नवजात पेड़ जलकर भस्मीभूत हों जाते हैं। बचे खुचे विभिन्न प्रजाति के तैयार होने वाले पेड़ो को जलावन बनाने के साथ मंडप बनाने आसपास के ग्रामीण काट कर ले जाते हैं। इस तरह से आगजनी तथा अवैध कटाई से जंगलों का अस्मिता खतरे में पड़ता जा रहा है। यदि आकलन किया जाए तो तबाह होते दरख्तों की कोई गिनती नहीं है। बहरहाल लखनपुर वनपरिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुंवरपुर, बेलदगी, चांदो ,कटिन्दा, लोसगा, लोसगी, रैमहला, मांजा, चोडेया ,आमापानी घुईभवना,कुन्नी, देवभुडु भुरकुडवा, गुमगराकला निम्हा सहित आसपास के बीटो में मंडप बनाने साल पेड़ काट कर ले जायें जा रहे हैं। वन अमला के अनदेखी लापरवाही का खामियाजा पर्वतों के हरे-भरे पेड़ों को भूगतना पड़ रहा है। यदि यही आलम रहा तो वह दिन दूर नहीं जब जंगल किताबों में पढ़ें जायेंगे। क्षेत्र के लोगों ने अवैध कटाई पर रोक लगाने शासन प्रशासन तथा विभाग का ध्यानाकर्षण कराया है। ताकि मंडप के नाम पर दी जाने वाली पेड़ों की बलि पर अंकुश लग सके।

आयोजन | संभाग स्तरीय संविधान बचाओ रैली बिलासपुर में 8 को

पहले जाति जनगणना का मजाक उड़ाया, अब बीजेपी खुद करने की बात कर रही: उमेश

मुंगेली/नवप्रदेश। संभाग स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन आगामी 8 मई को बिलासपुर में किया जा रहा है। इसी कड़ी मे बिलासपुर संभाग स्तरीय रैली के संयोजक एवं पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक खरसिया उमेश पटेल मुंगेली जिला पहुँचे। जहां उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगणों से मुलाकात किया। कार्यक्रम में समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, सम्मानित कार्यकर्ता, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, निगम-मंडल-प्राधिकरण के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारीगण, नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण एवं पार्षद प्रत्याशीगण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के पदाधिकारी, सदस्य एवं सरपंच, महिला कांग्रेस, सेवा दल, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई सभी अनुषांगिक संगठन, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता की बैठक लेकर आगामी 8 मई को होने वाली रैली के लिए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान श्री पटेल ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 8 मई को बिलासपुर मे सविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या मे भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जो कहते हैं, वह

दूरदर्शिता साबित होती है पहले जाति जनगणना का मजाक उड़ाया गया, अब बीजेपी खुद उसे करने की बात कर रही है। आज संविधान और आरक्षण पर हमला हो रहा है, इसलिए 8 मई को मुंगेली की 'संविधान बचाओ रैली' में सभी कार्यकर्ता जरूर शामिल हों। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि आगामी 8 मई को सविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी मे संभाग स्तरीय रैली के संयोजक उमेश पटेल का आगमन हुआ है। जिला संगठन प्रभारी आलोक सिंह ने कहा कि जिस तरह भाजपा सविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है हम उसका विरोध करते है और आगे जब भी देश कि अस्मिता के साथ खिलवाड़ होगा, कांग्रेस पार्टी विरोध करेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जिला संगठन प्रभारी आलोक सिंह, विवेक बाजपाई, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रिय, महेंद्र गंगोत्री, दिलीप बंजारा, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, उर्मिला यादव, मायारानी सिंह, राहुल सिंह, मंजू शर्मा, निधि पौराणिक, राजेन्द्र यादव, राजेश छैदईया, रणजीत सिंह सागर सोलंकी, राम कुमार साहू, अभिलाष सिंह, कलेश्वर गर्ग, अजय साहू, कुलदीप पाटले, संजय चंदेल, सूरज यादव, प्रिंशु दुबे, ब्लाक, लोरमी, पथरिया, डिंडोरी, सरगांव के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार के आवेदनों की समीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक हुई। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागवार प्राप्त शिकायतों एवं मांगो की समीक्षा के दौरान सभी विभाग प्रमुखों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी स्वयं पोर्टल में आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जांच करें। अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता और गंभीरता से कार्य करें, ताकि आमजनों को वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि लंबित आवेदनों का एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत 05 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगाए जाएंगे। जिले 06 मई से आयोजित होने वाले शिविरों में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर लें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कल से शुरू हो रहे समाधान शिविर में समय पर उपस्थित रहें और शिविर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने हेतु प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

नगर सुराज संगम 2025 सुशासन से समृद्धि की ओर: पूजा विधानी

उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यशाला में संभाली प्रशिक्षण की कमान, साझा किया शहरों के विकास का रोडमैप

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज नगर सुराज संगम में खुद प्रशिक्षण की कमान संभाली। नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने करीब 50 स्लाइड्स की पीपीटी के माध्यम से स्वयं शहरों के विकास का रोडमैप राज्य के 14 नगर निगमों के महापौरों, सभापतियों, एमआईसी सदस्यों, आयुक्तों और वरिष्ठ अभियंताओं से साझा किया। इस दौरान बिलासपुर महापौर पूजा विधानी उपस्थित रहीं।

महापौर पूजा विधानी ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इन दो दिवसीय आयोजन में शहर सरकार पूरे प्लानिंग के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। कार्यक्रम शुभारंभ पर उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सवा घंटे के संबोधन और पीपीटी प्रस्तुतिकरण के दौरान एक-एक स्लाइड्स की डिटेलिंग भी की। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यशाला में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं, नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाएं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, शहरी वानिकी, शहरी परिवहन, स्ट्रीट लाइटिंग, कर संग्रहण और सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कोयंबटूर, चेन्नई, अहमदाबाद, इंदौर, पिंपरी चिंचवाड़ जैसे शहरों तथा गुजरात एवं तेलंगाना में स्थानीय निकायों द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों की झलक दिखाई। श्री साव ने अपने प्रेजेंटेशन के दौरान डेनमार्क, सिंगापुर, जर्मनी और जापान जैसे देशों में शहरी संसाधनों के मितव्ययतापूर्ण उपयोग तथा रिसाइक्लिंग-रियूज के लिए हो रहे नवाचारों के बारे में भी बताया।

मार्गदर्शिका बुकलेट का हुआ विमोचन

नगर सुराज संगम का शुभारंभ करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कार्यशाला के दो दिनों तक सभी नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ पांच वर्षों के कार्य योजना पर मंथन किया जाएगा। कार्यशाला के पहले दिन सभी नगर निगम के महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्य, आयुक्त और वरिष्ठ अभियंता इस प्रबोधन कार्यक्रम सह कार्यशाला में उपस्थित रहे। इस दौरान नगरीय प्रशासन विभाग एवं सूडा की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे हुआ। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण की योजनाओं पर विभाग द्वारा मार्गदर्शिका प्रकाशन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पहले उप मुख्यमंत्री ने मार्गदर्शिका बुकलेट का विमोचन किया। श्री साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी शहर के प्रथम नागरिक हैं जिससे आपका दायित्व भी बढ़ा है। हम सभी के सहयोग से शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधापूर्ण बनाना है।

पांच सालों में शहर का होगा कायाकल्प

महापौर पूजा विधानी ने बताया कि नगर सुराज संगम 2025 सुशासन से समृद्धि की ओर जाने का बेहतर पहल है। इस दो दिवसीय कार्यशाला में शहर के लिए पांच वर्षीय योजनाओं पर चर्चा कर रणनीति बनाई गई है, जिससे शहर का विकास चहुंओर से हो। अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। आने वाले पांच सालों में शहर का कायाकल्प होगा। हमारी सरकार ने अभी से शहर विकास के लिए कार्य करना शुरु कर दिया है।

न्यूज गैलरी

दमिनी को मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का खिताब

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर की दमिनी देवांगन ने 27 अप्रैल को गोवा के कैंडोलिम बीच स्थित होटल सोनैस्टा इन में आयोजित नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट शो में मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतकर पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन एस. एस. फाउंडेशन, भिलाई द्वारा किया गया, जिसकी ऑर्गेनाइज़र मिसेज शिखा साहू थीं। कार्यक्रम में बॉलीवुड सेलेब्रिटी महक चहल मुख्य अतिथि रहीं और ग्रूमिंग सेशन का नेतृत्व पुणे की ग्रूमर मिसेज पल्लवी कौशिक ने किया। दमिनी इससे पहले जनवरी 2025 में मिस छत्तीसगढ़ विनर भी रह चुकी हैं। वे फिलहाल एमबीए के अंतिम वर्ष की छात्रा हैं और प्रोफेशन से फार्मासिस्ट व मेकअप आर्टिस्ट भी हैं। दमिनी मॉडलिंग को अपने जुनून के रूप में देखती हैं और प्राइवेट जॉब के साथ-साथ मॉडलिंग को भी आगे बढ़ा रही हैं। उनके पिता नारायण देवांगन एक दुकानदार हैं, माता गृहिणी हैं, और दो छोटे भाई कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं।

हाईकोर्ट ने कहा- फिर रिटायरमेंट ड्यूज और पेंशन का होगा निर्धारण

प्रमोशन नहीं देना था, इसलिए विभागीय अधिकारियों ने अड़ंगा लगाया: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग की रिटायर अधीक्षिका मंगला शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने समाज कल्याण विभाग के आला अफसरों पर ना केवल नाराजगी जताई है साथ ही अपने फैसले में कड़ी टिप्पणी भी की है। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि याचिकाकर्ता को प्रमोशन नहीं देना था इसलिए विभागीय अधिकारियों ने जानबुझकर अड़ंगा लगाया।



याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संदीप दुबे ने कोर्ट को बताया कि विभाग के आला अफसरों ने कई तरह के अड़ंगे लगाए। उनसे जूनियर आधा दर्जन अफसरों को पदोन्नति दे दी। कभी ग्रेडेशन लिस्ट में विवाद तो कभी पुरानी रिकवरी को कारण बताकर याचिकाकर्ता को जानबुझकर पदोन्नति से वंचित किया गया। याचिकाकर्ता मंगला शर्मा ने अपनी याचिका में बताया कि 15 फरवरी 1972 को प्रोबेशन ऑफिसर (क्लास तीन) के रूप में नियुक्त किया गया था। उसके बाद उसे 19 अक्टूबर 1981 को समाज कल्याण विभाग में अधीक्षक, यानी सहायक निदेशक कैडर (राजपत्रित) के पद पर पदोन्नत किया गया, जो उनकी सेवानिवृत्ति यानी 31 मार्च 2017 तक था। याचिका के अनुसार 2 जुलाई 1999 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) में अधीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए उसके नाम पर विचार नहीं किया गया। बाद में, 22 नवंबर 2007 को फिर से सहायक निदेशक / उप निदेशक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी आयोजित की गई थी। लेकिन उसके नाम पर उस डीपीसी में भी इस आधार पर विचार नहीं किया गया था कि उनके एसीआरएस उपलब्ध नहीं थे। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने 28 अगस्त 2017 को सचिव पंचायत व समाज कल्याण विभाग को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ता को उप निदेशक, पंचायत और समाज कल्याण विभाग, रायपुर के पद पर सभी परिणामी लाभों के साथ पदोन्नति के मामले पर विचार करने और निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

दुर्भावनापूर्वक पदोन्नति नहीं दी

अधिवक्ता दुबे ने कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में समीक्षा डीपीसी आयोजित किए बिना अधिकारियों द्वारा विवादित आदेश पारित करना ही दर्शाता है कि याचिकाकर्ता को दुर्भावनापूर्वक और जानबूझकर उसके वैध अधिकार से वंचित किया गया है। अधिवक्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा मांगी गई राहत उसे प्रदान की जाए और विभागीय अधिकारियों को 22 नवंबर 2007 को आयोजित मूल डीपीसी के अनुसार समीक्षा डीपीसी आयोजित करने का निर्देश दिया जाए ताकि याचिकाकर्ता के उप निदेशक के पद पर पदोन्नति के मामले पर विचार किया जा सके और उक्त पद से परिणामी लाभ प्रदान किए जा सके।

ट्रेलर-माजदा में टक्कर एक की मौत, दो गंभीर

रतनपुर/नवप्रदेश। सोमवार सुबह रतनपुर बायपास पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएच 9420 और माजदा वाहन क्रमांक सीजी 19 जीई 7245 की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस पहुंची। घायलों को तुरंत रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को गंभीर स्थिति में बिलासपुर सिम्स अस्पताल रिफर कर दिया गया। हादसे के बाद बायपास मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस ने ट्रेलर और माजदा को सड़क से हटाकर यातायात सामान्य किया। फिलहाल मृतक और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा उनकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे यह भीषण दुर्घटना हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायतों का निराकरण करने बिजली शिकायत केन्द्र शुरु

■ अधीक्षण अभियंता नगर वृत्त ने दिए सुधार कार्य तत्काल करने के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा तेज गर्मी एवं आंधी तूफान को दृष्टिगत रखते हुये मैदानी अधिकारियों व कर्मचारियों को इस दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समूचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। बिजली संबंधी शिकायतों के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण करने वितरण कंपनी के कॉल सेंटर, फ्यूज आफ कॉल सेंटर लगातार क्रियाशील है । विद्युत प्रणालियों से छेड़छाड़ अथवा अन्य किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना संबंधी जानकारी उपभोक्तागण तत्काल निकटस्थ विद्युत कार्यालय में देवें। उपभोक्तागण मोर बिजली ऐप के माध्यम से भी अपने समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। अधीक्षण अभियंता, नगर वृत्त पी. आर. साहू ने बताया की किसी भी प्रकार की विद्युत व्यवधान तथा विद्युत दुर्घटना संबंधी शिकायत आदि के लिये उपभोक्ता गण शहर स्थित शिकायत केन्द्रों में सम्पर्क कर सकते हैं। प्रमुख शिकायत केन्द्रों के दूरभाष नंबर यथानुसार है- नेहरूनगर के नेहरू नगर जोन 7089905378, इंदु चौक 8871581532, गोल बाजार 07752403586, कोनी 9425532398, सरकंडा 6232047137 तथा तोरवा क्षेत्र में तोरवा 07752427039, आर. के. नगर 07752240033, व्यापार विहार 07752427032, पीजीबीटी लिंक रोड 07752427040 तथा सिरगिट्टी के

हिन्दी, अंग्रेजी व छत्तीसगढ़ी में कर सकते हैं शिकायत

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का 1912 दिन-रात क्रियाशील रहता है। इस नंबर पर उपभोक्तागण किसी भी समय 1912 पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पॉवर कंपनी के बिजली मितान बॉट वाट्सऐप नंबर 9425551912 पर भी बिजली आपूर्ति, ट्रांसफॉर्मर खराबी एवं बिजली संबंधित शिकायत आसानी से दर्ज करा सकते हैं।

बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 8 दिन रहेगी रद्द

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के सीनी व कान्ड्रा सेक्शन के मध्य अधोसंरचना कार्य हेतु टीआरटी ब्लॉक लिया जायेगा, जिसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित निम्न गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रद्द होने वाली गाडियो- 6, 09, 13, 16 मई को टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 7, 10, 14, 17 मई को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

फिल्म 'माय करियर माय चॉइस' के पोस्टर का डिप्टी सीएम साव ने किया विमोचन

■ आर्यन फिल्म की अवेयरनेस

बिलासपुर /नवप्रदेश। आर्यन फिल्म लगातार समाजिक मुद्दे पर लोगों को जन जागरूक करने के लिए अवेयरनेस फिल्म बना रही है इसी कड़ी मे बिलासपुर के भूतपूर्व कलेक्टर अवनीश शरण (आईएएस) के मार्गदर्शन में माई करियर माई चॉइस अवेयरनेस शार्ट फिल्म बनाई हैं जिसका पोस्टर लॉन्चिंग छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री अरुण साव के हाथो हुआ उस समय टीम के तरफ से आर्यन फिल्म के डायरेक्ट रामा नन्द तिवारी, एक्टर दीपक दुबे और टीम मेंबर सीमा वर्मा उपस्थिति थी। इस फिल्म मे दिखाया गया कि आज के डिजिटल युग मे कॉलेज डिग्री के साथ, अन्य बहुत से करियर ऑप्शन (जैसे यूट्यूबर) हैं जिसमे बच्चे अपने रूचि के अनुसार करियर बना सकते हैं। फिल्म मे मुख्य भूमिका मे अखिलेश पाण्डेय, आरती पाण्डेय, दीपक दुबे, सोनल दुबे, अमित शुक्ला हैं। डीपीओ पप्पू ठाकुर और मनहरन सिंह, मेकअप मैन राम अवतार और एडिटिंग हेमू साहू ने किया।

लिंगियाडीह प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव अभ्युदय का आयोजन

मैत्री पथ संस्था ने किया आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था 'मैत्री पथ' के संरक्षण में, लिंगियाडीह प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव अभ्युदय उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण जीवंत हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, पार्षद लिंगियाडीह वार्ड क्रमांक 52 दिलीप पाटिल, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं 'मैत्री पथ' संस्था की अध्यक्षा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि का स्वागत पौधारोपण टोकन एवं मंगलगीत के माध्यम से किया गया। विद्यार्थियों ने गणेश अथर्वशीर्ष के मंत्रोच्चारण से वातावरण को पवित्रता प्रदान की, जिसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सुंदर आयोजन हुआ। बच्चों ने नशा मुक्ति पर आधारित एक प्रभावी नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इस नाटक में यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर ईश्वरतुल्य शक्तियाँ विद्यमान हैं, जिनके सहारे वह स्वयं ही नशा जैसी बुराइयों से मुक्ति पा सकता है। इसके उपरांत निर्वाण षटकम् का सस्वर उच्चारण करते हुए बच्चों ने चिदानंदरूपः शिवोऽहम् शिवोऽहम् का संदेश दिया।

निर्वाचन आयोग एकल बिंदु ऐप जल्द करेगा लॉन्च

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक प्रमुख पहल के रूप में भारत निर्वाचन आयोग एक नया उपयोगकर्ता-मित्र डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विकसित कर रहा है, जो मतदाताओं सहित निर्वाचन से जुड़े सभी हितधारकों–जैसे कि निर्वाचन अधिकारी, राजनीतिक दल और नागरिक समाज–के लिए होगा। यह एकल प्लेटफ़ॉर्म, ईसीनेट, आयोग के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन को एकीकृत करेगा। ईसीआईनेट एक आकर्षक यूजर इंटरफेस और सरल यूजर एक्सपीरियंस प्रदान करेगा, जिससे सभी चुनावी गतिविधियाँ एक ही मंच से पूरी की जा सकेंगी। इससे उपयोगकर्ताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और अलग-अलग लॉगिन याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इस मंच की कल्पना मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान की गई थी, जिसमें निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित थे। ईसीआईनेट उपयोगकर्ताओं को डेस्कटॉप या स्मार्टफोन के माध्यम से चुनावी डेटा तक पहुंच प्रदान करेगा।

पूजा-अर्चना महोत्सव की शुरुआत रुद्राभिषेक, देवी त्रिपुरसुंदरी सहित अन्य देवियों के विशेष पूजन, श्रृंगार व छप्पन भोग अर्पण के साथ हुई

बगलामुखी प्राकट्य महोत्सव शुरु, दुर्लभ दर्शन का बना संयोग

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में मां बगलामुखी प्राकट्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। पुष्य नक्षत्र एवं अष्टमी तिथि के पावन योग में मां का षोडश मंत्रों से अभिषेक व श्रृंगार कर सहस्त्रार्चन किया गया।

महोत्सव की शुरुआत रुद्राभिषेक, देवी त्रिपुरसुंदरी सहित अन्य देवियों के विशेष पूजन, श्रृंगार व छप्पन भोग अर्पण के साथ हुई। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने जानकारी दी कि मां बगलामुखी को पीला रंग अति प्रिय है, अतः पीले फूल, फल एवं वस्त्र से पूजन करने से देवी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को बगलामुखी देवी एवं दुर्लभ पारद शिवलिंग के संयुक्त दर्शन प्राप्त हो रहे हैं, जो एक अद्वितीय संयोग है। यह शिव-शक्ति की संयुक्त कृपा से युक्त दर्शन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। पारद शिवलिंग की पूजा से आर्थिक समृद्धि, वैभव और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। वहीं मां बगलामुखी की कृपा से शत्रु बाधाओं से मुक्ति मिलती है। मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने इस दुर्लभ संयोग का लाभ उठाया और सुख-शांति की कामना की। यह आयोजन भक्तों के लिए आत्म-साक्षात्कार और साधना की दृष्टि से अत्यंत फलदायी बताया जा रहा है।

बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या

डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं और उन्हें पीताम्बरा भी कहा जाता है। इनकी उपासना से वाद-विवाद में विजय, रोग निवारण, मुकदमों से मुक्ति, विवाह बाधा जैसी समस्याओं का समाधान होता है। देवी सच्चे भक्त को तीनों लोकों में अजेय बनाती हैं और उसे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाती हैं।

न्यूज गैलरी

वॉट्सऐप में बड़ा बदलाव: अब ब्रॉडकास्ट मैसेज भेजने की लिमिट तय!

नई दिल्ली। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप अपने करोड़ों यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाने और प्लेटफॉर्म पर स्पैम को कम करने के लिए एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। मेटा के स्वामित्व वाले वॉट्सऐप ने अब ब्रॉडकास्ट मैसेज भेजने की संख्या को सीमित करने का फैसला किया है। यह नया फीचर फिलहाल वॉट्सऐप के एंड्रॉयड बीटा वर्जन 2.25.14.15 में देखा गया है और इसकी टेस्टिंग शुरू हो चुकी है। इस अपडेट का असर सामान्य वॉट्सऐप अकाउंट के साथ-साथ बिजनेस अकाउंट्स पर भी पड़ने की उम्मीद है। वॉट्सऐप ब्रॉडकास्ट मैसेज के लिए मंथली लिमिट सेट करेगा। टेस्टिंग फेज में, यूजर्स को हर महीने केवल एक तय संख्या (संभवतः 30) में ही ब्रॉडकास्ट मैसेज भेजने की अनुमति मिल सकती है। यह कदम अनावश्यक और बल्क मैसेजिंग पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। ब्रॉडकास्ट मैसेज वॉट्सऐप का एक फीचर है जिसके जरिए आप एक ही मैसेज को अपनी कॉन्टैक्ट लिस्ट में मौजूद कई लोगों को एक साथ भेज सकते हैं। हालांकि, यह मैसेज प्राप्तकर्ता को एक पर्सनल चैट के तौर पर मिलता है, जिससे उन्हें यह पता नहीं चलता कि यह मैसेज और कितने लोगों को भेजा गया है, जो ग्रुप चैट से अलग होता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगर किसी यूजर को तय लिमिट से ज्यादा लोगों तक अपनी बात पहुंचानी है, तो उन्हें वॉट्सऐप स्टेटस या चैनल्स जैसे विकल्पों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। फिलहाल, वॉट्सऐप या मेटा की ओर से इस नए ब्रॉडकास्ट लिमिट फीचर को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन बीटा वर्जन में इसकी उपस्थिति से साफ है कि कंपनी इस पर काम कर रही है और जल्द ही इसे सभी यूजर्स के लिए रोल आउट किया जा सकता है। यह बदलाव प्लेटफॉर्म पर अनचाहे संदेशों की बाढ़ को रोकने में मददगार साबित हो सकता है।

एयरटेल बिज़नेस ने कंपनियों के लिए 'बिज़नेस नेम डिस्प्ले' (बीएनडी) सेवा की शुरुआत की

रायपुर। एयरटेल बिज़नेस ने 'बिज़नेस नेम डिस्प्ले' (बीएनडी) सेवा के लॉन्च की घोषणा की है। यह सेवा उद्योग में अपनी तरह की पहली, नई तकनीक पर आधारित सुविधा है, जिसका उद्देश्य कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच होने वाले संवाद को अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाना है। इस सेवा के ज़रिए कंपनियां, अपनी आउटगोइंग कॉल्स के दौरान ग्राहकों के मोबाइल स्क्रीन पर अपना ब्रांड नाम प्रदर्शित कर सकेंगी, जिससे ग्राहकों को भरोसेमंद बिज़नेस कॉल्स और स्पैम कॉल्स के बीच आसानी से अंतर करने में मदद मिलेगी। एयरटेल ने अपने ग्राहकों को स्पैम कॉल्स से राहत दिलाने के लिए भारत का पहला स्पैम-रोधी नेटवर्क शुरू किया है। इस पहल को देशभर में चलाए गए एक बड़े जनजागरूकता अभियान के ज़रिए ग्राहकों तक पहुंचाया गया, ताकि वे इस समस्या को बेहतर तरीके से समझ सकें और सतर्क रह सकें। इस पहल के चलते एक ओर जहां स्पैम कॉल्स को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने अनजान या स्पैम के रूप में चिन्हित कॉल्स को अनदेखा करना शुरू किया, वहीं दूसरी ओर इसका एक अनचाहा असर यह हुआ कि कई ब्रांड्स की कॉल्स भी स्पैम के तौर पर टैग हो गईं। इस वजह से ग्राहक कई बार बैंकों, फूड डिलीवरी, कूरियर सेवा या डॉक्टर की ज़रूरी अपॉइंटमेंट जैसी अहम कॉल्स मिस कर देते थे। 'बिज़नेस नेम डिस्प्ले' इस समस्या का सीधा और सुरक्षित समाधान है। यह सेवा हर इनकमिंग कॉल में कंपनी का नाम दिखाकर ग्राहकों को स्पष्ट जानकारी देती है, जिससे वे सोच-समझकर फैसला ले सकें। इससे कंपनियां अपनी पहचान बेहतर ढंग से बना सकती हैं और ग्राहक धोखाधड़ी से सुरक्षित रहते हैं, जिससे एक भरोसेमंद और सुरक्षित संचार का माहौल बनता है।
एयरटेल बिज़नेस के डायरेक्टर एवं सीईओ, शरत सिन्हा ने कहा, ÷एयरटेल में हमारा निरंतर प्रयास एक ऐसा संचार अनुभव देने का है जो स्मार्ट, सुरक्षित और पारदर्शी हो।

सीबीडीटी ने आयकर अधिकारियों को दिया है अहम आदेश

अग्रिम कर जमा करने वाले करदाताओं पर रखें बारीक नजर

नई दिल्ली। सीबीडीटी ने आयकर अधिकारियों को आदेश दिया है कि छूट और कटौती के फर्जी दावों की पहचान करनी होगी। बोर्ड ने अग्रिम कर जमा करने वाले शीर्ष करदाताओं पर बारीक नजर रखने को भी कहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड यानी सीबीडीटी ने आयकर अधिकारियों को चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह में सुधार की रणनीति के तहत अग्रिम कर जमा करने वाले शीर्ष करदाताओं पर बारीक नजर रखने का आदेश दिया है। साथ ही, छूट व कटौती के फर्जी दावों की पहचान करने का भी निर्देश दिया है। अग्रिम कर वह राशि है जो एक वित्त वर्ष में चार किस्तों के जरिये हर तिमाही के अंतिम महीने की 15 तारीख से पहले अग्रिम रूप से चुकाई जाती है। सीबीडीटी ने 2025-26 के लिए केंद्रीय कार्ययोजना (सीएपी) जारी की है। यह योजना राजस्व संग्रह के संबंध में विभाग के लिए प्रमुख प्रदर्शन क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है। फरवरी में पेश बजट अनुमानों के अनुसार, केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष करों के तहत 25.20 लाख करोड़ का लक्ष्य रखा है। इसमें कॉरपोरेट कर से 10.82 लाख करोड़, गैर-कॉरपोरेट कर 13.60 लाख करोड़ रुपये और प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 78,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य शामिल है। 2024-25 के लिए शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह लक्ष्य से थोड़ा चूक गया है। यह 13.57 प्रतिशत बढ़कर 22.26 लाख करोड़ से अधिक रहा है। फरवरी में पेश बजट में लक्ष्य को संशोधित कर 22.37 लाख करोड़ कर दिया गया था। जुलाई, 2024 में यह 22.07 लाख करोड़ था। सीएपी ने आयकर विभाग को कर भुगतान के नकारात्मक रुझानों से निपटते हुए

बेहतर कर संग्रह के लिए क्षेत्रीय विश्लेषण करने का सुझाव दिया है।सीएपी का सुझाव है कि जहां राजस्व अपेक्षित स्तर पर नहीं है, वहां उचित कार्रवाई की जाए। विभाग को बकाया व चालू मांग को इकट्ठा करने पर विशेष जोर देने और गवर्नेंस का पालन नहीं करने वाले करदाताओं पर कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। आयकर आयुक्त (अपील) ने 2024-25 में 1.95 लाख करोड़ रुपये की मांगों की पुष्टि की है। मूल्यांकन अधिकारियों को चालू वित्त वर्ष के भीतर इस राजस्व को वसूलने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा गया है। सीएपी ने कर विभाग से कार्यक्रम आयोजित करने और करदाताओं के बीच कटौतियों और छूटों के सही दावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें अपडेट आयकर रिटर्न दाखिल करने के बारे में शिक्षित करने को भी कहा है। इससे सही आय की सूचना देने से चूक गए लोगों को समय मिलेगा। इन प्रयासों से संभावित रूप से नई कर व्यवस्था को चुनने वाले करदाताओं की संख्या में वृद्धि होगी। इस व्यवस्था में कोई कटौती या छूट नहीं है जिससे कटौतियों के दुरुपयोग में कमी आएगी। कर विभाग को शीघ्र रिफंड जारी करने के लिए भी कहा गया है, ताकि ब्याज भुगतान और समग्र बजट पर नकारात्मक प्रभाव से बचा जा सके। विभाग ने 2024-25 के दौरान अब तक का सबसे अधिक 4.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया। 2023-24 में जारी 3.78 लाख करोड़ रुपये के रिफंड की तुलना में 26.04 प्रतिशत अधिक है।

पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात छह गुना बढ़कर 3.25 लाख करोड़ से अधिक हुआ

इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम ने 10 वर्षों में 25 लाख नौकरियां पैदा कीं : अश्विनी

नई दिल्ली। केंद्रीय रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग ने 11 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर पिछले 10 वर्षों में पांच गुना वृद्धि दर्ज करवाई है। साथ ही यह पूरा इकोसिस्टम 25 लाख नौकरियां पैदा करने में सक्षम रहा। हरियाणा के मानेसर में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज की एसएमटी (सरफेस माउंट टेक्नोलॉजी) लाइन का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात छह गुना बढ़कर 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। यह वीवीडीएन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सर्वर, नेटवर्किंग इक्विपमेंट और मदरबोर्ड जैसे लार्ज और कॉम्प्लेक्स प्रोडक्ट्स को मैन्युफैक्चर करने में मददगार होगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम करने और भारत के सप्लाई चेन को मजबूत करने में भी

मदद मिलेगी।केंद्रीय मंत्री ने कहा, वैश्विक बाजारों में भारतीय उत्पादों को उनकी विश्वसनीयता बनाए रखने और आई अधिकारों के सम्मान का फायदा मिलता है। इन उत्पादों को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल रही है।उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में स्वीकृत 22,919 करोड़ रुपए की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स पीएलआई इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को बेहतर बनाने में अहम होगी। उद्घाटन समारोह डिजाइन और मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहलों के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित हुआ, जो इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद इंजीनियरिंग और हाई-वॉल्यूम मैन्युफैक्चरिंग में भारत की घरेलू क्षमताओं की बढ़ती ताकत को दिखाता है। नई उद्घाटित एसएमटी लाइन वीवीडीएन की सबसे बड़ी लाइन है, जो 850 मिमी × 560 मिमी तक के पीसीबी साइज को सपोर्ट करती है और इसकी हाई-स्पीड कैपेसिटी 2,50,000 सीपीएच (कंपोनेंट पर आवर) है। केंद्रीय मंत्री ने अपने विजिट के दौरान वीवीडीएन की आरएंडडी लैब्स (सर्वर आरएंडडी लैब, 5जी आरएंडडी लैब और वीडियो इमेज ट्यूनिंग लैब) का भी दौरा किया। उन्होंने वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज में भारत के एआई सर्वर आदिपोली को भी देखा।

तीन करोड़ किराना दुकानों को खतरे में डाल रहे डार्क स्टोर

नई दिल्ली। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा, इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। उन्होंने ई कॉमर्स कंपनियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), जो देशभर के 9 करोड़ से अधिक छोटे व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, ने 16 से 18 मई 2025 तक नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश के वृंदावन में एक निर्णायक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की है। इसका मकसद विदेशी निवेश वाली ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियां, जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी, इंस्टामार्ट, जेप्टो और अन्य इसी तरह की प्रमुख कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक व अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाना और उसे सक्रिय करना है। कैट का कहना है कि ये कंपनियां, एफडीआई का दुरुपयोग कर रही हैं तो वहीं नियामक उल्लंघन करने से भी पीछे नहीं हट रही हैं। इन कंपनियों की डार्क स्टोर्स जैसी नीतियां, देशभर में 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों की आजीविका खतरे में डाल रही हैं। इसके चलते देशभर के 9 करोड़ व्यापारी सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं। यह विरोध सभी राज्यों में किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा, इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। उन्होंने ई कॉमर्स कंपनियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कैट का आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास के बजाए घाटे की भरपाई और चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से गहरी छूट देने के लिए किया है, जो एफडीआई मानदंडों का उल्लंघन है। ये प्लेटफॉर्म प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 का उल्लंघन करते हुए विशेष समझौतों में प्रवेश कर रहे हैं। मूल्य निर्धारण में हेरफेर कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहे हैं, जिससे बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता विकल्प सीमित हो रहे हैं। देश भर में डिलीवरी के लिए कई डार्क स्टोर्स का संचालन एफडीआई नीतियों का सीधा उल्लंघन है, जो ई-कॉमर्स संस्थाओं को इन्वेंट्री बनाए रखने और खुदरा आउटलेट स्थापित करने से प्रतिबंधित करती हैं।

एए/ईओयू/एसईजेड इकाइयों तक आरओडीटीईपी योजना के विस्तार की बढ़ती अपील में फिक्की ने दिया अपना समर्थन

रायपुर। आरओडीटीईपी योजना के भविष्य को लेकर उत्पन्न अनिश्चितता के संदर्भ में निर्णायक कदम उठाते हुए, भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय को औपचारिक रूप से एक पत्र लिखकर एडवांस ऑथोराइज़ेशन (एए), एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट्स (ईओयू) और स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) के तहत काम करने वाली इकाइयों के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्कों या करों में छूट (आरओडीटीईपी) योजना के तत्काल विस्तार की माँग की है। फिक्की ने वाणिज्य मंत्रालय को लिखे पत्र में 5 फरवरी, 2025 के बाद इन एक्सपोर्ट ओरिएंटेड जोन में स्थित इकाइयों के लिए आरओडीटीईपी लाभ की समाप्ति पर चिंता जाहिर की है और मंत्रालय से आग्रह किया है कि कम से कम 30 सितंबर, 2025 तक विस्तार की अधिसूचना में तेजी लाई जाए। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए फिक्की ने इस जरूरत पर जोर दिया है कि भारतीय मैन्युफैक्चरिंग की लागत प्रतिस्पर्धी बनाए रखने हेतु और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए एए/ईओयू/एसईजेड इकाइयों को इस योजना के तहत बरकरार रखा जाना चाहिए। फिक्की का प्रतिनिधित्व फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (एफआईएमआई) और एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) जैसे शीर्ष उद्योग निकायों द्वारा हाल ही में किए गए इसी तरह के प्रस्तुतीकरण के बाद आया है, जो वैश्विक व्यापार के बारे में उद्योग जगत की आशंकाओं को दर्शाता है। भारत के उद्योग को आगे ले जाने में एल्युमीनियम की प्रमुख भूमिका है, जिसमें 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक देश बन गया है।

सरकारी खनन कंपनी का रिकॉर्ड प्रदर्शन, अप्रैल में उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी ने अप्रैल में रिकॉर्ड उत्पादन किया है और उसके लौह अयस्क उत्पादन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, बिक्री में 3 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है।एनएमडीसी ने बयान में कहा कि कंपनी ने अप्रैल में 4 मिलियन टन (एमएनटी) लौह अयस्क का उत्पादन किया है, जो कि पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 3.48 एमएनटी से 15 प्रतिशत अधिक है।इसके साथ ही बीते महीने एनएमडीसी की लौह अयस्क की बिक्री 3.63 एमएनटी रही है, जो कि अप्रैल 2024 की 3.53 एमएनटी की बिक्री से 3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का पेलेट उत्पादन 0.23 लाख टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2018 में अप्रैल के पिछले रिकॉर्ड

को पार कर गया। कंपनी के शानदार प्रदर्शन पर एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा, अप्रैल में हमारा रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, साथ ही हमारी प्रमुख लौह अयस्क खदानों किरंदुल, बचेली और दोणिमलाई से पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमशः 12 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 88 प्रतिशत की वृद्धि ने हमारी अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है और 2030 तक 100 मीट्रिक टन खनन कंपनी बनने के हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है।स्टील मंत्रालय के तहत आने वाली एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी है।लौह अयस्क एक महत्वपूर्ण खनिज होता है और इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से स्टील बनाने में किया जाता है और इसे दुनियाभर में स्टील के उत्पादन का आधार माना जाता है। इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी से अलग हुई कंपनी एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने कहा कि अप्रैल में कंपनी के हॉट मेटल उत्पादन में 8.5 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की है और उत्पादन बढ़कर 2,30,111 टन हो गया है जो मार्च में 2,11,978 टन था।

खेल

वॉलीबॉल टूर्नामेंट पाकिस्तान से उज्बेकिस्तान हुआ ट्रांसफर

***भारत ने पड़ोसी देश को दिया एक और झटका**

नईदिल्ली। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से भारत पाकिस्तान के बीच तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया है. हमले में 26 लोगों की जान जाने से पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा है. हर कोई सरकार से पड़ोसी देश के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहा है।

जिसकी वजह से भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले भी ले चुका है और उनसे हर तरह के व्यापार को भी बंद करने का ऐलान कर दिया है. दोनों देशों के इस तनाव का असर खेल पर भी पड़ा है. जिसमे क्रिकेट सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, अब इस तनाव की चपेट में एक और खेल वॉलीबॉल भी आ गया है। दरअसल मध्य एशियाई वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन इस साल मई में पाकिस्तान में होना था लेकिन पहलगाम आतंकी

हमले के बाद भारत ने इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था, क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया है. जिसके बाद मध्य एशिया वॉलीबॉल संघ (सीएवीए) ने इस टूर्नामेंट को उज्बेकिस्तान में ट्रांसफर कर दिया। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ (पीवीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मध्य एशिया वॉलीबॉल संघ (सीएवीए) ने इस आयोजन को उज्बेकिस्तान में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है. अधिकारी ने कहा, भारत के टूर्नामेंट से हटने से पाकिस्तान वॉलीबॉल को बड़ा झटका लगा है. लेकिन हम सीएवीए की आम सभा के निर्णय को पूरी तरह सही समझते हैं।

अधिकारी ने ये भी कहा, भारतीय वॉलीबॉल अधिकारियों ने क्षेत्रीय निकाय को सूचित किया है कि उनकी सरकार ने पहलगाम में हुई घटना के बाद टूर्नामेंट के लिए उन्हें पाकिस्तान जाने के लिए दी जाने वाली एनओसी रद्द कर दिया है। बता दें कि पाकिस्तान, ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट की निर्धारित तिथियों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जो 28 मई से अब इस्लामाबाद के बजाए ताशकंद में आयोजित होगा।

अर्शदीप सिंह ने 3 बल्लेबाज को आउट किया

धर्मशाला। आईपीएल 2025 का 54वां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मैच में पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पावर प्ले में कमाल का स्पैल डालकर 237 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही लखनऊ की कमर तोड़ कर रख दी।

इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने लखनऊ की पारी तीसरे और अपने दूसरे में धमाल मचाया. उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर शानदार फॉर्म में चल रहे मिशेल मार्श को शून्य के स्कोर पर नेहाल वढेरा के हाथों कैच आउट कराया. इस ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने लखनऊ के दूसरे सलामी बल्लेबाज एडेन मार्कराम को 13 रनों के निजी स्कोर पर बोल्ड कर उनकी गिल्लियां बिखेर दीं। अर्शदीप सिंह यहीं नहीं रूके और उन्होंने अपने तीसरे और एलएसजी की पारी के पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर इनफॉर्म बल्लेबाज और लखनऊ के बल्लेबाजी क्रम की

रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले निकोलस पूरन को भी पवेलियन की रहा दिखा दी. अर्शदीप ने पूरन को 6 रनों के निजी स्कोर पर एलबीड्ब्ल्यू आउट किया. अर्शदी सिंह अब तक 3 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटका चुके हैं। इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 236 रन बनाए. पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 48 बॉल में 6 चौके और 7 छक्कों के साथ 91 रनों की पारी खेली. कप्तान अय्यर ने 25 बॉल में 4 चौके और 2 छक्के के साथ 45 रन बनाए. जोस इंग्लिस ने 30 और शशांक सिंह ने 33 रनों का योगदान दिया. लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी और आकाश सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए. लखनऊ की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवर में 145 रनों पर 5 विकेट गंवा चुकी है।

संक्षिप्त खबरें

डीईओ ऑफिस में एसीबी का छापा घूस लेते बाबू रंगे हाथ गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ कार्यालय में आज,ष्ठक्क ने छापेमार कार्रवाई की है। एसीबी ने यहां पदस्थ सहायक ग्रेड-2 मोहम्मद फरीद फारुखी को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। इस कार्रवाई से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति ने एसीबी में शिकायत की थी कि उसे डीईओ कार्यालय में विभागीय कार्य करने के एवज में रिश्वत देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि पहले ही आरोपी ने उससे 5,000 रुपये ले लिए हैं। इसके बाब और 10,000 रुपये की और मांग कर दबाव बनाया जा रहा है. शिकायत मिलने पर एसीबी की टीम ने सोमवार को योजनाबद्ध तरीके से आरोपी फारुखी को घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल एसीबी आरोपी से पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर हुआ आईईडी ब्लास्ट, चपेट में आने से 2 जवान घायल

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफऑपरेशन सोमवार को 14 वें दिन भी जारी है. इस ऑपरेशन के दौरान एक एसटीएफ के 2 जवान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गए।आईईडी ब्लास्ट होने से जवानों के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई है। घटना के बाद तत्काल जवानों को कैंप लेजाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चॉपर से बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, घायल जवानों में से एक जवान का नाम थानसिंह व दूसरे जवान का नाम अमित पांडे हैं। नक्सलियों के खिलाफजारी ऑपरेशन के तहत दोनों जवान एसटीएफ टीम के साथ कर्रेगुट्टा के पहाड़ी में सर्चिंग कर रहे थे. इसी दौरान वे नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गए। फिलहाल घायल जवानों का इलाज जारी है।

छत्तीसगढ़ : सड़क हादसे में बीजेपी विधायक की बेटी घायल

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में विधायक भूलन सिंह मरावी की बेटी सोमवार को सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। कलेक्ट्रेट गेट के पास मोड़ने के दौरान स्कूटी और मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। हादसे में विधायक की बेटी को चोटें आई है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रामानुज नगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, विधायक की बेटी स्कूटी पर सवार होकर बिश्रामपुर से कोट पटना जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गई। घटना के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है। घटना की सूचना पर विधायक भुलन सिंह मरावी और उनके समर्थक जिला चिकित्सालय पहुंचे हैं।

अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर राजस्थान से गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस की एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना सिविल लाईन की संयुक्त टीम ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। दिनांक 04 मई 2025 को रिंग रोड नं. 01, पुराना राजेन्द्र नगर स्थित सीजी 04 ढाबा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को गांजा के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राइम संजय सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन अजय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में कार्यवाही की गई। मुखबिर की सूचना पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सिविल लाईन पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके से पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रतन सिंह पिता विजय सिंह उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम चौपास चौका थाना राजीव गांधी नगर एवं विष्णु कॉलोनी, कमला नेहरू नगर, जोधपुर (राजस्थान) बताया। आरोपी के कब्जे से 8.410 किलोग्राम अवैध गांजा एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत लगभग 1,00,000 आंकी गई है।

सूने मकान में चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना सिविल लाईन पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सूने मकान की खिड़की तोड़कर नगदी और जेवरात चोरी करने वाले शातिर चोर पुष्पेन्द्र देवांगन और एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया कुल 80,000 मूल्य का सामान बरामद किया गया है, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण और नगदी रकम शामिल है। घटना के संबंध में प्रार्थी मोह. इब्राहिम ने 02 मई 2025 को थाना सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह 24 अप्रैल को अपने रिश्तेदार की शादी में परिवार सहित गया हुआ था और 29 अप्रैल को मौलाना कमाल के फोन पर पता चला कि उसके घर की खिड़की टूटी हुई है। जब वह घर पहुंचा, तो देखा कि घर में घुसकर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के गहने और नगदी कुल 90,000 की चोरी कर ली है। इस रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 189/25, धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

ढोढ़ी का गंदा पानी पीने मजबूर पंडो जनजाति सालों से खराब हैंडपंप, प्रशासन बेखबर

यशवंत राजवाड़े

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। प्रदेश में सरकार किसी भी पार्टी की रही हर सरकार आम जनों व ग्रामीणों तक सीधे पहुँच रखने ग्राम सुराज,भेंट मुलाकात अब सुशासन तिहार मना रही फिर भी पंचायत में जानकारी के अभाव में ग्रामीण जल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। लोग गंदा पानी पीना मजबूरी हैं। यह मामला कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से महज 13 किलोमीटर दूर स्थित चम्पाझर ग्राम पंचायत का है। जहां परसापानी गांव में पंडो जनजाति के 37 परिवार आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन गुजार रहे हैं। चम्पाझर ग्राम पंचायत के इस आश्रित ग्राम में वर्षों से एकमात्र हैंडपंप खराब पड़ा है, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत तक नहीं हो पाई। परिणामस्वरूप, यह समुदाय आज भी एक दूषित जल स्रोत 'एल ढोढ़ी' पर निर्भर है, जो चारों ओर से पहाड़ियों से घिरा हुआ है और जहां तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को कठिन पैदल रास्ता तय करना पड़ता है।

यह ढोढ़ी पीने के पानी का एकमात्र स्रोत है, लेकिन इसका पानी बेहद गंदा और असुरक्षित हैं। महिलाएं इसे कपड़े से छानकर बर्तनों में भरकर घर लाती हैं। यही पानी पीने, नहाने और कपड़े धोने जैसे रोजमर्रा के कार्यों में भी उपयोग होता है। गर्मी के मौसम में यह जल स्रोत और अधिक दूषित हो जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा है। पंडो जनजाति, जो कि विशेष रूप से संरक्षित वर्ग में आती है, उनके लिए यह स्थिति बेहद चिंता का विषय है।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से यह गांव भले ही सड़क मार्ग से जुड़ चुका है, लेकिन अब भी स्वास्थ्य और स्वच्छ पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएं यहां केवल एक उम्मीद बनकर रह गई हैं। स्थानीय पंडो लोगों का कहना है कि उन्हें आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर नहीं मिला, और वे आज भी कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। इसके साथ ही उन्हें वर्षों से तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि भी नहीं मिली है, जिससे उनका आर्थिक संकट और गहराता जा रहा है।

जनजातीय अधिकारों की खुली अनदेखी

वर्षों से खराब पड़े हैंडपंप और प्रशासन की चुप्पी जनजातीय अधिकारों की खुली अनदेखी को दर्शाती है। जबकि सरकार द्वारा पंडो जनजाति के लिए कई विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन परसापानी जैसे गांवों में उनका कोई प्रभाव नहीं दिखता। यह लापरवाही न केवल सरकारी दावों पर सवाल खड़े करती है, बल्कि जनजातीय समुदाय के अस्तित्व पर भी संकट पैदा कर रही है।

ग्रामीणों की मांग: स्वच्छ पानी की व्यवस्था हो तत्काल

ग्रामीणों ने मांग की है कि परसापानी गांव में तुरंत नया हैंडपंप लगाया जाए, या सोलर पेयजल योजना के तहत सुरक्षित पानी की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, आवास योजना का लाभ और तेंदूपत्ता की लंबित राशि भी शीघ्र दिलाई जाए, ताकि यह उपेक्षित जनजातीय समुदाय सम्मान और अधिकार के साथ जीवन जी सके।

सड़क हादसे में चार की मौत : तेज रफ्तार बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत

दो युवकों की हुई मौत, इधर ट्रक में जिंदा जला ड्राइवर, बायपास में पलटी माजदा

कोरबा/बलरामपुर, बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में रफ्तार के कहर देखने को मिला है। कहीं दो ट्रक में भिड़ंत के बाद आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। तो कहीं दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर से सड़क खून से सन गई। अलग-अलग भीषण सड़क दुर्घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। ये एक्सीडेंट्स कोरबा, बलरामपुर और बिलासपुर जिले में हुए हैं।

पहली दुर्घटना कोरबा जिले से सामने आया है। जहां दर्री थाना क्षेत्रान्तर्गत गेरवाघाट पुल के आगे एक ट्रक तेज रफ्तार में खड़ी हुई दूसरी ट्रक से जा टकराई। जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

आग लगने के बाद एक ट्रक का चालक केबिन में फंस गया और बाहर नहीं निकल सका। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय परमेश्वर मांझी, निवासी पथलगांव के रूप में हुई है। वहीं, दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अनियंत्रित ट्रेलर ने माजदा को मारी टक्कर, बड़ा हादसा : बिलासपुर के रतनपुर बायपास में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार ट्रेलर और माजदा के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। दर्दनाक हादसे में एक की मौत हो गई है, जबकि 2 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के बाद एक वाहन मुख्य मार्ग पर और दूसरी सड़क किनारे पलट गई है। सूचना के बाद रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक, कोरबा की ओर से आ रही ट्रेलर ने अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही माजदा को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में एक की मौत हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बलरामपुर में रफ्तार का कहर

जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई। हादसे में 2 युवकों की मौत हुई है। घटना कुसमी थाना क्षेत्र के कसमार मोड़ की है। मृतक में एक नाबालिग भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक, रातशिली युवक सोनू एक्का सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। दूसरा मृतक डिंडो निवासी अयाज घर के कपड़े लेने के लिए करकेली गांव गया था। दोनों वापस लौट रहे थे, गलफुला नदी के पास दोनों की बाइक आमने-सामने से टकरा गई।

अमलेश्वर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 15 जुआरी हिरासत में

अमलेश्वर/दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, ग्रामीण पुलिस एडीशनल एसपी अभिषेक झा, एसडीओपी अनूप लकड़ा के अनुसार थाना अमलेश्वर टी आई ममता अली शर्मा ने मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने सत्या फार्म हाउस पर छापामारी की और 15 जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

अमलेश्वर थाना प्रभारी ममता अली शर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सत्या फार्म हाउस के गार्डन में जुआ का फड़ चल रहा है। मौके पर टीम रवाना की गई। जहां ताश पत्ती से जुआ खेल रहे थे। मौके से 15 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1 लाख 24 हजार रुपए नगदी, ताश पत्ती और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम का मामला दर्ज किया है।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए जुआरी रायपुर और दुर्ग जिले के रहने वाले हैं। जुआरी फार्म हाउस के गार्डन में बैठकर ताश-पत्ती से जुआ खेल रहे थे। पकड़े गए जुआरियों में मोरध्वज उर्फ मोनू साहू, सुरेश बिजवानी, पवन सोनकर, दुर्गेश विश्वकर्मा, महेन्द्र वर्मा, सुरेश कुमार, रामू तांडी, राजेश चंद्रवंशी, उमेश यादव, डिकेश्वर सोनकर, ईश्वर सोनकर, चुम्मन देवांगन, हेमलाल निषाद, दीपक वर्मा, दीपक ध्रुव शामिल हैं।

विदेश यात्रा के नाम पर ठगी करने वाली फरार महिला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। विदेश यात्रा कराने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाली आरोपिया श्रद्धा राजपूत को रायपुर पुलिस ने 10 साल बाद गिरफ्तार कर लिया है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की है। मामले का मुख्य आरोपी कमर एजाज अहमद अब भी फरार है, जिसकी तलाश तेज कर दी गई है।

वर्ष 2015 में प्रार्थी अभिनव सोनी की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 498/2015, धारा 420, 409, 120बी भादवि. के तहत अपराध दर्ज किया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2014 में श्याम प्लाजा, पंडरी स्थित इमाम टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से एक फर्जी ऑफिस खोलकर श्रद्धा राजपूत और उसके सहयोगी कमर एजाज अहमद ने लगभग 20 से 25 लोगों से सिंगापुर, बैंकॉक, हांगकांग व गोवा यात्रा के नाम पर एडवांस में 35,20,000/- की ठगी की और फिर फरार हो गए। श्रद्धा राजपूत, जो ऑफिस में अकाउंटिंग और टेली का काम करती थी, लोगों से रकम वसूल कर कमीशन के बदले कंपनी में काम करने का झांसा देती थी। इस पूरी धोखाधड़ी में वह सक्रिय भूमिका में रही और घटना को अंजाम देने के बाद लंबे समय तक गुढ़ियारी क्षेत्र में छिपकर रह रही थी।

सुशासन तिहार | कोरबा जिले के पाली विकासखंड के ग्राम मदनपुर में उतरा मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर, समाधान शिविर में हुए शामिल

आम जनता की समस्याओं के निराकरण और जमीनी स्तर पर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की हकीकत जानने का माध्यम है सुशासन तिहार : मुख्यमंत्री साय

कोरबा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत कोरबा जिले के पाली विकासखण्ड के ग्राम मदनपुर में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन तिहार आमजन से सीधे संवाद और योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में हम प्रदेश के किसी भी कोने में बिना पूर्व सूचना के जाएंगे, वस्तुस्थिति जानेंगे और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के हर वादे को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए। किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य निर्धारित करते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई। महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में राशि पहुंचाकर उन्हें आर्थिक संबल दिया गया। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए पारिश्रमिक राशि 4 हजार से बढ़ाकर 5500 रुपये कर दी गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को पुनः प्रारंभ कर बुजुर्गों की आस्था को सम्मान देने की दिशा में कदम उठाया गया है।

गांव में ही मिलेंगी बैंक जैसी सुविधाएं

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि 24 अप्रैल से प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। अब ग्रामीणों को बैंक तक दौड़ने की जरूरत नहीं होगी। इन सेवा केंद्रों में राशि आहरण, जाति, निवास जैसे दस्तावेजों की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाते हुए नामांतरण प्रक्रिया को सरल बनाया है। अब भूमि की रजिस्ट्री के साथ-साथ नामांतरण भी एक घंटे से कम समय में संपन्न हो जाएगा, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक दौड़ धूप से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब पीएम आवास योजना के अंतर्गत पात्रता की शर्तों को शिथिल किया गया है। अब 5 एकड़ असिंचित या 2.5 एकड़ सिंचित भूमि वाले, दोपहिया वाहन रखने वाले और 15 हजार रुपये मासिक आय वाले हितग्राही भी योजना में पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि देश का हर गरीब परिवार पक्के मकान में रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com